संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, मंगलवार, 16 मई 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 132 पृष्ठ: 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में 287.36 करोड़ लागत की 102 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

# कर्नाटक में किसकी होगी ताजपोशी?

## सीएम का ऐलान आज संभवः विधायकों से बात कर लौटे ऑब्जर्वर्स रात तक खड़गे को सौंपेंगे रिपोर्ट, सिद्धारमैया भी दिल्ली रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** का मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका ऐलान मंगलवार को किया जा सकता है। बेंगलुरु में कांग्रेस ऑब्जर्वर्स सुशील कुमार शिंदे, दीपक बावरिया और भंवर जितेंद्र सिंह ने रविवार देर रात तक विधायकों से बातचीत की। ऑब्जर्वर्स दिल्ली पहुंच गए हैं। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि रात तक अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंपेंगे। बाकी लोगों से भी राय ली जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस महासचिव (संगठन) के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। इस बीच, सिद्धारमैया भी सोनिया और राहुल से मुलाकात करने दिल्ली रवाना हो चुके हैं। बेंगलुरु में ऑब्जर्वर्स ने होटल शांगरी-ला में विधायक दल की बैठक के दौरान एमएलए से 4-5 घंटे तक बातचीत की। कांग्रेस लीडर बीके हरि प्रसाद ने सोमवार को बताया कि मीटिंग में राय जानने के लिए सीक्रेट बैलट वोटिंग भी हुई।

**ली गई राय...**

**= कांग्रेस लीडर बीके हरि प्रसाद ने सोमवार को बताया कि मीटिंग में राय जानने के लिए सीक्रेट बैलट वोटिंग भी हुई**

**डीके बोले- हाईकमान बर्थडे पर क्या तोहफा देगा, पता नहीं:** डीके शिवकुमार के दिल्ली जाने पर अभी संशय है। डीके समर्थकों से मिलने के बाद मीडिया से भी मिले। उन्होंने कहा, "आज मेरा जन्मदिन है। कार्यकर्ता घर पर मिलने आ रहे हैं। पूजा-पाठ भी है। अभी दिल्ली जाने पर कोई फैसला नहीं किया है। हाईकमान पर फैसला छोड़ दिया है। मुझे जो काम सौंपा गया था, वो मैंने पूरा कर दिया है। मुझे नहीं पता, जन्मदिन पर हाईकमान मुझे क्या तोहफा देगा। कर्नाटक के लोग पहले ही हमें नंबर्स दे चुके हैं।" कांग्रेस नेता अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान कोई भी फैसला लेने से पहले सभी को भरोसे में लेगा और सबकी राय से फैसला करेगा।



**विधायक दल की मीटिंग में डीके ने केक काटा:** यह मीटिंग बेंगलुरु के शांगरी-ला में रविवार रात हुई। इस दौरान डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया मौजूद थे। सिद्धारमैया ने प्रस्ताव रखा कि मुख्यमंत्री का चुनाव खड़गे ही करें। डीके समेत बाकी विधायकों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। विधायक दल की बैठक के दौरान होटल के बाहर डीके और सिद्धारमैया के समर्थकों ने नारेबाजी की। इस मीटिंग से पहले डीके शिवकुमार ने अपने जन्मदिन का केक काटा था।

## सिद्धारमैया से मेरा कोई मतभेद नहीं: डीके




**शिवकुमार** ने कहा- कुछ लोग कहते हैं कि सिद्धारमैया के साथ मेरे मतभेद हैं, लेकिन हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। मैंने पार्टी के लिए कुर्बानी दी और सिद्धारमैयाजी के साथ खड़ा हुआ।
**सीएम पद के लिए 2 नहीं, 4 दावेदार:** कर्नाटक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामलिंगा रेड्डी ने कहा- विधायक दल की बैठक में अध्यक्ष और महासचिव राय लेंगे और मुख्यमंत्री का चुनाव करेंगे। हर पार्टी में किसी न किसी की महत्वाकांक्षाएं होती हैं, लेकिन सिर्फ एक ही सीएम होगा। चुनाव विधायक और हाई कमान करेगा। शिवकुमार और सिद्धारमैया ही नहीं, एमबी पाटिल और जी परमेश्वर भी सीएम बनना चाहते हैं।
**मुख्यमंत्री का ऐलान 2-3 दिन में:** कांग्रेस नेता सैयद नसीर बोले- सीएम की घोषणा 2-3 दिनों के भीतर की जाएगी। जल्द कैबिनेट के गठन की तैयारी है।

## शिवकुमार-सिद्धारमैया समर्थकों में पोस्टरबाजी

**विधायक** दल की बैठक से पहले ही कांग्रेस कर्नाटक चीफ डीके शिवकुमार और वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया के समर्थकों ने पोस्टरबाजी शुरू हो गई। समर्थकों ने बेंगलुरु में जगह-जगह सिद्धारमैया और डीके को सीएम बनाने के लिए पोस्टर चस्पा कर दिए। उधर, जीत के बाद वोक्कालिगा संतों ने शिवकुमार से उनके घर पर मुलाकात की।

## मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं: एन बीरेन सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/मणिपुर**
**मणिपुर** के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कुकी बहुल जिलों के लिए अलग प्रशासन की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पूर्वोत्तर राज्य के कुकी बहुल जिलों के लिए अलग प्रशासन के लिये 10 विधायकों की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि "मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में बहुसंख्यक मेइती समुदाय और कुकी-जोमी जनजातियों के बीच झड़पें हुई थी, जिसमें कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई थी। राज्य के 07 से 10 विधायकों ने पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में कुकी बहुल जिलों के लिए अलग प्रशासन की मांग की थी।

## पर्यावरण मंत्री ने लॉन्च की 'माय लाइफ' मोबाइल एप्लिकेशन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को माय लाइफ (मेरा जीवन) नामक एक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया। यह ऐप कॉप 26 में प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित लाइफ की अवधारणा से प्रेरित है। यह गैर जरूरी खपत की बजाय सचेत और जरूरी उपयोग पर जोर देता है। मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) 20 अक्टूबर 2022 को केवडिया, गुजरात में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। यह सरल आसान कार्यों के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन लाने पर केंद्रित है। इस अवसर पर यादव ने कहा कि यह ऐप पर्यावरण को बचाने में नागरिकों, विशेषकर युवाओं की शक्ति को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने उल्लेख किया कि इस ऐप के माध्यम से दैनिक जीवन में सरल प्रयोगों से जलवायु पर व्यापक प्रभाव हो सकता है।

## आतंकी साजिश केस में जम्मू-कश्मीर में एनआईए की रेड



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**नेशनल** इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को आतंकी साजिश केस में जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में 13 जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया, खबर मिली थी कि आतंकी संगठन और उनके ओवरग्राउंड वर्कर्स पाकिस्तानी कमांडरों के इशारे पर नाम बदलकर काम कर रहे हैं। जिसके बाद हमने यह ऑपरेशन शुरू किया। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में एक्टिव कई प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। बडगाम, शोपियां, पुलवामा, श्रीनगर और अनंतनाग जिलों में अभी भी छापेमारी जारी है। 9 मई (6 दिन पहले) को एनआईए ने टेरर फंडिंग और पाकिस्तान से होने वाली आतंकी साजिश को लेकर जम्मू कश्मीर के 7 जिलों में छापेमारी की थी।

## कठिन शब्दों में बना ड्राफ्ट कानून विवाद खड़ा करता है: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कठिन शब्दों में ड्राफ्ट किया हुआ कानून हमेशा विवाद खड़ा करता है। कानून जितना सरल और स्पष्ट शब्दों में लिखा होता है, उतना ही अविवादित होता है। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने सोमवार को संसद भवन परिसर में विधायी प्रारूपण पर आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अदालत को हस्तक्षेप करने का मौका न मिले, ऐसा कानून बनाना अच्छे कानून के ड्राफ्टिंग का मॉडल है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सरल और स्पष्ट भाषा में कानून को ड्राफ्ट करने का होना चाहिए।
शाह ने आज संसद, राज्य विधानसभाओं, विभिन्न मंत्रालयों और वैधानिक निकायों के केंद्र और राज्यों के अधिकारियों के लिए आयोजित लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग सम्बन्धी ट्रेनिंग प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग हमारे लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण अंग है। इसके बारे में जानकारी का अभाव न केवल कानूनों और पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को निर्बल करता है, बल्कि न्याय प्रणाली के कार्यों को भी प्रभावित करता है। उन्होंने आगे कहा कि लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए इसके स्किल में समयानुसार बदलाव, बढ़ोत्तरी और अधिक दक्षता होती रहनी चाहिए। शाह ने कहा कि संसद और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक इच्छा को कानून के सांचे में ढालने का काम लेजिस्लेटिव डिपार्टमेंट का होता है। पॉलिटिकल विल, लोगों की समस्याओं के समाधान के रास्तों-देश की अलग-अलग जरूरतों को कानून स्वरूप देने का काम लेजिस्लेटिव विभाग का है।



**अच्छा कानून ...**

**= कानून जितना सरल और स्पष्ट शब्दों में लिखा होता है, उतना ही अविवादित होता है: शाह**

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को संगरूर कोर्ट का नोटिस

**चंडीगढ़:** सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है...' इस बयान से जुड़े मानहानि केस में राहुल गांधी लोकसभा की सदस्यता गंवा चुके हैं। राहुल के बाद अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी बजरंग दल को देश विरोधी ताकतों जैसा बताने पर मानहानि के एक ऐसे ही मामले में घिर गए हैं। पंजाब की संगरूर कोर्ट ने सोमवार को उन्हें 100 करोड़ के मानहानि केस में समन जारी किया है। संगरूर की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रमनदीप कौर की कोर्ट ने खड़गे को 10 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।



संसद भवन परिसर में विधायी प्रारूपण पर आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रुप फोटो में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला आदि मौजूद रहे


## महाराष्ट्र के अहमदनगर में दो गुटों में हिंसा

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदनगर/अकोला**
**महाराष्ट्र** के अहमदनगर में जुलूस के दौरान 2 गुटों में पथराव हो गया। पुलिस के मुताबिक, रविवार को शेवगांव इलाके में संभाजी जयंती के दौरान जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस में लोगों ने धर्म स्थल के पास गुजरते वक्त नारेबाजी की थी। इसके बाद दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। भीड़ को संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पथराव में 2 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अहमदनगर में भारी तादाद में पुलिस बल तैनात किया गया है। यहां कर्फ्यू लगा दिया गया है। इस मामले में कुल 112 लोगों पर धारा 307 और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने अब तक 32 लोगों को हिरासत में लिया है।



**अकोला में दो समुदायों के बीच झड़प, एक की मौत; 30 हिरासत में, धारा 144 लागू:** अकोला में शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। उपद्रवियों ने कई वाहन जला दिए। कुछ लोगों ने थाने का घेराव करने की भी कोशिश की थी। पत्थरबाजी में 8 लोग घायल हुए, जिसमें दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

## जम्मू मेडिकल कॉलेज में द केरला स्टोरी को लेकर मारपीट



**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
**जम्मू** के मेडिकल कॉलेज में फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर स्टूडेंट्स के दो गुटों में झगड़ा हो गया। इसमें फाइनल ईयर का एक स्टूडेंट घायल हुआ है। सोमवार को इस मामले को लेकर स्टूडेंट्स ने प्रदर्शन किया। मामला राजकीय मेडिकल कॉलेज जम्मू के बॉयज होस्टल का है। यहां रविवार रात फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स के ऑनलाइन स्टडी ग्रुप में फिल्म देखने को लेकर स्टूडेंट ने कुछ कमेंट किया। इसके बाद इस पर विवाद बढ़ा। बाद में इसे लेकर स्टूडेंट्स में मारपीट हो गई। बीच-बचाव करने आया फाइनल ईयर का स्टूडेंट घायल हुआ है। उस पर लोहे की रॉड से हमला किया गया जिससे उसके सिर में 12 टांके आए हैं।

## भारत ने चार यूरोपीय देशों के समूह के साथ टीईपीए पर चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत और** यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्यों ने व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। ईएफटीए के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता होने से द्विपक्षीय वाणिज्य, निवेश, रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ब्रसेल्स के दौरे पर गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ईएफटीए के चारों सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को बैठक करके टीईपीए से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के बाद जारी एक बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने व्यापक व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) करने की दिशा में प्रयास जारी रखने से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने अपने प्रयास तेज करने और बातचीत की प्रक्रिया जारी रखने के साथ ही अगले कुछ महीनों में इस तरह की कई बैठकों के आयोजन पर सहमति जताई।

## 'बीती रात धरने को खराब करने आए अज्ञात लोग'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों का 23वां दिन है। पहलवानों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बीती रविवार की रात उनके धरने को खराब करने की कोशिश की गई। कुछ बाहरी लोग लगातार धरना स्थल के पास सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि बीती रात कुछ अज्ञात व्यक्ति यहां आए और हमारी फोटो-वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। मना करने पर ये सब चीजे चोरी-छुपके खींची गई है। धरना स्थल पर महिला खिलाड़ियों के साथ कुछ बाहरी महिलाओं ने सोने की कोशिश की है। किसी तरह हमने मना कर उन्हें बाहर निकाला। दिल्ली पुलिस इस बात की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहती है। इसीलिए मीडिया यहां रहे, ताकि पिछली बार की तरह कोई बात हो तो वह बात तत्काल देशवासियों के सामने आ जाए।
**धरने को देंगे अंतरराष्ट्रीय रूप:** साक्षी मलिक ने कहा कि अब यह आंदोलन सिर्फ जंतर-मंतर तक सीमित नहीं रहेगा। क्योंकि जंतर-मंतर को धीरे-धीरे पुलिस ने जेल का रूप दे दिया है। अब ये आवाज देश की गली-गली में तो गूंजेगी ही, बल्कि विदेशों में इसकी लहर दौड़ेगी।



**खुलासा**

**= बीती रात कुछ अज्ञात व्यक्ति यहां आए और हमारी फोटो-वीडियो रिकॉर्डिंग की गई: महिला पहलवान**

## पटियाला के गुरुद्वारे में महिला की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब में** पटियाला के गुरुद्वारा में बेअदबी मामले में एक श्रद्धालु ने रविवार रात 10 बजे महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोप है कि महिला गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब के परिसर में सरोवर के पास शराब पी रही थी। गोलीबारी में एक सेवादार भी घायल हो गया। आरोपी का नाम निर्मलजीत सिंह है और पटियाला का रहने वाला है। वह प्रॉपर्टी डीलर है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में पटियाला सेंट्रल जेल भेज दिया गया है।

**आत्मनिर्भरता का उद्देश्य**    केवल रक्षा क्षेत्र के लिए उपयोगी हैं, बल्कि नागरिकों के लिए भी समान रूप से प्रभावी हैं।

## भारत को साइबर व अंतरिक्ष के खतरों से निपटने में सक्षम बनाने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत को साइबर और अंतरिक्ष से संबंधित उभरते खतरों से निपटने में पूरी तरह सक्षम बनाने का आह्वान किया। सोमवार को पुणे स्थित रक्षा उन्नत प्रौद्योगिकी संस्थान (डीआईए) के 12वें दीक्षांत समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता के बिना वैश्विक मुद्दों पर स्वतंत्र निर्णय नहीं लिया जा सकता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता का उद्देश्य अपने सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही अपने मित्र देशों की सुरक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। अत्याधुनिक तकनीकों और रक्षा अनुसंधान के बीच गहरे संबंध पर प्रकाश डालते हुए राजनाथ सिंह ने डीआईएटी जैसे संस्थानों से नए नवाचारों के साथ आने का भी आह्वान किया, जो न केवल रक्षा क्षेत्र के लिए उपयोगी हैं, बल्कि नागरिकों के लिए भी समान रूप से प्रभावी हैं। रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार के दृष्टिकोण से अवगत कराते हुए रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत को साइबर और अंतरिक्ष से संबंधित उभरते खतरों से निपटने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी में प्रगति करनी चाहिए। आत्मनिर्भरता का मतलब अलगाव नहीं, बल्कि इसका अर्थ अपनी जरूरतों की पूर्ति करने के साथ-साथ मित्र देशों की भी आवश्यकताओं को पूरा करना है ।ल उन्होंने कहा कि यदि हमारे विरोधी के पास अधिक उन्नत प्रौद्योगिकियां हैं, तो यह भविष्य में हमारे लिए चिंता का कारण हो सकती हैं। बदलते समय के अनुरूप तकनीकी प्रगति की ओर तेजी से बढ़ने की तत्काल आवश्यकता है।
यह जिम्मेदारी हमारी संस्थाओं की है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय ने चार सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची जारी की हैं, जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 4,666 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सब-सिस्टम और पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगाया गया है।



**प्रौद्योगिकी में प्रगति**

**= भारत की आत्मनिर्भरता के बिना वैश्विक मुद्दों पर स्वतंत्र निर्णय नहीं लिया जा सकता: रक्षा मंत्री**

## पायलट की गहलोत के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

### 3 मांगें रखीं; 15 दिन का दिया अल्टीमेटम, जनसभा में पहुंचे 15 विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की जनसंघर्ष यात्रा सोमवार को जयपुर में पूरी हो गई। भांकरोटा में हुई जनसभा में पायलट ने अपनी ही सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सरकार के सामने तीन मांगे रखीं और कहा कि इस महीने के आखिर तक यदि ये मांगें नहीं मानी गईं तो पूरे प्रदेश में हम आंदोलन करेंगे। अभी तक गांधीवादी तरीके से अपनी बात रख रहे थे। पायलट ने कहा- गांव-ढाणी, शहरों में बड़ा आंदोलन होगा। न्याय करवाएंगे। हम लोगों के पास कुछ नहीं है। हम तो पैर में जूता डालकर निकल पड़े थे। गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि हम बिना पद के गाली खा-खाकर संगठन के लिए काम कर रहे हैं और आप सत्ता में बैठकर मलाई खा रहे हो। लोग यह सुन लें कि मुझे किसी सीमा में न बांधें, मैं किसी एक धर्म या समाज का नहीं हूं। मैं 36 कौम का बेटा हूं। राजस्थान का बेटा हूं।
**पायलट बोले- मैं दबने वाला नहीं हूं:** पायलट ने कहा, 'मैं किसी पद पर रहूं या न रहूं। राजस्थान की जनता की सेवा करता रहूंगा। डरने वाला नहीं हूं, दबने वाला नहीं हूं। आपके लिए लड़ा हूं और लड़कर रहूंगा।'



# वार्ड नंबर 9 में दी गई 1 करोड़ 52 लाख के विकास कार्यों की सौगात

## 92 लाख की लागत से बंदेपुर के राजकीय प्राथमिक स्कूल के साथ वाली गली इंटरलॉकिंग टाइलों से होगी पक्की



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** मेयर निखिल मदान ने सोमवार को विधायक सुरेंद्र पंवार,सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा और क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ मिलकर वार्ड नं 9 में नारियल फोड़कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। वरिष्ठ नागरिक वेदपाल मान ने नारियल फोड़कर विकास कार्यों का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र वासियों द्वारा मेयर निखिल मदान, विधायक सुरेंद्र पवार और सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि आज वार्ड 9 में पटेल नगर और बंदेपुर क्षेत्र के बीच वाली मुख्य गली जो राठधना रोड से मैपस्को सेक्टर 26 27 की तरफ जाती है उसको पक्का किए जाने का कार्य शुरू किया गया है। इस गली को 92 लाख ? की लागत से इंटरलॉकिंग टाइलों द्वारा पक्का किया जाएगा। गली के पक्का होने से सैकड़ों राहगीरों को आवागमन में सुविधा होगी, साथ ही दुर्घटना से भी लोगों का बचाव होगा। सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने बताया कि वार्ड वासियों द्वारा उनकी गलियों की सीवर लाइन जाम होने की समस्या उनके संज्ञान में आई थी। समस्या के समाधान हेतु पूरे वार्ड नंबर 9 में सभी सीवरेज लाइन की डी सिल्टिंग का कार्य आज शुरू करवा दिया गया है। जिसे 60 लाख ? की लागत से आगामी दिनों में पूरा किया जाएगा।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। बेहतर पेयजल आपूर्ति,गलियों को पक्का करवाना उनकी प्राथमिकता है।
इस मौके पर मामराज, डीसी शौरी, बिजेंद्र मलिक, अशोक भारद्वाज,रविंद्र खत्री, रणधीर, रमेश, अतर सिंह, राम तीरथ, विनोद सरोहा, धर्म सिंह, प्रताप खत्री,नरेश सरोहा, अनिल सैन, साहब सिंह पांचाल,वेदपाल मान, सिंह राम, रणधीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मदर्स डे पर मेरी उडारी लेडीज क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** मदर्स डे पर माताओं को सम्मान देने के लिए अंबाला में मेरी उडारी लेडीज क्लब द्वारा एक अनोखा कार्यक्रम करवाया गया । माताओं को बिना बताये सरप्राइज देने के लिए इस कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया । तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सभी माताओं को क्राउन और बेस्ट मॉम के सेशे से नवाजा गया । बेटियों ने अपनी माताओं के लिए डांस भी प्रस्तुत किया । कुछ मां और बेटियों ने एक जैसी लगने के लिए सेम कलर की ड्रेस पहनी थी । बेटियों ने मदर्स डे के दिन अपनी माताओं को उपहार भी दिए बेटियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को देखकर माताओं ने खुद को गौरवांवित महसूस किया । मदर्स डे के कार्यक्रम में सभी माताओं ने केक कट किया और सभी महिलाओं ने गेम्स खेली। मेरी उडारी लेडीज क्लब के सदस्यों ने अपनी माताओं को गेम खिलवाई और अपनी माताओं के साथ गानों पर खूब थिरकी । इसके साथ ही मेरी उडारी लेडीज क्लब की महिलाओं ने मां से जुड़े अनुभवों को मंच से सभी के साथ सांझा किया। सभी सदस्यों ने अपनी माताओं को हर वो खुशी देने की कोशिश की जो वो आजतक नहीं दे सकी थी। इस कार्यकर्म के बारे में जानकारी देते हुए मेरी उडारी लेडीज क्लब की चेयरपर्सन अमनप्रीत कौर ने बताया कि मेरी उडारी लेडीज क्लब ने हमेशा ही अलग कार्यकर्म किया है। मदर डे पर मेरी उडारी लेडीज क्लब के सदस्यों की सभी मदर्स को बुलाया गया और उन्हें सम्मानित किया है। वही कार्यकर्म में पहुंची मां ने बताया कि उनके लिए एक बहुत ही अलग अनुभव था।

# सेंट जोसफ स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**8 विद्यालय की होनहार छात्रा खुशी डूल ने 95.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्राप्त किया**

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर स्थित सेंट जोसफ स्कूल का प्रांगण खुशी और उत्साह के माहौल से सराबोर हो गया ' विद्यालय के 136 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक व 25 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी बेहतरीन क्षमता द्वारा सफलता का परचम लहराया ' विद्यालय की होनहार छात्रा खुशी डूल ने 95.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, वंशिका सिंह ने 94.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सुखमनी कौर ने 94.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान ले विद्यालय का नाम रोशन किया ' जोसफियनस की इस शानदार सफलता का श्रेय शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल मैनेजमेंट को भी जाता है, जिन्होंने विद्यार्थियों के हौसलों को बढ़ाने के लिए भरसक प्रयत्न कर उन्हें प्रोत्साहित किया ' स्कूल के डायरैक्टर किरण बैनर्जी, डिप्टी डायरैक्टर आशिमा किरण बैनर्जी, सीनियर मैनेजर अभिजीत सर व प्रिंसीपल अमिता सचदेवा ने विद्यार्थियों की सफलता के लिए उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा कहा कि यदि वे इसी तरह मेहनत लगन व परिश्रम से अपनी पढ़ाई को जारी रखेंगे तो अवश्य ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सफलता के शिखर को छू लेंगे।

# दुकानदारों के लिए नगर परिषद ने हेल्प डेस्क स्थापित किया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला सदर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 20 साल पुराने दुकानदारों को अब दुकानों का मालिकाना हक मिलेगा। इसको लेकर नगर परिषद ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है। अम्बाला छावनी नगर परिषद द्वारा एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। आज इस हेल्प डेस्क का लाभ लेने के लिए अनेक लोग यहां पर आ पहुंचे। नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा मालिकाना हक को लेकर कुछ नियम भी निर्धारित किए है तथा इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूचि भी बनाई गई है। नगर परिषद सदर द्वारा दुकानदारों के पक्ष में आंबटन पत्र जारी होना चाहिए। उन्होनें बताया कि आवेदनकर्ता के साथ मूल आवटीं के साथ किया गया अनुबंध होना चाहिए। नगर परिषद अंबाला सदर द्वारा जारी की गई। किराए, लाइसेंस फीस, तय बाजारी की रसीद साथ लानी होगी। नगर परिषद अंबाला द्वारा जारी किया गया कोई रिकार्ड भी साथ लाना होना होगा। आवेदक के नाम बिजली मीटर होना चाहिए। सरकार द्वारा वैध रूप से जारी किया गया कोई अन्य दस्तावेज संपति का विवरण या पता स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए जैसे ब्रिक्री कर वैट, जीएसटी से संबधित, पंजीकरण संख्या व आईटी रिर्टन, दुकान आदि नियम के तहत पंजीकरण, फायर एनओसी आवेदक के पास होनी चाहिए। आवेदक के नाम पानी का बिल होना चाहिए। उनके पास दुकान का नक्शा भी होना चाहिए। तभी वह नियमानुसार आवेदन कर सकेगें। नगर परिषद सचिव राजेश कुमार ने बताया कि दुकानदारों की सहायता के लिए हैल्पडेस्क बनाया गया है। यहां पर कर्मचारियों को विशेष तौर पर हिदायत दी गई है कि हैल्पडेस्क पर आने वाले प्रत्येक दुकानदार की सहायता की जाए तथा उनके कागजों को जांचा जाए।

# कर्मचारी महासंघ ने मांगों को लेकर अनिल विज को सौंपा ज्ञापन

**8 2.5 लाख पेंशन विहीन कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने के लिए स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को ज्ञापन दिया**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** छावनी बस स्टैंड पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जमकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की मांग थी कि उनकी लंबे समय से लंबित पड़ी मांगो को शीघ्र ही पूरा किया जाए। अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ से हरियाणा कर्मचारी महासंघ ने राज्य प्रधान विश्व नाथ शर्मा की अध्यक्षता में अम्बाला कैंट बस अड्डे पर इक्कट्ठे होकर प्रदर्शन करते हुए 2.5 लाख पेंशन विहीन कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने के लिए स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को ज्ञापन दिया गया। संचालन सुनील खटाना राज्य महासचिव ने किया। कलदीप शर्मा,जयबीर घणघस,नरेंद्र धीमान, यशपाल देसवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि केंद्र ने 2004 व राज्य में 2006 सरकार ने कर्मचारियों की पेंशन को सरकारी खजाने पर आर्थिक बोझ बताकर बंद किया गया ।न्यू पेंशन स्कीम लागू की गई जिसमें सरकार 14 प्रतिशत व 10 प्रतिशत कर्मचारियों के वेतन से काटा जाता हैं। सरकार द्वारा सारा पैसा शेयर मार्केट में लगा रखा हैं। शेयर मार्केट मालिको को बहुत फायदा हो रहा हैं।जबकि इस स्कीम से कर्मचारियों नाममात्र 1000 से 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिल रही हैं। अगर सरकार न्यू पेशन स्किम के तहत जमा राशि को शेयर मार्केट में लगाने की बजाए अपने सरकारी खजाने में रखे तो ये अरबो रुपया देश के विकास में काम आ सकता हैं ओर कर्मचारियों को अच्छी पेंशन मिल सकती हैं। दूसरी ओर लोकसभा व विधानसभा के सदस्य 80000 रुपये से लेकर 4 लाख तक प्रतिमाह पेंशन ले रहे हैं। अगर कर्मचारियों को पेंशन देने से सरकार के खजाने पर आर्थिक बोझ पड़ता तो क्या देश व प्रदेश के मंत्री,सांसदों व विधायकों को पेंशन देने से देश का क्या विकास हो रहा हैं।जबकि प्रदेश का कर्मचारी सरकार की नीतियों व योजनाओं को बिना अपनी जान की परवाह किए कोरोना जैसी महामारी के समय में भी जनता तक पहुंचाता रहा हैं।

# जहां मां वहां किसी इच्छा की जरूरत नहीं-नीलम शर्मा

**8 मां का योगदान हम सब के जीवन में अतुल्य है जिसे जीवन भर भी कोई नही चुका सकता**

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** शिव मंदिर मतिदास नगर अम्बाला छावनी के भवन में भारत विकास परिषद गोविंद शाखा द्वारा मातृ दिवस (मदर्स डे) के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में नीलम शर्मा अम्बाला पूर्व चेयरमैन नगर परिषद ने भाग लिया।

कार्यक्रम के आयोजक एवं भारत विकास परिषद गोविंद शाखा के प्रधान प्रवेश सोबती ने कहा की मां का योगदान हम सब के जीवन में अतुल्य है जिसे जीवन भर भी कोई नही चुका सकता। मुख्यातिथि नीलम शर्मा ने कहा की मां की वजह से ही हम सब है और ग्रंथो में भी मां की पदवी बहुत ऊंची बताई है। कहा गया मातृ देवो भव,पितृ देवो भव और आचार्य देवो भव। हम सब को कोई भी कार्य से पूर्व अपनी मां के चरण स्पर्श कर ही कार्य शुरू करना चाहिए ऐसा करना से कार्य की भी सिद्धि होती है। मां भगवान द्वारा दिया गया अमूल्य उपहार है।

और मां की गोद से ज्यादा सुरक्षित कुछ नही है। जहां मां वहा किसी इच्छा की जरूरत नहीं होती।जो बिना कहे समझे वो मां ही है।कार्यक्रम में मंच का संचालन शाखा की महिला प्रमुख सुमन मदान ने किया वही इस कार्य में उनका सहयोग सह महिला प्रमुख रेणु सोबती ने दिया। विभिन्न बच्चों एवं महिलाओं ने इस अवसर पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति भी दी। सभी प्रतिभागी करण, मनवीर, शनाया, तनिष्क, अक्षरा मल्होत्रा, राधिका मदान, मृदुल राजपाल, अंजली मदान, रीना भटेजा, मीनू लखनपाल आदि को मुख्यातिथि नीलम शर्मा द्वारा स्मानित भी किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद गोविंद शाखा अंबाला छावनी के प्रधान प्रवेश सोबती, महासचिव सुशील जोशी, कोषाध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह, मीडिया प्रभारी अखिलेश बत्रा, संगठन सचिव सुमीर गुप्ता, डॉक्टर पवन राणा, राज मदान, कमल भटेजा, राजेंद्र कुमार, संदीप बक्शी, रेणु सोबती, सपना बत्रा, सुमन मदान, मीनू लखन पाल, कमलेश सचदेवा, आकांक्षा सोबती, नीरू मदान, राधिका मदान, मृदुला राजपाल, रीतू राजपाल, नीना शर्मा, कपिल भटेजा, सना भटेजा, रीना भटेजा, मनोज भटेजा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 'बढ़ती उम्र में होम्योपैथी का सांग जीवन में लाता है उमंग'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** बढती उम्र में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। इस बारे में सीएचसी शहजादपुर में कार्यरत होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. पल्लवी राणा ने कहा कि बुजुर्गो के लिए होम्योपैथी कारगर है। बढती उम्र में होम्योपैथी का संग जीवन में उमंग लाता है। डॉ. पल्लवी राणा का कहना है कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति सुरक्षित, किफायती, प्रभावशाली तथा दुष्प्रभाव रहित है। होम्योपैथी से मानसिक रोग, भूलने की बीमारी, अनिद्र रोग,नेत्र विकार, बहरापन, ओस्टययोपोसिस (हड्डियों का देखभाल होना), मधुमेह, उदर विकार, उच्च रक्त चाप, मूत्र असंयम जैसे रोगों के निदान में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति मदद करती है।

# पंजाबी विभाग द्वारा काव्य पर वर्कशॉप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** अम्बाला छावनी के गर्वमेंट कॉलेज में पंजाबी विभाग द्वारा पंजाबी काव्य वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता पंजाबी साहित्यकार व कवि डाक्टर रत्न सिंह ढिल्लों ने विद्यार्थियों को काव्य सृजन की बारिकियों से अवगत करवाया। प्राचार्य डॉ देशराज बाजवा ने कवियों का अभिनंदन करते हुए पंजाबी विभाग की गतिविधियों की प्रशंसा कि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग के प्राध्यापक व कवि डाक्टर देवेंद्र बीबीपुरिया व एस ए जैन कॉलेज के पंजाबी विभाग के डॉ बलवान ओजला ने काव्य के तत्वों से अवगत करवाया। इस अवसर पर डॉ बलविंद्र सिंह, डॉ मंगत सिंह, डॉ निलम रानी ने अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर मुस्कान, गुरप्रीत, नितिका शर्मा व अनिल को सम्मनित किया गया।

# 'मां हमेशा अपने बच्चों के लिए निस्वार्थ भाव से सब कुछ करती है



**8 सभी को एक हफ्ते में छुट्टी जरूर मिलती है मां 24 घंटे हमारे लिए मौजूद रहती है विशेष दिन पर तो हम मां को विशेष होने का अहसास दिला सकते है**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** मदर्स डे के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारीस 16 कंच घर ,अंबाला द्वारा प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमृतकला की सरपंच निगम राणा पधारे। इस प्रोग्राम में बहुत सी महिलाओं ने हिस्सा लिया। ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने बोला मां हमेशा अपने बच्चों के लिए निस्वार्थ भाव से सब कुछ करती है,सदा देती ही आई है। सभी को एक हफ्ते में छुट्टी जरूर मिलती है लेकिन मां 24 घंटे हमारे लिए मौजूद रहती है।तो आज इस विशेष दिन पर तो हम मां को विशेष होने का अहसास दिला सकते है। अपनी मां की जिम्मेवारी उठा सकते हैं। निगम बहन ने भी मां के संबोधन में अपने भावों को प्रगट किया और कहा मां अपने बच्चे के लिए कुछ भी कर सकती हैं। ब्रह्माकुमारी आश्रम की जितनी भी बहनें है वह यहां आने वाले लोगों की मां की तरह पालना करती है इनसे मिलकर ऐसा लगता है कि जैसे मां से मिल रहे हो। प्रोग्राम के बीच में सभी माताओं से प्रश्न पूछे गए और सही उत्तर देने वाले को ईनाम दिया गया। कुमारी शिखा शिवानी हेमा ने बहुत अच्छा गीत सुनाया ,कुमारी युविका पीहू ने डांस के माध्यम से मां की महिमा की।सभी माताओं बहनों का उत्साह बढ़ाने के लिए किरण बहन ने कविता सुनना कर सभी को उत्तेजित किया और जोगिंद्र बहन ने बड़ी सहजता से मां की विशेषताओं को वर्णन किया। अंत में ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी अंबाला की मुख्य प्रशासिका ने सभी को आशीर्वचन दिए।

# विधायक पंवार व दहिया ने जनसंवाद कार्यक्रम में सुनी आम जन की समस्याएं

## आमजन की समस्यांओं का जल्द से जल्द करवाएंगे समाधान – सुरेन्द्र पंवार



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** कांग्रेसी नेता एवं सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पवार एवं पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने मयूर विहार, शास्त्री कॉलोनी, इंडियन कॉलोनी में जनसंवाद कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी व विभिन्न सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ वार्ड नम्बर 19 के पार्षद विजेंद्र मलिक, वार्ड 20 से पार्षद राजेश नितु दहिया, महिला कांग्रेस नेत्री प्रमिला मलिक मौजूद रही।
कार्यक्रम के दौरान सोनीपत विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि भाजपा ने अपने शासन में ही देश की हालत बिगाड़ कर रख दी है। भाजपा के नेताओं द्वारा किए गए भ्रष्टाचार से जनता त्राहि त्राहि कर उठी है। अब लोग इस सरकार को चलता करने के लिए चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। नौकरी देने की बजाए पहले से ही लगे हुए लोगों को नौकरियों से निकाल दिया गया है। इसके अलावा भी भाजपा ने महंगाई कम करने, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने जैसे ना जाने कितने वादे किए थे लेकिन अभी तक ये वादे पूरे नहीं किए जा सके हैं। पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है। जब से इनकी सरकार आई है, तब से खेती घाटे का सौदा हो गई है। खेती ना होने से मजदूर भी परेशानी झेल रहे है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जाति जनगणना की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं की नई सोच दिपेन्द्र हुड्डा के समर्थन में काफी युवा आगे बढ रहे है और इस कवायद को देखते हुए आने वाले चुनाव में जीत हासिल कर हरियाणा के मुख्यमंत्री भुपेन्द्र सिंह हुड्डा ही होंगे। विधायक सुरेंद्र पवार एवं पूर्व विधायक वरिष्ठ नेता पदम सिंह दहिया ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से शास्त्री कॉलोनी, इंडियन कॉलोनी, मयूर विहार में अनेक जजपा के कार्यकताओं को जजपा पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों में विश्वास दिलाते हुए विजेंद्र मलिक की मौजूदगी में युवा जजपा नेता रोबिन मलिक ने अपने सैकड़ों युवा साथियों के साथ जजपा पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन किया।
जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जनसाधारण द्वारा दी जाने वाली मुख्य समस्याएं पीने के साफ पानी की, सीवरेज के द्वारा गंदे पानी की निकासी की संपूर्ण व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, घूमने के लिए पार्क, बुजुर्गों के बैठने का कोई सामुदायिक केंद्र, खेल के मैदान की थी। जिन पर संज्ञान लेते हुए सोनीपत विधायक सुरेन्द्र पंवार व पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया ने उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाने का आश्वान दिया।

# माता गुजर कौर के जन्मदिवस पर शहर विधायक ने लखनोर साहिब में माथा टेक आशीर्वाद लिया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने माता गुजर कौर के जन्मदिवस के उपलक्ष में लखनौर साहिब स्थित गुरूद्वारा में पंहुचकर मत्था टेककर गुरूओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक असीम गोयल को सिरोपा भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया। विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि इस पावन धरती पर यह गुरूद्वारा साहिब स्थापित है। माता गुजर कौर ने भारत को बचाने के लिये शहादत के रूप में यहां से नींव रखी थी। अगर मैं यह कहूं की पूरा भारत इस भूमि का कर्जदार है तो यह अतिश्याक्ति नहीं होगी।
धन माता गुजर कौर ने बलिदान का परिचय देते हुए गुरू गोबिन्द सिंह, गुरू तेग बहादुर व अपने 4 पौतों का बलिदान दिया था जोकि पूरे संसार के लिये एक मिसाल है। वह भी अपने आपको सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें इस पावन भूमि की सेवा करने का मौका मिला है। गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी की ओर से यहां पर सामूहिक शौचालय बनवाने की जो मांग रखी है, वह उसे पूरा करवाने का आश्वासन देते हैं।
यहां पर गुरूद्वारा के नजदीक खाली पड़ी जगह पर महिलाओं व पुरूषों के लिये सामूहिक शौचालय स्थापित किया जाएगा ताकि श्रद्धालूओं को इसका फायदा मिल सके। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा आगे भी जो कार्य बताया जाएगा, उसे भी वह पूरा करवाएंगे। इस मौके पर मनदीप राणा, रितेश गोयल, टी.पी. सिंह, मोहन सिंह धुरकड़ा, कुलबीर सिंह खासपुरा, मलकीत सिंह, संजीत सरपंच, महिन्द्र सिंह के साथ-साथ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के पदाधिकारी व श्रद्धालू मौजूद थे।

# 137 ग्रामीण स्कूलों को अपग्रेड करने का ऐलान

## मुख्यमंत्री ने गांव बणी में किया जन संवाद, सभी परिवारों का परिवार पहचान पत्र बनाया है, यदि अब भी किसी परिवार का पीपीपी आईडी नहीं बना है तो वे तुरंत बनवा लें

**8 राज्य सरकार ने 5 किलोमीटर के दायरे में एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का प्रावधान करने का निर्णय लिया है: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि गांवों में जिन सेकेंडरी स्कूलों में पिछले साल 9वीं व 10वीं कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या 100 थी, उन स्कूलों को सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अपग्रेड किया जाएगा। इस घोषणा के साथ ही प्रदेशभर में तुरंत प्रभाव से 137 स्कूल अपग्रेड होंगे। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सिरसा जिले के तीन दिवसीय दौरे के दौरान रानियां विधानसभा क्षेत्र के गांव बणी में जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर थे। मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने 5 किलोमीटर के दायरे में एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का प्रावधान करने का निर्णय लिया है, ताकि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अधिक दूरी तय न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी परिवारों का परिवार पहचान पत्र बनाया है। यदि अब भी किसी परिवार का पीपीपी आईडी नहीं बना है तो वे तुरंत बनवा लें। पीपीपी से परिवार को भी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा तो वहीं ग्राम पंचायतों को भी आबादी के अनुसार ही ग्रांट मिलेगी। रविवार को ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने बणी गांव से कालांवाली तक बस की घोषणा की थी और मात्र कुछ ही घंटों में आज इस घोषणा को मूर्तरूप मिल गया। मुख्यमंत्री ने आज बणी गांव जन संवाद कार्यक्रम से पहले बणी गांव से कालांवाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ग्रामीणों ने तालियां बजाकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। जन संवाद कार्यक्रम में अभ्यर्थियों ने पीजीटी पंजाबी शिक्षकों की भर्ती करवाने के लिए अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि 30 जून तक पीजीटी पंजाबी शिक्षकों की भर्ती के लिए विभाग की ओर से आयोग को मांग भेज दी जाएगी और भर्ती प्रक्रिया जल्द आरंभ होगी। भम्भूर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने मिडल स्कूल को हाई स्कूल में अपग्रेड करने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने स्कूल द्वारा यदि मानदंड पूरे होंगे तो सरकार अपग्रेड करने पर विचार करेगी। जन संवाद में कृष्णा देवी ने अपने घर की छत गिरने की शिकायत रखते हुए मरम्मत की गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री ने बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत 80 हजार रुपये की राशि मंजूर की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री जन आवास योजना के दूसरे चरण में आवास के लिए आवेदन करने को भी कहा। ग्रामीणों ने सिरसा-बणी-हनुमानगढ़ तथा सिरसा-बणी-संगरिया रूट पर बस चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने तुरंत हरियाणा रोडवेज महाप्रबंधक को निर्देश दिए और कहा कि आज शाम से ही इन रूटों पर बस की सुविधा शुरू हो जानी चाहिए। ग्रामीणों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने जन कल्याण की जितनी योजनाएं चलाई हैं, इतनी किसी सरकार ने नहीं चलाई। ग्रामीणों ने कहा कि राज्य सरकार ने सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन देने का जो काम किया है, वह बहुत सराहनीय है।

## हरियाणा में 35 हजार दिव्यांगजनों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा में** अब दिव्यांगजनों के लिए नौकरियों का पिटारा खुल गया है, जल्द ही प्रदेश के करीब 35 हजार दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध हो जाएगा। इनमें 15 हजार सरकारी और करीब बीस हजार निजी क्षेत्र की नौकरियां होंगी। हरियाणा दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने सोमवार को ई-कॉमर्स कंपनी अमेजॉन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस कंपनी द्वारा हरियाणा के लगभग 10 हजार दिव्यांगजनों को उनकी कार्य-क्षमता के अनुसार रोजगार दिया जाएगा। जल्द ही राज्य सरकार के साथ यूथ फॉर जॉब कंपनी के साथ समझौता-ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर होंगे,जिसके तहत इस कंपनी द्वारा भी 10 हजार दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। हरियाणा दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में करीब सौ कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की थी। जिसके बाद कई कंपनियों ने नौकरियां देने का आश्वासन दिया है। अमेजॉन और यूथ फॉर जॉब ने तो एक कदम आगे बढ़कर दिव्यांगजनों को रोजगार देने के लिए एमओयू की कार्रवाई को भी सिरे चढ़ाना शुरू कर दिया है।

मक्कड़ ने बताया कि अमेजॉन ने प्रथम चरण में 1500 मूक-बधिरों को गुरुग्राम, मानेसर तथा फरीदाबाद में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। नियुक्ति से पूर्व इनको प्रशिक्षण दिया जाएगा। जॉब के दौरान ये दिव्यांगजन फ्रंट की बजाए बैक एंड पर कंप्यूटर ऑपरेटर या स्टोर-रूम में काम करेंगे।

यही नहीं इनकी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए कंपनी द्वारा पिक एंड ड्रॉप की सुविधा भी दी जाएगी।

दूसरे चरण में करीब 3500 दृष्टि-बाधित दिव्यांगजनों को अमेजॉन द्वारा रोजगार दिया जाएगा। यूथ फॉर जॉब द्वारा आवेदनों के आधार पर सर्वे करके दिव्यांगों को उनके घर के करीब नौकरी दी जाएगी। हरियाणा दिव्यांगजन आयुक्त के अनुसार दिव्यांगजनों के बैकलॉग में से करीब 4000 पदों पर पात्र दिव्यांगों की भर्ती कर ली गई है और शेष की प्रक्रिया जारी है।

## गठबंधन को लेकर बयानबाजियों के बीच दुष्यंत ने की नड्डा से मुलाकात

**8 गठबंधन में चल रही तकरार के बीच दुष्यंत चौटाला ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की है। दुष्यंत ने रविवार की रात करीब एक घंटा नड्डा के साथ मंत्रणा की है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के सत्तारूढ़ भाजपा-जजपा गठबंधन को लेकर चल रही बयानबाजी की घटनाओं के बीच जजपा नेता एवं उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। इस मुलाकात के कई राजनीतिक मायने हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर चुके हैं। दरअसल, हरियाणा में गठबंधन में पेंशन समेत कई मुद्दों के लेकर तकरार चल रही हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सार्वजनिक कार्यक्रमों में यह बोल चुके हैं कि सरकार भाजपा की है और जजपा केवल सहयोग कर रही है। जजपा के किए गए चुनावी वादों से भाजपा को कोई सरोकार नहीं है। अफसरशाही में चल रही चचाओं के अनुसार इस बार प्रदेश में जारी हुई आबकारी नीति में भी मुख्यमंत्री का सीधा हस्तक्षेप रहा है। भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ भी चुनावों की अलग-अलग तैयारियां करने को लेकर बयान दे चुके हैं। गठबंधन में चल रही तकरार के बीच दुष्यंत चौटाला ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ मुलाकात की है। दुष्यंत ने रविवार की रात करीब एक घंटा नड्डा के साथ मंत्रणा की है। सूत्रों के अनुसार इस मुलाकात के बाद प्रदेश में गठबंधन को लेकर चल रही बयानबाजी पर विराम लग सकता है। इस मुलाकात के बाद दुष्यंत चौटाला ने ट्वीट करके कहा है कि उन्होंने जेपी नड्डा से मुलाकात करके भविष्य की राजनीति से जुड़े विषयों पर चर्चा की है।

दुष्यंत ने इस ट्वीट के माध्यम से सारी स्थिति को साफ कर दिया है।

## नकली दवा बेचने वालों की गहराई से होगी जांच: अनिल विज

### पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के साथ मिलकर इस मामले की जांच करें

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने नकली दवा बेचने वालों का जाल कहां-कहां तक और कौन-कौन इसमें शामिल हैं, इसकी गहराई से जांच की जा रही है। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के साथ मिलकर इस मामले की जांच करें ताकि पूरे केस की जांच गहराई से हो सके। विज ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में एफडीए विभाग ठीक काम कर रहा है और पहली बार एफडीए ने आरोपित को पुलिस में शिकायत न देकर स्वयं पकड़ा है। मुख्य आरोपित का नाम जो इस मामले में आ रहा है वह तुर्किये का निवासी है। उसे मुंबई स्थित होटल से पकड़कर लाया गया है। विज ने कहा कि इनका जाल कितना फैला है, कौन-कौन इसमें शामिल है, दवाइयां कहां-कहां बनती और कहां स्टोर होती है, उसकी जांच की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि एफडीए विभाग ने गत दिनों तुर्की निवासी व्यक्ति को कैंसर की नकली दवा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया था। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कर्म सिंह मथाना के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह, पूर्व प्रधान राकेश, युवा अध्यक्ष गुलाब पुनिया, संगठन सचिव राम सिंह सहित अन्य ने गृह मंत्री से मुलाकात की। अध्यक्ष मलकीत सिंह एवं पदाधिकारियों ने गृह मंत्री अनिल विज का धन्यवाद जताया जिनके प्रयासों से किसान आंदोलन के समय दर्ज मामले हल हो सके। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन से पहले भी कई मामले किसानों पर दर्ज हैं जोकि हल किए जाएं। मंत्री ने इस पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया। हरियाणा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने गृह मंत्री अनिल विज को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जिस पर अनिल विज ने कहा, मैं तो हमेशा लड़ता हूं और मैं खुद बैंक का कर्मचारी रहा हूं और कुछ बातें वह कर्मचारियों के बारे में जानते ही हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों पर पहले से ही हम काम कर रहे हैं कर्मचारियों को कैशलेस सुविधा देने के लिए हम काफी काम कर चुके हैं जोकि जल्द पूरा होगा।

## हरियाणा बोर्ड की 12वीं कक्षा में गुरुग्राम की तृप्ति ने किया टॉप



**8 तृप्ति ने अंग्रेजी विषय में 97, हिंदी 97, इतिहास में 100 व एसएपी में 100, ब्यूटी वेलनेस में 99 अंक हासिल किए**

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा में सरकारी स्कूल की छात्रा तृप्ति ने जिला में टॉप करके स्कूल, मां प्रिया व पिता संजय चौहान का नाम रोशन किया है। तृप्ति की मां प्रिया गृहिणी हैं व पिता संजय चौहान फोटो पत्रकार हैं। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा की छात्रा तृप्ति ने अंग्रेजी विषय में 97, हिंदी 97, इतिहास में 100 व एसएपी में 100, ब्यूटी वेलनेस में 99 अंक हासिल करते हुए 500 में से 493 (98.6 प्रतिशत) अंक लिए हैं। इस तरह से तृप्ति जिला में टॉपर आई है। दो बहनों में छोटी तृप्ति ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा में 8वीं कक्षा में दाखिला लिया था। तब से अब तक इसी स्कूल में शिक्षा ग्रहण की है। परिवार के जानकार, सामाजिक लोग तृप्ति को कोई फोन पर तो कोई घर पहुंचकर बधाई देते रहे। आत्मविश्वास से लबरेज तृप्ति ने कहा कि उच्च शिक्षा हासिल करके वह आईपीएस बनना चाहती है। उन्होंने कहा कि बेटियों के प्रति समाज का नजरिया बदलना चाहिए। बेटियों को चाहे कुछ भी ना दें, लेकिन उन्हें शिक्षित जरूर करें। शिक्षा ही सबके जीवन में बदलाव लाती है। तृप्ति की इस उपलब्धि माता-पिता समेत परिवार से जुड़े लोगों में खुशी की लहर है। मां प्रिया, पिता संजय चौहान कहते हैं कि बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दिए जाते हैं तो वे नाम रोशन करती हैं।

## हरियाणा में भी होगा सत्ता परिवर्तन: हुड्डा

**8 कर्नाटक चुनावों के जो नतीजे आये हैं उनसे साफ जाहिर है कि भविष्य में हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश में परिवर्तन आएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
**हरियाणा** के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल की भाभी की शोकसभा में संवेदना व्यक्त करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कर्नाटक विधानसभा में हुई कांग्रेस की जीत को लेकर कहा की हमेशा दक्षिण से ही देश में परिवर्तन की शुरूआत होती है। कर्नाटक चुनावों के जो नतीजे आये हैं उनसे साफ जाहिर है कि भविष्य में हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश में परिवर्तन आएगा। इस दौरान भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ उत्तरप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज बब्बर, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा व पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया सहित तमाम कांग्रेस नेता मौजूद थे। किठवाड़ी गांव में शोकसभा में शामिल होने के उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने गरीबी, महंगाई, बेरोगारी, भ्रष्टाचार के मुद्दों को मद्देनजर रखते हुए कांग्रेस को प्रचंड बहुमत दिया है। हमेशा से ही परिवर्तन की शुरूआत दक्षिण से होती है। जो परिवर्तन कर्नाटक में हुआ है अब वही परिवर्तन पूरे देश में आएगा और हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश में परिवर्तन सुनिश्चित है।

आज पूरे देश की जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से दुखी है और सत्ता परिवर्तन चाहती है। आने वाले चुनावों में देश-प्रदेश में परिवर्तन होगा।

## सीएम के सलाहकार ने की सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों की समीक्षा



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
हरियाणा के मुख्यमंत्री के सलाहकार (सिंचाई एवं सीएम विंडो) देवेंद्र सिंह ने सोमवार को गुरुग्राम जिला में सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने यहां लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक के एजेंडे में शामिल लंबित शिकायतों की सुनवाई की संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने समीक्षा बैठक में एजेंडे में शामिल 10 शिकायतों का सिलसिलेवार विवरण दिया। देवेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो के माध्यम के माध्यम से आने वाली शिकायतों का निपटारा करने के लिए विभागाध्यक्षों को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। हरियाणा सरकार ने सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के लिए एमिनेंट पर्सन भी बनाए है। ऐसे में लंबित शिकायतों के निपटारे के लिए एमिनेंट पर्सन को भी शामिल किया जाए। सीएम विंडो से जुड़ी गाइडलाइन का सभी विभागाध्यक्ष पालन करें और अपने एक्शन की रिपोर्ट पोर्टल पर भी समय रहते अपडेट करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिन शिकायतों से जुड़े मामले न्यायालय में भी विचाराधीन है उनकी भी रिपोर्ट उचित तरीक से की जाए। उन्होंने नगर परिषद सोहना क्षेत्र में रिहायशी इलाके के समीप पोल्ट्री फार्म से संबंधित मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व स्थानीय निकाय अधिकारियों की संयुक्त टीम को साइट विजिट करने के निर्देश दिए। इसी तरह निजी रिहायशी सोसायटीज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स में नियमों के उल्लंघन को लेकर एक शिकायत में डीटीपी (ई) व हाइड्रोलॉजिस्ट की टीम को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम गुरुग्राम, सिंचाई विभाग, जीएमडीए, एचएफडीसी, एचएसवीपी आदि से जुड़े अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करने की रिपोर्ट भी भेजने के निर्देश दिए।

## 'भिवानी व नूंह साईबर क्राईम के बने हॉटस्पॉट, सरकार ले संज्ञान'

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता किरण चौधरी ने प्रदेश में बढ़ती हुई नशाखोरी पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि अब भिवानी भी नशे का गढ़ बन गया है। भिवानी तथा नूह जिला नशाखोरी तथा साईबर क्राईम में हॉटस्पॉट बनते जा रहे है। इसके पीछे मुख्य कारण बेरोजगारी व नशाखोरी पर बंदिश ना लगाना है। यह बात उन्होंने आज भिवानी में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस मौके पर किरण चौधरी ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश के सात जिलों में सरसो की खरीद दो दिन के लिए फिर से शुरू की गई, उसे 10 दिन किया जाना चाहिए, ताकि सभी किसानों को एमएसपी मिल सकें। वही उन्होंने भाजपा-जजपा पर 5100 रुपए पेंशन का वायदा पूरा ना किए जाने का आरोप लगाया। महेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक राव दान सिंह द्वारा मौका मिलने पर भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनाव लडने के ब्यान पर जब किरण चौधरी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि रावदान सिंह उनके सामने भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनाव लडने की बात नकार चुके है। वे खुद उनसे गुडगांव सीट की सिफारिश जरूर कर रहे है।

## जेजेपी शुरू करेगी प्रवासी हरियाणवियों के लिए हेल्पलाइन

### ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित हुआ कार्यक्रम, जेजेपी प्रधान महासचिव ने किया देश में निवेश का आह्वान




**8 जेजेपी संगठन में प्रवासी प्रकोष्ठ भी बनाया जाएगा और इस वर्ष नवंबर में दुनिया के पांच शहरों में हरियाणा दिवस भी मनाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**जननायक** जनता पार्टी जल्द ही विदेशों में बसे हरियाणवी लोगों और विदेश जाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए विशेष हेल्पलाइन सेवा शुरू करेगी। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में हुए एक विशेष कार्यक्रम में जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने घोषणा करते हुए कहा कि जेजेपी संगठन में प्रवासी प्रकोष्ठ भी बनाया जाएगा और इस वर्ष नवंबर में दुनिया के पांच शहरों में पार्टी हरियाणा दिवस भी मनाएगी। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में बसे हरियाणवी युवाओं के विशेष निमंत्रण पर वहां पहुंचे दिग्विजय चौटाला का सैकड़ों युवाओं ने स्वागत किया। दिग्विजय चौटाला ने वहां बसे हर वर्ग के हरियाणवी और अन्य भारतीय मूल के लोगों से विचारों का आदान-प्रदान किया और अनुभव साझा किए। प्रवासी भारतीयों के खचाखच भरे हॉल में दिग्विजय ने कहा कि पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र की तरह अब हरियाणवी भी दुनियाभर में अपना नाम रोशन कर रहे हैं और ग्लोबल हरियाणवी कम्युनिटी लगातार संख्या में और समृद्धि में तरक्की कर रही है। उन्होंने आह्वान किया कि युवा खुद को स्थापित कर अपने गांव, शहर और समाज के विकास के लिए भारत और हरियाणा में भी काम करें ताकि सही मायने में हरियाणा की पहचान दुनिया में बुलंद बने।

प्रवासी भारतीयों के इस कार्यक्रम में दिग्विजय चौटाला ने बताया कि हरियाणा की मौजूदा सरकार में युवा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की पहल पर कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं और आज हरियाणा तेजी से तरक्की कर रहा है।

खरखौदा में मारुति प्लांट, गुड़गांव में ग्लोबल सिटी, हिसार में एयरपोर्ट, जींद समेत कई शहरों में मेडिकल कॉलेज और हरियाणा में बन रहे बेहतर एक्सप्रेस वे का जिक्र कर दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हरियाणा एक विकसित प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 फीसदी रोजगार गारंटी, महिलाओं को पंचायतों में 50 फीसदी हिस्सेदारी, युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए बार-बार फॉर्म भरने से आजादी और मुफ्त शिक्षा-कोचिंग जैसे सर्वांगीण विकास के काम युवा डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की सोच की देन हैं।

## अधिकारों के लिए प्राध्यापकों ने भरी हुंकार

**8 अपनी मांगों को लेकर शिक्षकों ने सरकार और विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया**

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
**हरियाणा** फेडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन (एचफुकटो) के नेतृत्व में प्रदेश के सरकारी एवं एडिड कॉलेज और स्टेट यूनिवर्सिटी शिक्षक सोमवार को भारी संख्या में पंचकूला में एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने पंचकूला शिक्षा सदन का घेराव किया। अपनी मांगों को लेकर शिक्षकों ने सरकार और विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया।

हरियाणा से कॉलेज और यूनिवर्सिटी शिक्षक भारी संख्या में पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित उच्चतर शिक्षा निदेशालय के आगे भीषण गर्मी में अपना आक्रोश जताने के लिए लामबंद हुए। हरियाणा फैडरेशन ऑफ यूनिवर्सिटी एण्ड कॉलेज टीचर्स ऑर्गेनाइजेशनज (एचफुक्टो) के बैनर तले प्रदेश की स्टेट यूनिवर्सिटियों, सरकारी एवं एडिड कॉलेजों के हजारों शिक्षकों शिक्षा और शिक्षकों के हितों के लिए सड़क पर उतर कर आक्रोश जताया। एचफुक्टो के अध्यक्ष डॉ.विकास सिवाच, महासचिव डॉ.सुनील कुमार ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेन्शन स्कीम बहाल करने, सेल्फ फाईनेंस शिक्षकों को बजटेड में करने, रिक्तियों को भरने, रेगुलेशनज की विसंगतियों को दूर करने , एम फिल-पीएचडी इंक्रीमेंट देने, विभिन्न स्तरों पर तुरंत-त्वरित पदोन्नति करने, एडिड कॉलेजों के लिए ग्रेच्युटी, बढ़ा हुआ मकान किराया भत्ता, मेडिकल स्कीम ,यूजीसी के अनुसार रिटायरमेंट आयु 65 वर्ष करने ,कैशलेस मैडिकल स्कीम देने,सरकारी कॉलेजों के शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कामों से मुक्त करने, न्यायोचित ट्रांसफर पॉलिसी देने, पदोन्नति में रूरल सर्विस की शर्त हटाने, गुरु जम्भेश्वर ,कुरुक्षेत्र, पर्फार्मिंग रोहतक, एमडीयू समेत सभी यूनिर्वसिटी के शिक्षकों की सुनवाई करने की मांगें लम्बित हैं।

# दिल्ली बोर्ड ने घोषित किए 10वीं-12वीं के नतीजे




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केजरीवाल सरकार के दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने सोमवार को 10वीं और 12वीं के अपने पहले साल के रिजल्ट की घोषणा की। शिक्षा मंत्री आतिशी ने प्रेस वार्ता के माध्यम से इसकी जानकारी दी। डीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। 10वीं का रिजल्ट 99.49 प्रतिशत और 12वीं का रिजल्ट 99.25 प्रतिशत रहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि एक नए प्रयोग के साथ दिल्ली सरकार ने अपने स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में डीबीएसई के तहत पढ़ाई शुरू कराई। दुनिया के नामी आईबी बोर्ड के साथ मिलकर उनका सिलेबस तैयार कराया। आज दिल्ली स्कूल शिक्षा बोर्ड के ये बेहतरीन नतीजे ये साबित करते हैं कि हम सही दिशा में काम कर रहे हैं। सभी बच्चों के साथ दिल्ली की टीम एजुकेशन को बहुत-बहुत बधाई। बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा देने के साथ हमें उन्हें एक कामयाब इंसान बनाना है। प्रेस वार्ता में शिक्षा मंत्री ने कहा कि, आज भारत की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक बड़ा दिन है। दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन अपना पहला 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर रही है। ये देश की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने का दिन है। उन्होंने कहा कि आज जितने भी विकसित देश है उन्होंने पिछले 50-100 सालों से अपने देश के हर बच्चे को विश्वस्तरीय शिक्षा मुहैया करवाई है चाहे वो अमीर परिवार से आते हो या गरीब परिवार से आते हो। उन्होंने कहा कि, पिछले 5 साल से दिल्ली सरकार के स्कूलों के सीबीएसई 12वीं बोर्ड के नतीजे प्राइवेट स्कूलों से बेहतर आए है। 2018 से अबतक हर साल दिल्ली सरकार के स्कूलों का रिजल्ट 90 प्रतिशत से ज्यादा आया है। इस साल भी जब सीबीएसई का 12 का रिजल्ट आया है तो दिल्ली सरकार के स्कूलों का रिजल्ट न सिर्फ नेशनल एवरेज से ज्यादा है बल्कि देशभर के प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर है।

देशभर के प्राइवेट स्कूलों का रिजल्ट 87.95 आया वही दिल्ली सरकार के स्कूलों का रिजल्ट 91.59 प्रतिशत रहा है जो प्राइवेट स्कूलों से कही बेहतर है। शिक्षा मंत्री आतिशी कहा कि, इस साल डीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में 1582 व 12वीं की परीक्षा में 667 विद्यार्थी शामिल हुए। 10वीं की परीक्षा में सभी छात्रों के पास 6 फाउंडेशनल विषय थे। इसमें हिंदी,अंग्रेजी, गणित,विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व एंत्रप्रोन्योरियल माइंडसेट एंड डिजिटल डिजाईन शामिल है। साथ ही स्पेशलाइज्ड विषयों के रूप में 6 फाउंडेशनल विषय के अलावा डीबीएसई ने कई अन्य स्पेशलाइज्ड विषयों की परीक्षा भी ली।

**8 देशभर के प्राइवेट स्कूलों का रिजल्ट 87.95 आया वही दिल्ली सरकार के स्कूलों का रिजल्ट 91.59 प्रतिशत रहा है**

इन विषयों के तहत ह्यूमैनिटीज के विद्यार्थियों ने वर्ल्ड ऑफ वर्क, सिस्टम एंड सोसाइटीज, हाई-एंड 21२३ सेंचुरी के विद्यार्थियों ने एडवांस टेक्नोलॉजी, डिजाईन एंड कॉमर्स,स्टेम के विद्यार्थियों ने एडवांस्ड मैथ्स व एडवांस्ड साइंस व परफोर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के विद्यार्थियों ने मीडिया, क्रिएटिव राइटिंग-क्रिएटिव एक्सप्रेशन की परीक्षा दी। डीबीएसई द्वारा 12वीं की परीक्षा स्टेम स्पेशलाइजेशन में आयोजित की गई। इसमें 667 छात्रों ने परीक्षा दी।


## दुकानदार की चाकू गोदकर ली जान

**8 हमले करने वाले कुछ युवकों का पहले पड़ोस के पनवाड़ी से झगड़ा हुआ था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्वरूप नगर** इलाके में झगड़े के दौरान बीच-बचाव करने वाले एक दुकानदार की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हमले करने वाले कुछ युवकों का पहले पड़ोस के पनवाड़ी से झगड़ा हुआ था। उस दौरान दुकानदार ने बीच-बचाव किया था। उसके बाद सभी युवक वहां से चले गए और अपने साथ अन्य साथियों को लेकर वापस लौटकर वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान बीच-बचाव कर रहे दुकानदार के भाई और पनवाड़ी पर भी हमलावरों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए हमले में शामिल तीन नाबालिगों समेत छह लोगों को पकड़ लिया। पुलिस फरार तीन अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। मृतक की शिनाख्त विनोद (40) के रूप में हुई है। भाई को बचाने आए अमित और अरविंद के भी हमलावरों ने चाकू मारे। इसके बाद फरार हो गए। परिवार वाले घायलों को पास के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने विनोद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अमित के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की छानबीन के दौरान सीसीटीवी कैमरे को खंगाला और आरोपियों की पहचान करने के बाद दबिश शुरू की। उसके बाद पुलिस ने 6 आरोपियों को पकड़ लिया। इनमें से 3नाबालिग हैं। गिरफ्तार तीन आरोपियों की पहचान स्वरूप नगर निवासी सुमित, रमन और करण के रूप में हुई है।

**चाकू, छुरा और ईंटें साथ लेकर आए थे हमलावर:** विनोद अपने पिता, दो छोटे भाइयों दिलीप और अमित के साथ गली नंबर 9 स्वरूप नगर में रहता था। वह शादीशुदा था। उसकी पत्नी संध्या, दस साल का बेटा और दो बेटियां हैं। घटना में घायल विनोद के छोटे भाई अमित ने बताया कि उनका परिवार मूलतः सिद्धार्थ नगर, यूपी का रहने वाला है और काफी अरसे से स्वरूप नगर में रहता है। वह इलाके में अपने बड़े भाई विनोद के साथ मिठाई की दुकान चलाता है। उसने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े सात बजे वह अपने भाई के साथ अपनी दुकान पर था। पड़ोस में अरविंद शर्मा की पान की दुकान है। अरविंद की दुकान पर 4-5 लड़के आए। किसी बात पर विवाद होने पर उन्होंने अरविंद के भतीजे को थप्पड़ मार दिया। अरविंद के पूछने पर लड़कों ने उन्हें भी पीटा। मारपीट होती देख विनोद बीच-बचाव करने पहुंचे तो हमलावर उनसे भी मारपीट करने लगे। विनोद ने एक युवक को धक्का मार दिया।

इसके बाद सभी लड़के वहां से चले गए। रात करीब साढ़े 8 बजे नौ लोग वहां पहुंचे। सभी के हाथ में चाकू, छुरा व ईंटें थीं। हमलावरों ने दुकान का सामान गिरा दिया। विनोद ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो हमलावरों ने उनपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।




## राजमिस्त्री की गोली मारकर हत्या

**बाहरी** जिला के पश्चिम विहार इलाके में सुबह अज्ञात हमलावरों ने राजमिस्त्री की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के समय वह घर से कूड़ा फेंकने के लिए जा रहा था। पुलिस को छानबीन के दौरान मौके से तीन खोखे मिले हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में हमला के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस आस पास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल कर हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। मृतक की शिनाख्त अनवर खुर्शीद (58) के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ चंदर विहार निहाल विहार में रहता था और राजमिस्त्री का काम करता था। रविवार सुबह वह अपने घर से कूड़ा लेकर उसे गली के पास फेंकने के लिए जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## क्लब में नहीं मिली एंट्री तो इवेंट मैनेजर को मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विवेक विहार स्थित** क्रास रिवर मॉल के एक क्लब में इवेंट मैनेजर को गोली मार देने के मामले में शामिल एक आरोपित को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है।

## डिप्टी सीएम 19 मई को पूरे दिन पानीपत शहर में रहेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**इस दिन लगभग** 23 जगह कार्यकताओं के यहां चाय पिएंगे। दुष्यंत चौटाला के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जेजेपी कार्यालय जाटल रोड़ पर सभी पदाधिकारियों ने बैठक करके कार्यक्रमों को निर्धारित किया । इस मौके पर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुकत जिला प्रधान सुरेंद्र धौला व राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बहन फुलवती का फुल-मालाओं से स्वागत किया व लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया । उप -मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पानीपत शहर के कार्यक्रमों की वजह से कार्यकर्ताओं में जोश का संचार होगा। इससे कार्यकर्ताओं के मन की बात सुनने के साथ-साथ उनमें नए जोश का संचार करेंगे जिससे संगठन के लिए कार्य करने में अपनी पूरी क्षमता लगाते नजर आएंगे। डिप्टी सीएम के कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं में पूरा जोश है ।इस मौके पर जेजेपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन फूलवती, राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, पानीपत जिला अध्यक्ष सुरेंद्र धौला, प्रदेश संगठन सचिव देवेंद्र कादियान, चरण सिंह खैंची, दयानंद उरलाना, पानीपत ग्रामीण हल्का अध्यक्ष धर्मबीर राठी, बिजेंदर करहंस समालखा हल्का अध्यक्ष मौजूद रहे।



## डबल डेकर बसों को उतारने की योजना अधर में

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की सड़कों पर फिलहाल डबल डेकर बसों को उतारने की योजना अधर में है। ऊंचाई अधिक और फुटओवर ब्रिज, अंडरपास की अड़चनों की वजह से बसों की निर्बाध आवाजाही की राह में कई मुश्किलें हैं, इसलिए डबल डेकर बसों के चलने की उम्मीद नगण्य रह गई है। कुछ महीने पहले परिवहन विभाग ने 25 बसों को रिंग रोड पर चलाने का प्रस्ताव तैयार किया था। इन बसों के परिचालन की संभावनाएं तलाशने के लिए अध्ययन भी किया गया। जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले 25 डबल डेकर बसों के परिचालन की संभावनाएं पता करने के लिए किए अध्ययन के परिणाम को देखते हुए इस पर निर्णय लिया गया। पिछले वर्षों के दौरान दिल्ली में सड़कों पर कई फ्लाईओवर, अंडरपास और फुट ओवरब्रिज बनाए गए। इससे वाहनों की आवाजाही में सहूलियतें बढ़ीं, लेकिन अब डबल डेकर की राह में अड़चन पैदा कर रही हैं। एक अधिकारी ने बताया कि अध्ययन के परिणाम में डबल डेकर बसों के परिचालन की राह में कुछ अड़चनें सामने आईं। इन्हें दूर करना फिलहाल संभव नहीं है। फुटओवर ब्रिज, फ्लाईओवर और अंडरपास के अलावा कई जगह ओवरहेड तार होने की वजह से डबल डेकर बसों की आवाजाही की राह में रुकावट की आशंका जताई गई। इन वजहों से दिल्ली की सड़कों पर दोबारा डबल डेकर बसों के परिचालन पर फिलहाल विराम लग गया है। दिल्ली की सड़कों पर 32 साल बाद दोबारा डबल डेकर बसें उतारने के लिए प्रस्ताव पेश किया गया था। बस की दोनों मंजिलों पर यात्रियों के बैठने की सुविधा होने से बसों की कमी से होने वाली परेशानी दूर होने की उम्मीद की जा रही थी। बसों का परिचालन शुरू करने के लिए संभावनाएं तलाशने के लिए अध्ययन किया गया। अध्ययन में सामने आए तथ्यों को देखते हुए प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सका। डबल डेकर बसों को शुरूआत में रिंग रोड पर चलाने की दिशा में पहल की गई थी।

**सुविधा सेवा की दोबारा शुरूआत पर दुविधा:** 70 के दशक में दिल्ली में सुविधा सेवा के तहत डबल डेकर बसें चलाई गई थीं। इसमें चालक का केबिन यात्रियों के डेक से अलग होता था और इन बसों को ट्रेलर के तौर पर जाना जाना था।

बस के दोनों फ्लोर पर यात्रियों के लिए बैठने की सुविधा थी, लेकिन बस का संतुलन नहीं बिगड़े इसलिए ऊपरी मंजिल पर किसी भी यात्री को खड़े होकर सफर करने की इजाजत नहीं थी। यात्रियों को सफर में दिक्कत नहीं हो, इसलिए दोनों डेक के लिए अलग-अलग कंडक्टर होते थे। इससे यात्रियों को सहूलियत होती थी।

**अधिक ऊंचाई होने के कारण बंद की गई थीं बसें:** 1982 में श्रीनिवासपुरी डिपो से 20 बसें अलग-अलग मार्गों पर चलती थी। इनमें मुद्रिका (रिंग रोड), लाल किला से प्रेस एन्क्लेव के अलावा दूसरे मार्गों पर भी डबल डेकर बसें 90 के दशक की शुरूआत तक चलती रहीं। रिंग रोड पर निर्मित पुल और फुटओवर ब्रिज की ऊंचाई के कारण इसे बंद कर दिया गया, खासकर कश्मीरी गेट, मोती बाग सहित रिंग रोड पर कई जगहों पर डबल डेकर बसों के लिए उचित नहीं मानते हुए फिलहाल प्रस्ताव को अमली जामा नहीं पहनाया जा रहा।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बहालगढ़** थाना क्षेत्र में बागपत-गढ़ सड़क मार्ग पर गांव पलड़ी के पास तेज रफ्तार कार चालक ने मोटरसाइकिल सवार को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिक्त्सिक ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव पलड़ी खुर्द निवासी अग्रेंज ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसका बड़ा बेटा सुमित (27) निजी कंपनी में काम करता है। गत 14 मई को वह मोटर साइकिल लेकर पंप पर तेल डलवाने के लिए गया था। देर शाम करीब 7.30 बजे पंप से तेज डलवाकर वापिस घर लौट रहा था। बागपत-गढ़ सड़क मार्ग पर गांव पलड़ी के पास विपरित दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथ मनमीत मोटर साइकिल पर चल रहा था। वह भी घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने सुमित को मृत घोषित कर दिया। जबकि मनमीत को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया।


**G20 उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82230469A | [illegible] | 150875 नंबर | 07.06.2023 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं-82230469A/MED/PART-1 दिनांक: 15.05.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1468/23

**G20 उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-05-T-2023-24-E3 [illegible] |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू 46.34 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी. स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | Rs. 92700.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 07.06.2023, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 07.06.2023, 12.00 Hrs. |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in / वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी. नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1471/23

**G20 उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या 230-TRS-GZB-2022-23-34 के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | 'PU (Polyurethane) painting to earlier PU painted 3-phase Electric Locomotives at Electric Loco Shed, Ghaziabad', Qty. 80 Locomotives. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 43,08,996.00 |
| 3 | धरोहर राशि | Rs.86,200.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 05.06.2023 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 05.06.2023 (After 11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोट: (i) निविदाकर्ता को ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है।
संख्या:230-TRS-GZB-2022-23-34 दिनांक: 12-05-2023 1467/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पुरानी अनाज मंडी में मिला व्यक्ति का शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल की पुरानी अनाज मंडी रोड पर दुकान के बाहर एक व्यक्ति का शव मिला है। इसकी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव नगला फार्म निवासी अशोक पिछले कई सालों से केआर सिनेमा के पास एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर काम करता था। रविवार को शाम को भी घर से दुकान पर आया था।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** एवीटी स्टाफ सोनीपत ने अवेध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंजीत निवासी मुकीमपुर हाल में पटेल नगर का है। जांच अधिकारी सतीश ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गांव रायपुर चौक पर मौजूद थी। उसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक युवक रेलवे के फ्लेटों में रहता है। उसके पास अवैध हथियार है। हाल में वह फााजिपुर रोड पर खड़ा हुआ है। टीम ने छापेमार कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास देशी पिस्तौल सहित जिंदा रौंद मिले। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज किया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियारों वह किसी अज्ञात व्यक्ति से 30 हजार रुपये में लेकर आया था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### सट्टेबाजी करते हुए गिरफ्तार, मौके से हजारों की नकदी बरामद

**सोनीपत:** शहर थाना पुलिस ने सट्टेबाजी करते हुए आरोपित को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपित योगेश निवासी गढ़ी घसीटा, सोनीपत का है। जांच अधिकारी संजय ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गोल मार्केट गोहाना रोड के पास मौजूद थी। उसी दौरान दुकान के सामने अवैध रूप से सट्टेबाजी करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। उसक`पास से 9240 रुपये की नकदी बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ जुआं अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### महिला पर डंडे से हमला कर घायल करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** मोहाना थाना क्षेत्र में महिला को डंडे व लात मारकर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मोहाना निवासी कमलेश ने बताया कि गत 14 मई को करीब दो बजे राकेश व किशन का परिवार आपस में झगड़ा कर रहा था। वह अपने घर पर बैठी हुई थी। उसी दौरान दोनों पक्ष उसके पास आए। रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट करने लगे। उस पर डंडो से हमला कर घायल कर दिया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# कुंड कलां रेत खनन परियोजना को लेकर हुआ लोक सुनवाई का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली अधिसूचना के अनुसार प्रस्तावित कुंड कलां रेत खनन परियोजना ग्राम कुंडा कलां जिला करनाल राज्य हरियाणा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नगराधीश अमन कुमार की अध्यक्षता में लोक सुनवाई की गई। इस मौके पर ग्रामीणों ने रेत खनन परियोजना को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेन्द्र अरोड़ा ने कुंडा कलां रेत खनन परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के पट्टेधारक मैसर्ज आरएम इंडस्ट्रीज (मोहित छिकारा) है। यह खनन पट्टा नदी तल (रेत खनन से ) से संबंधित है। परियोजना के तहत 42.70 हैक्टेयर के क्षेत्रफल में रेत खनन हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए आवेदन का प्रस्ताव रखा गया है। परियोजना की अनुमानित लागत 23.925 करोड़ रुपये है। परियोजना अवधि के दौरान कुल औसतन उत्पादन 18 लाख टन प्रतिवर्ष होने का प्रस्ताव है।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य नदी के किनारों को चौड़ा होने से रोकना तथा आसपास के क्षेत्र को बाढ़ और नुकसान से बचाना है। समाज के सबसे गरीब वर्ग के लिए आजीविका के अवसर उपलब्ध करवाना, इस परियोजना से निर्माण सामग्री जैसे रेत पूर्ति में सुधार होगा, जिससे राज्य में बुनियादी जरूरतें, परियोजनाओं जैसे सडकों, इमारतों,



पुलों आदि के निर्माण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नदी के बहाव से लघु खनिजों (रेत) इत्यादि के खनन एवं संग्रह द्वारा नदी के मौजूदा मार्ग को बनाए रखना है। उन्होंने खनन प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे लाईन, जलाशय अथवा सडक से 50 मीटर की दूरी तक कोई खनन का कार्य नहीं किया जाएगा। नदी के सूखे क्षेत्र पर खनन किया जाएगा, सक्रिय जलधारा को प्रभावित नहीं किया जाएगा। भूमिगत जल स्तर से नीचे खनन की अनुमति नहीं होगी, वन क्षेत्र में खनन की अनुमति नहीं होगी, ठेकेदारों को खनन के समय खान अधिनियिम 1952 और खान एवं खनिज अधिनियम 1957, वन संरक्षण अधिनियम 1980 का पालन करना होगा। ठेकेदारों को खान अधिनियिम 1952 के प्रावधानों, अंतर्राज्जीय प्रवासी कार्यबल अधिनियम का पालन करना होगा। ठेकेदार सक्षम अधिकारी की संतुष्टि के साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार के श्रमिक कानूनों के अनुसार पेजयल, आश्रय, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, कल्याण सुविधाएं इत्यादि उपलब्ध करवाएंगे।

उन्होंने पर्यावरण प्रबंधन योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि धूल को उड? से बचाने के उपाय किए जाएंगे जैसे सडकों पर पानी का छिडकाव किया जाएगा, ध्यान रखा जाएगा कि तिरपाल से ढककर रेत का परिवहन हो ताकि रेत को उड? या गिरने से रोका जा सके, वाहनों की ओवरलोडिंग नहीं की जाएगी, पट्टे की अवधि के दौरान खनन कार्य शीर्ष सतह से 3 मीटर की गहराई तक किया जाएगा। ग्राम क्षेत्र में ध्वनि यंत्र का न्यूनतम उपयोग किया जाएगा, पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण के लिए वृक्षारोपण किया जाएगा। पुराने और खराब हो चुके ट्रैक्टरों का उपयोग नहीं किया जाएगा।

पर्यावरण नियंत्रण योजना के बारे में बताया कि आसपास के तालाबों, कुओं और बोरवैल में पानी के स्तर का मापन किया जाएगा, नदी के किनारे का अपर्दन रोकने के लिए नियमित जांच की जाएगा, किसी भी असामान्य स्थिति में उचित कार्यवाही की जाएगी। खनन क्षेत्र स्थिर और गतिशील स्रोतों और आसपास के गांवों में शोर के स्तर की जांच साल की हर तिमाही में की जाएगी।

खनन का प्रबंधन आसपास के स्थानीय लोगों के संपर्क में नियमित रूप से रहेगा ताकि उन द्वारा बनाई गई विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का नवीनीकरण किया जा सके तथा किसी भी प्रकार की तत्काल आवश्यकता पर विचार किया जा सके और जिस पर निकट भविष्य में कार्यवाही भी की जा सके।

## बीएएसएफ के दो नए शाकनाशी फेसेट और डुवेलॉन लॉन्च

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भारत धान** और चाय दोनों फसलों का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। हालाँकि, भारत में धान और चाय उत्पादकों के लिए प्रमुख चुनौतियों में से एक है समस्याग्रस्त खरपतवारों पर नियंत्रण, जिसके कारण वे उच्च गुणवत्ता वाली उपज प्राप्त नहीं कर पाते हैं। बीएएसएफ ने अब भारत में धान और चाय उत्पादकों के लिऐ उनकी फसलों को आक्रमक खरपतवारों से बचाने में मदद करने के लिए दो नए खरपतवारनाशक, फेसेट और डुवेलॉन प्रस्तुत किए हैं । धान के खेतों में उपयोग के लिए फेसेट तैयार किया गया है, जबकि चाय बागानों में उपयोग के लिए डुवेलॉन को विशेष रूप से बनाया गया है । श्री राजेन्द्र वेलागला, व्यापार निदेशक , कृषि समाधान, दक्षिण एशिया, बीएएसएफ ने कहा कि, भारत में ये नए खरपतवारनाशक उत्पाद भारतीय कृषि के नवाचार और स्थिरता के लिए बीएएसएफ की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं । हम आश्वस्त हैं कि उत्पादकों को प्रभावी और स्थायी समाधान प्रदान करके, हम पर्यावरण पर प्रभाव को कम करते हुए भोजन की बढ़ती मांग को पूरा करने में उनका सहयोग व समर्थन कर सकते हैं ।

## पथ विक्रेता पीएम स्वनिधि स्कीम का ज्यादा उठाएं लाभः अभिषेक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। प्रधानमंत्री** स्ट्रीट वैंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) स्कीम के तहत नगर निगम ने पथ विक्रेता/रेहड़ी-फड़ी वालों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए नए लाईसेंस जारी करने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए नेहरू पैलेस स्थित निगम कार्यालय (ओल्ड इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट) में एक हैल्प डैस्क भी स्थापित किया गया है। स्कीम का लाभ लेने के लिए कोई भी पथ विक्रेता यहां से ऋण सम्बंधी जानकारी ले सकता है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि पीएम स्वनिधि वर्ष 2020 में कोविड महामारी के बाद शुरू हुई थी। कोविड में रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले लोगों का व्यवसाय चोपट हो गया



था। ऐसे लोगों की आर्थिक मदद करके उनके व्यवसाय को फिर से जीवित कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि स्कीम लागू की गई थी, जिसमें बिना गारंटी के 10 हजार रुपए का ऋण दिया जाता था। जो लोग मासिक किश्तों में इस ऋण को चुका देते हैं, वह सम्बंधित बैंक से ही 20 हजार रुपए का ऋण ले सकते हैं। इसी प्रकार 20 हजार रुपए का ऋण चुकाने के बाद 50 हजार रुपए ऋण का लाभ भी इसी स्कीम में दिया जा रहा है, जो सम्बंधित बैंक से ही मिलेगा। खास बात यह है कि ऋण पर लगने वाले ब्याज में से लाभार्थी को 9 प्रतिशत की सब्सिडी मिलती है, शेष 1 या 2 प्रतिशत ऋण ही चुकाना पड़ता है।

निगमायुक्त ने बताया कि नए स्ट्रीट वैंडरों को ऋण प्राप्त करने के लिए अटल सेवा केन्द्र में जाकर पीएम स्वनिधि पोर्टल पर आवेदन देना होगा। स्ट्रीट वैंडर निगम कार्यालय में फार्म भरने के बाद भी अटल सेवा केन्द्र में जा सकते हैं। आवेदन के लिए लाभार्थी को फोटो, आधार कार्ड और बैंक कॉपी की फोटो प्रति देनी होगी। फार्म भरने के बाद स्ट्रीट वैंडर की वेरीफिकेशन होती है और फिर उसे ब्रिकी प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जो स्ट्रीट वैंडर डिजीटल तरीके से पैसे का लेन-देन करेगा, उसे कैश बैक का लाभ मिलता है।

## डेंगू को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग सतर्क, स्वास्थ्य केंद्रों पर बनाए डेंगू वार्ड

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले** में डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। विभाग की तरफ से डेंगू के बचाव को लेकर तैयारियों को शुरू कर दिया। विभाग की तरफ से घर-घर जाकर जागरूकत अभियान के साथ-साथ चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य केंद्रों पर विभाग की तरफ से डेंगू वार्ड बनाए गए है। संदिग्ध मरीज की हालत ज्यादा खराब होने पर मरीजों को अस्पताल में बनाए गए वार्ड में रखा जायेगा। ताकि मरीज को बेहत्तर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। बता दें कि जिले में लगातार संदिग्ध बुखार से ग्रस्त मरीज आने शुरू हो गए है। मौसम के बदलाव के चलते लोगों की सेहत पर वायरल बुखार का असर देखने को मिल रहा है। अस्पताल में वायरल बुखार से ग्रस्त मरीज पहुंचे रहे है। वहीं डेंगू बुखार को लेकर विभाग की तरफ से कमर कस ली गई है। इस बार स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही तैयारी शुरू कर दी है। मेडिकल कॉलेज, जिला नागरिक अस्पताल व सभी सीएचसी पर डेंगू वार्ड बना दिए है। राहत यह है कि इस बार अभी तक डेंगू का एक भी मरीज नहीं मिला है। विभाग ने डेंगू मुक्त जिला बनाने के लिए कदम उठाए है। स्वास्थ्य विभाग की नोडल अधिकारी डॉ. अनविता कौशिक ने शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर स्कूलों में बच्चों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूकता के लिए कहा गया है।

**क्या है डेंगू के लक्षण-**

स्वास्थ्य अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बारिश शुरू होते ही मच्छर जनित रोगों जैसे डेंगू का खतरा बढ़ जाता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द, जी मचलाना एवं उल्टी होना, आंख के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक, मसूढ़ों से रक्तस्त्राव, काला मल का आना आदि डेंगू के लक्षण है। इस तरह के लक्षण हों तो अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र जाकर डेंगू की जांच अवश्य कराएं।

## मादक पदार्थ के आरोपित को सीआईए-1 ने किया गिरफ्तार

**सोनीपतः सीआईए-1** स्टाफ सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सादिक निवासी आंतिल ईंट भट्ठा गांव खांडा सोनीपत का है। जांच अधिकारी अनिल ने बताया कि उनकी टीम सरकारी स्कूल खांडा के पास मौजूद थी। गुप्त सूचना मिली कि आरोपित मादक पदार्थ बेचने की फिराक में घुम रहा है। आरोपित को काबू कर उसकी तलाशी ली। उसके पास वजन करने पर एक किलो 070 ग्राम मादक पदार्थ मिला। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त मादक पदार्थ को वह 22 हजार रुपये में दिल्ली से लेकर आया था।

## करनाल के 47 केंद्रों पर 21 मई को संपन्न होगी एचसीएस परीक्षा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि 21 मई को करनाल के 47 केंद्रों पर हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में कुल 14 हजार 664 कैंडिडेट परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए तैयारियां की जा रही हैं। उपायुक्त अनीश यादव सोमवार को हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल के साथ एचसीएस परीक्षा को लेकर आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बोल रहे थे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा प्रदेश की प्रतिष्ठित परीक्षा में से एक है। इसे हरियाणा लोक सेवा आयोग आयोजित कर रहा है। इस परीक्षा के 47 सेंटर करनाल में बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर सुबह 10 बजे से 12 बजे और 3 बजे से 5 बजे की दो शिफ्ट में परीक्षा होगी। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8.30 बजे से 9.15 बजे तक कैंडिडेट एंट्री कर सकते हैं जबकि दूसरी शिफ्ट में 1.30 बजे से 2.15 बजे तक एंट्री होगी।

**नकल पर नकेल कसने के लिए पुख्ता प्रबंधः** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि नकल पर नकेल कसने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पुलिस की कड़ी सुरक्षा रहेगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कड़ी चैकिंग के बाद ही अंदर जाने दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के नजदीक धारा-144 लागू रहेगी।

**शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगी परीक्षा :** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि एचसीएस की परीक्षा सहीं और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी है। परीक्षा केंद्रों पर कैंडिडेट के बैठने, पीने के पानी और शौचालय आदि की उचित व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

## अनाधिकृत रूप से डेयरियों का व्यवसाय करने वाले संचालकों के खिलाफ निगम सख्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

शहर में अनाधिकृत रूप से डेयरियों का व्यवसाय कर गंदगी फैलाने वाले संचालकों के खिलाफ नगर निगम सख्त एक्शन लेने के मूड में है। निगम की ओर से ऐसे डेयरी संचालकों को नोटिस भी जारी किए गए हैं, लेकिन उन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। अब बेपरवाही से चलाई जा रही डेयरियां सील होंगी और उनमें मौजूद पशुओं को जब्त किया जाएगा। यह जानकारी नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने दी।



संयुक्त निगमायुक्त ने बताया कि पशु डेयरियों को शहर से बाहर पिंगली में स्थानांतरित करने के लिए नगर निगम कई सालों से प्रयासरत है। इसके तहत एक परियोजना विकसित की गई थी, जिसमें विभिन्न आकार के 231 प्लॉटों का प्रावधान किया गया है और अब तक 136 प्लॉट अलॉट किए जा चुके हैं। परियोजना में पिंगली डेयरी स्थल पर पक्की सडकें, बिजली, स्टोरम वाटर लाईन व जलापूर्ति आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। अब तक 77 डेयरी मालिकों द्वारा मौके पर निर्माण कार्य आरम्भ किया गया, जिसमें से 18 ने निर्माण का कार्य मुकम्मल कर लिया है, जबकि 7 डेयरी मालिकों ने मौके पर अपनी डेयरियों को शिफ्ट भी कर लिया है। लेकिन बहुत से डेयरी मालिक प्लॉट की अलॉटमेंट के पश्चात भी उस पर भवन निर्माण करके डेयरियों को शिफ्ट करने में कोई रूचि नहीं दिखा रहे। इसके अतिरिक्त कुछ डेयरी मालिक ऐसे हैं, जो न तो प्लॉट की अलॉमेंट के लिए आवेदन कर रहे हैं, न ही अनाधिकृत रूप से शहर में चलाई जा रही डेयरियों को बंद कर रहे हैं।

इससे सम्बंधित एरिया में नागरिकों को दुर्गंध, मक्खी-मच्छर तथा विभिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं डेयरियों से निकलने वाले मल-मूत्र से नालियां व नाले चौक हो रहे हैं।

## पिडिलाइट के रॉफ ने लुधियाना में किया अपने नए कारखाने का शुभारंभ

**अंबाला/टीम एक्शन इंडिया। कंस्ट्रक्शन** और स्पेशलिटी केमिकल्स की अग्रणी निमार्ता कंपनी पिडिलाइट ने एक नई अत्याधुनिक मैन्युफेक्चरिंग फैसिलिटी के उद्घाटन की घोषणा की है। लुधियाना में स्थित इस इकाई में टाइल और स्टोन फिक्सिंग सॉल्यूशंस पर फोकस करने वाले कंस्ट्रक्शन केमिकल ब्रांड रॉफ का निर्माण किया जाएगा। यह इकाई पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगी और उत्तर भारत में रॉफ की उपस्थिति को मजबूत करेगी।

पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेडके डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु वत्स ने कहा, यह ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट इस उद्योग को आधुनिक बनाने और भारत में टाइल्स और पत्थरों को फिक्स करने के तरीके को बदलने की हमारी योजना का हिस्सा है। हमारा उद्देश्य टाइलिंग के लिए विशेषज्ञ एडहेसिव के उपयोग के फायदों को लेकर जागरूकता बढ़ाना है।

ग्राहकों के सामने आने वाली हर तरह की टाइल और स्टोन फिक्सिंग चुनौतियों के लिए रॉफ के पास सही समाधान है। हम देश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले कंस्ट्रक्शन केमिकल सॉल्यूशंस की उपलब्धता पर पूरा फोकस करेंगे और इसकी सप्लाई को बढ़ाते रहेंगे।

## बागवानी क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित हो रही महाराणा प्रताप उद्यान यूनिवर्सिटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल बागवानी क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित हो रही हैए शैक्षिणकए अनुसंधान कार्यों के अलावा किसानों तक नई-नई तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। हजारों किसानों को न केवल बागवानी खेती के बारे में ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जा रही है, साथ ही उन्हें अलग-अलग प्रगृतिशील किसानों के फार्म हाउस या सरकारी सेंटरों का भ्रमण कराया जाता हैं। एमएचयू के रजिस्ट्रार डॉ. अजय सिंह ने कहा कि एमएचयू में निमार्ण कार्य तेजी से चल रहा है, विभिन्न क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों में अब तक करीब 31 करोड़ 63 लाख रुपए के निर्माण कार्य पूरे



किए जा चुके है। इसके अलावा करीब 70 करोड़ 75 लाख रुपए के कार्य चल रहे है। जो जल्द ही पूरे कर लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कहा कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा गांव अंजनथली में हुई थीए गांव वालों की डिमांड थी कि उनके गांव में एमएचयू बने। उन्होंने कहा कि अंजनथली में 18 करोड़ के निर्माण कार्य संपूर्ण हो चुके है, 7 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य चल रहे है। शैक्षणिक खंड का विस्तार, छात्रावास, बिजली घर आदि का कार्य चल रहा है।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय 4 क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों का निर्माण भी कर रही है। इन अनुसंधान केंद्रों में चांदसौली अम्बाला, रईया झज्जर, बधाना जींद व खरकड़ी भिवानी शामिल है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चांदसौली में 5 करोड़ के निर्माण कार्य पूरे हो चुके है तथा 12.20 करोड़ के कार्य चल रहे है। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र रईया में 6.24 करोड़ के काम पूरे हो चुके हैं, जबकि 12 करोड़ 55 लाख के काम चल रहे हे।

इसी तरह क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र बधाना जींद में 2 करोड़ 39 लाख रुपए के काम पूरे हो चुके हैं। इसी तरह खरकड़ी भिवानी अनुसंधान केंद्र का निर्माण कार्य जिसकी अनुमानित लागत लगभग 39 करोड़ रुपए है।

## संपादकीय

# यूपी निकाय चुनावों में योगी का मैजिक

आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले हरेक विधनासभा और नगर निगम चुनावों पर सारे देश की निगाहें रहने वाली हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कर्नाटक विधानसभा और यूपी नगर निकाय चुनावों के नतीजों को देखना होगा। कर्नाटक में बीजेपी को निराशा हाथ लगी लेकिन यूपी निकाय चुनाव परिणामों ने पार्टी को जश्न मनाने का पूरा मौका दिया है। अभी देश में सिर्फ. और सिर्फ. कर्नाटक चुनावों की ही चर्चा हो रही है । जबकि , यूपी नगर चुनाव में कर्नाटक में जितने मतदाताओं ने भाग लिया उससे कहीं ज्यादा मतदाताओं ने यू ० पी० के चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग किया । अतः मैं तो आज यू ० पी० निकाय चुनावों की ही चर्चा करूँगा। भारतीय जनता पार्टी ने यू ० पी ० में अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगमों में अपना परचम लहराया है।नगर निगमों के अतिरिक्त भी सभी अन्य निकायों में भाजपा का प्रदर्शन अत्यंत ही प्रभावशाली रहा है । सपा , कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया , ऐसा कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी । बेशक, इनचुनाव परिणामों से बीजेपी के कार्यकताओं का तो हौंसला बढेगा ही, ताज्जुब नहीं की लोकसभा चुनाव प्रचार में योगी के यूपी मॉडलकी गूंज सुनाई दे। सर्वाधिक लोकसभा सीटों वाले प्रदेश यूपी के निकाय चुनाव को लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तौर पर देखा जा रहा था। चाहे सत्तारूढ़ बीजेपी और उसके सहयोगी दल हों, विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी या कांग्रेस हो। प्रत्येक राजनीतिक दल के लिए यह निकाय चुनाव चुनाव उतना ही मायने रखता था। सभी दल अपने-अपने हिसाब से जोर भी खूब लगा रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए निकाय चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। क्योंकि यह पहला चुनाव था, जो अकेले योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी लड़ रही थी। योगी के ऊपर पूरे चुनाव का दारोमदार था। ऐसे में जीत का श्रेय भी योगी आदित्यनाथ को ही मिलना लाजमी है। यूपी नगर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगमों में अपना परचम लहराया है। 2017 के विधानसभा चुनावों से लेकर यूपी में हुए अब तक के हर चुनाव पर नजर डालें तो योगी की छवि कद्दावर नेता के तौर पर उभरती नजर आती है। 2017 में योगी आदित्यनाथ जब बीजेपी की प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री बनाए गए तो उनकी अगुवाई में बीजेपी ने पहला चुनाव, नगर निकाय का ही लड़ा था। उस चुनाव में बीजेपी ने कुल 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी, यही नहीं 70 नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायतों में 100 सीटों पर जीत के साथ बढ़िया प्रदर्शन किया था। भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद इस परिणाम के बाद योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम की प्रशंसा की थी लेकिन चुनावी पंडितों ने जीत की वजह मोदी मैजिक को ही बताया था। इसके पांच साल बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दोबारा यूपी की सत्ता हासिल की। इस प्रचंड जीत से योगी की बेहतर प्रशासक की छवि पुष्ट हुई । लेकिन राजनीतिक पंडित अभी भी इस सवाल से जूझ रहे थे कि क्या योगी अकेले पार्टी की चुनावी नैया पार लगा सकते हैं?

# उच्च रक्तचाप की ओर अनदेखी

**सुनील कुमार महला**

"पोषक खाद्य, रोज व्यायाम, वजन पर नियंत्रण, नशे से दूरी, 8 घंटो की पूरी नींद, नित्य शारीरिक गतिविधि, खेल-कूद, सकारात्मक विचार, नमक, शक्कर, खाद्यतेल जैसे पदार्थों का सीमित उपयोग, प्रकृति से स्नेह, और नीति नियमों का पालन मनुष्य के स्वास्थ्य और मन को नई चेतना उमंग प्रदान करता है। उच्च रक्तचाप भी इसी प्रकार नियंत्रण में रह सकता है। स्वस्थ वयस्क लोगों को एक महीने में एक बार रक्तचाप की जांच करानी चाहिए, अगर उच्च रक्तचाप की समस्या हो तो घबराएं नहीं, चिकित्सक के सलाह अनुसार उपचार करायें। समय पर सही उपचार आने वाले हृदय रोग, स्ट्रोक या मौत को भी टाल सकता है और इलाज से भी बेहतर है पहले से बचाव या सुरक्षा करना। समाधानी बनें, प्रकृति जीवनदायिनी है, उसकी रक्षा करें। हमेशा खुश रहें"

**आज** के आधुनिक माहौल ने मनुष्य को नवनवीन सुविधाओं युक्त बनाया है, लेकिन इसके विपरीत इन्ही सुविधाओं ने काफी हद तक मानवीय शरीर को बेहद कमजोर कर दिया है, जिसके कारण तेजी से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही है। हर ओर प्रदुषण, अशुद्ध हवा-पानी, रेडिएशन, मिलावटखोरी, घातक रसायनों का प्रयोग, शोर, ई-कचरा, प्लास्टिक वेस्ट, घटती हरियाली, बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं, ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं लोगों को घुट-घुट कर बीमारी से मार रही है। वैसे ही लोगों में बढ़ती स्वार्थवृत्ति, अपराध, भ्रष्टाचार, झूठा दिखावा, नशाखोरी, दुर्व्यवहार, धोखाधड़ी जैसी समस्या समाज को बर्बाद कर ही रही है।

औसत आयु भी लगातार कम हो रही है, ऐसे घुटन भरे माहौल में शरीर स्वस्थ रखना कठिन हो रहा है और बीमारियों का साम्राज्य विनाशकारी रूप धारण कर रहा है।

जिसमें सामान्य रूप से नजर आने वाली बीमारी उच्च रक्तचाप है। उच्च रक्तचाप जिसे सामान्य बोलीभाषा में बीपी (ब्लड प्रेशर) बढ़ना कहते है। उच्च रक्तचाप वह स्थिति है जिसमे शरीर की धमनिया प्रभावित होती है, इसे हाइपरटेंशन भी कहते हैं। इसमें धमनी की दीवारों के विरुद्ध रक्त का बल लगातार बहुत अधिक होता है, अर्थात रक्तचाप जितना बढ़ता है, हृदय को रक्त पंप करना उतना ही कठिन होता है। रक्त पंप करने के लिए हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करना पड़ता है। हर साल 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों में उच्च रक्तचाप के लक्षणों के प्रति जागरूकता, रक्तचाप जाँचने के लिए प्रेरणा, समस्या पर शीघ्र रोकथाम के तरीकों का ज्ञान और समाज में उच्च रक्तचाप की व्यापकता पर प्रकाश डालना यह है। उच्च रक्तचाप दुनिया भर में अकाल मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर भी कहा जाता है, क्योंकि इसके लक्षण स्पष्ट रूप से नजर नहीं आते। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली उच्च रक्तचाप के जोखिम को बढ़ाती है। तनाव, अधिक नमक का सेवन, अधिक वजन होना, व्यायाम की कमी, नशा, तंबाकू और धूम्रपान घातक है। अनियंत्रित रक्तचाप हृदय रोगों, स्ट्रोक



और गुर्दे की बीमारी जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं का एक प्रमुख कारण है। भारत में कुल मौतों में से 27% हृदय रोग के कारण होती हैं, जो 40-69 आयु वर्ग के 45% लोगों को प्रभावित करती हैं। मधुमेह वाले 10 में से लगभग 6 लोगों को उच्च रक्तचाप भी होता है।

**भारत देश की स्थिति भयावह**

उच्च रक्तचाप के प्रसार के मामले में 2019 में पुरुषों और महिलाओं के बीच भारत विश्व स्तर पर क्रमशः 156 और 164 वें स्थान पर था। भारत में 31% आबादी को उच्च रक्तचाप है। लगभग 33% शहरी और 25% ग्रामीण भारतीय उच्च रक्तचाप से ग्रस्त हैं। भारत में उच्च रक्तचाप के रोगियों की संख्या 2000 में 118.2 मिलियन से दोगुनी होकर 2025 तक 213.5 मिलियन होने की संभावना है। इसके बाद देश को उच्च रक्तचाप के हब के रूप में जाना जायेगा। मेडिकल जर्नल द लैंसेट में 2016-20 के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 75% से अधिक रोगियों को उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) का पता चला है, लेकिन यह नियंत्रण में नहीं है। भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल अनुसार, देश में अनुमानित 20 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित है, उनमें से 10% से भी कम का रक्तचाप नियंत्रण में है। किसी अन्य कारण से अधिक उच्च रक्तचाप वयस्कों की जान लेता है। भारत सरकार ने भारतीय उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल (आईएचसीआई) की शुरूआत की है एवं 2025 तक उच्च रक्तचाप (बढ़ा हुआ रक्तचाप) के प्रसार में 25% सापेक्ष कमी का लक्ष्य रखा है।

**विश्व स्तर पर स्थिति लगातार बिगड़ रही**

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार मुख्य तथ्य दशार्ते है कि, विश्व स्तर पर उच्च रक्तचाप अनुमानित 1.28 बिलियन लोगों को प्रभावित करता है, जिनमें से दो तिहाई निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हैं। विश्व स्तर पर उच्च रक्तचाप वाले अनुमानित 46% लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह समस्या है, उच्च रक्तचाप वाले 5 में से सिर्फ 1 वयस्क इसे नियंत्रण में रखता है, जिसका अर्थ है कि 80% जटिलताओं का महत्वपूर्ण जोखिम है।

भारत देश में वर्ष 2030 में उच्च रक्तचाप का प्रसार बढ़कर 44% हो जाएगा, जो कि डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रस्तावित वर्ष 2030 तक 25% की सापेक्ष गिरावट के बजाय 17% की सापेक्ष वृद्धि होगी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया भर में बढ़े हुए रक्तचाप के कारण 7.5 मिलियन लोगों की मौत होने का अनुमान है, जो कुल मौतों का लगभग 12.8% है। उच्च रक्तचाप वाले आधे से अधिक लोग अनुमानित 720 मिलियन लोगों को आवश्यक उपचार नहीं मिला। 2020 में, संयुक्त राज्य अमेरिका में 670,000 से अधिक मौतों में उच्च रक्तचाप का योगदान था।

**जीवन के अमूल्यता का मोल समझें**

जिस तरह के वातावरण में आज हम साँस ले रहे है और स्वास्थ्य संबंधित परिस्थितियां लगातार खराब हो रही है उससे तो यही लगता है कि आनेवाले कल में जीवन बहुत कष्टदायक व संघर्षमय होगा। छोटे-छोटे बच्चे भी गंभीर बीमारियों का शिकार होकर जान गवां रहे है। पहले जो बीमारियां कभी-कभार सुनाई देती थी, आज वो बीमारियां हमारे आसपास हर दम देखने-सुनने मिलती है। इस माहौल के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हमारी आधुनिक जीवनशैली है। आज हम आधुनिक तकनीक के गुलाम हो गए है। आज लोग स्वाद के हिसाब से खाद्य पदार्थों का चयन करते है ना कि पौष्टिकता के बल पर, जिसके कारण हमारा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ता है। यांत्रिक संसाधनों के द्वारा मनुष्य के श्रम की बचत होती है, जिससे मनुष्य का शरीर ज्यादा गतिविधियां नहीं करता है। नशाखोरी और धूम्रपान शरीर को खोखला कर रहा है। अशुद्ध हवा-पानी और प्रदूषण मनुष्य को धीमे जहर की तरह मार रहा है। आज समाज में साधारणत सभी समस्याएं मानव निर्मित ही है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हो, दुनिया भर की दौलत लुटा कर भी हम एक पल की जिंदगी खरीद नहीं सकते। आज के समय में हमारे अनमोल जिंदगी का मोल हमें खुद ही समझना होगा और बेहतर जीवनशैली की शुरूआत करनी होगी।

पोषक खाद्य, रोज व्यायाम, वजन पर नियंत्रण, नशे से दूरी, 8 घंटो की पूरी नींद, नित्य शारीरिक गतिविधि, खेल-कूद, सकारात्मक विचार, नमक, शक्कर, खाद्यतेल जैसे पदार्थों का सीमित उपयोग, प्रकृति से स्नेह, और नीति नियमों का पालन मनुष्य के स्वास्थ्य और मन को नई चेतना उमंग प्रदान करता है। उच्च रक्तचाप भी इसी प्रकार नियंत्रण में रह सकता है। स्वस्थ वयस्क लोगों को एक महीने में एक बार रक्तचाप की जांच करानी चाहिए, अगर उच्च रक्तचाप की समस्या हो तो घबराएं नहीं, चिकित्सक के सलाह अनुसार उपचार करायें। समय पर सही उपचार आने वाले हृदय रोग, स्ट्रोक या मौत को भी टाल सकता है और इलाज से भी बेहतर है पहले से बचाव या सुरक्षा करना। समाधानी बनें, प्रकृति जीवनदायिनी है, उसकी रक्षा करें। हमेशा खुश रहें, जिम्मेदारियों को समझें, सकारात्मक सोच और समझदारी का परिचय दें, स्वस्थ रहें, तनाव मुक्त जीवन जिएं।

## कविता

दोस्त है तो जश्न है।
थोड़ा तुम मुस्कुराओ
थोड़ा हम मुस्कुराए,
आओ मिल जाओ कहीं
सड़कों पर, चौराहों पर फिर
मिलकर सब खिल खिलाएं,
मीठे खट्टे पुराने अनुभवों
को लेकर रंग बिरंगे फूलों
से इस जीवन के उपवन
को फिर से सजाएं,
कुछ तुम अपनी सुनाओ
कुछ हम अपनी सुनाए,
पीठ में कुछ धौल जमाओ,
तुम्हारे कानों के नीचे
हम चपत लगाएं,
बचपन की मीठी गालियां
तुम सुनाओ
कुछ कुछ हम सुनाएं,
चलो फिर साइकिल से
लंबी लंबी रेस लगाएं,
कंचे और गुल्ली डंडे
का फिर वही खेल सजाएं,
मैं तुम्हारी मास्टर जी से
तुम मेरे पिताजी से
चुगलियों और शिकायतों का
दौर चलाएं,
थोड़ा तुम मुस्कुराओ
थोड़ा हम मुस्कुराए
आओ सब हम मिलकर
जोर-जोर से खेल खिलाएं

संजीव ठाकुर

## जीवन फूलों की सेज नहीं है

**सुनील कुमार महला**

**हाल** ही में एक छात्र ने भर्ती परीक्षा के बार बार कैंसिल होने के कारण डिप्रेशन में आकर आत्महत्या कर ली। बच्चा काफी समय से भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि सरकारी नौकरी नहीं लगने और बार बार पेपर लीक होने के कारण बच्चे ने आत्महत्या का कदम उठा लिया। यह घटना वास्तव में बहुत ही दुखद है। यह पहली घटना नहीं है जब किसी बच्चे ने डिप्रेशन में आकर इतना बड़ा कदम उठाया। इससे पहले भी अनेक ऐसी घटनाएं हमें आये दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों में देखने को मिलती रहती हैं। तनाव में आकर बच्चे आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। लेकिन आत्महत्या किसी भी समस्या का हल कभी नहीं हो सकती है। वैसे भी आत्महत्या को बहुत बड़ा पाप कहा गया है। हमें ईश्वर ने यह जीवन जीने के लिए दिया है न कि ऐसे कदम उठाने के लिए। संघर्ष ही जीवन है और जीवन में हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जीवन कभी भी फूलों की सेज नहीं है। जीवन में फूल हैं तो कांटे भी हैं। आजकल अभिभावक, माता पिता का बच्चों पर बहुत ज्यादा दबाव होता है और बच्चे आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं। यह बहुत ही संवेदनशील और गंभीर है। वास्तव में, पेरेंट्स को यह चाहिए कि वे अपने बच्चों को अपना जीवन जीने दें,हां कुछ गलत हो रहा है तो बच्चे का मार्गदर्शन करें। बच्चों पर दबाव कभी भी न डालें। अभिभावकों, माता पिता की सही सलाह बच्चों का जीवन बदल सकती है। वर्तमान में ऐसा दौर आ गया है, जब बच्चों पर अभिभावकों, माता पिता का बहुत दबाव होता है। पेरेंट्स सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई और सरकारी नौकरी के लिए अपने बच्चों पर दबाव बनाते हैं जो कि ठीक नहीं है। दरअसल हम अभिभावकों की यह बहुत बड़ी कमी है कि हम अपने बच्चों को ठीक ढंग से गाइड नहीं कर पाते हैं। आज बच्चों को सकारात्मक माहौल दिया जाना बहुत जरूरी और आवश्यक हो गया है।नकारात्मक विचारों से दूरी बहुत ही जरूरी है। आगे निकलने की होड़ आज बहुत ही घातक सिद्ध हो रही है। इस पर हमें ध्यान देना चाहिए। बहुत बार देखा गया है कि बच्चे का इंटरेस्ट किसी अन्य फील्ड में होता है और हमारा इंटरेस्ट किसी और फील्ड में। अक्सर मां बाप,अभिभावक बच्चों से बहुत ज्यादा अपेक्षाएं रखते हैं और जीवन में जो लक्ष्य खुद अभिभावक खुद के लिए रखते आए हैं, वही लक्ष्य वे अपने बच्चों से पूर्ण करने की अपेक्षाएं रखते हैं। उदाहरण के तौर पर किसी बच्चे का इंटरेस्ट आर्ट्स में है और अभिभावक चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर बने। हमें हमारे सपने उन पर आखिरकार क्यों लादने चाहिए, यह सवाल यक्ष है। बच्चों को अपनी पसंद के सब्जेक्ट, पसंद का फील्ड चूज करने के अवसर क्या हम अभिभावकों को नहीं देने चाहिए ?

## विचार

# जीवन का आनंद है संयुक्त परिवार

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**संयुक्त** परिवार हमारी संस्कृति और संस्कार की पाठशाला रहे। लेकिन अब यह परिपाटी चटक रहीं है। एकल परिवार की संस्कृत बढ रहीं है। जिसकी वजह से जीवन में तमाम विसंगतियां पैदा होती दिखती है। लोग अवसाद का शिकार बन रहे हैं। फिर भी लोग मानते हैं कि तमाम चुनौतियों के बाद भी बदलते परिवेश में संयुक्त परिवार जीवन के लिए एक भरोसेमंद छत है। दुनिया भर में 15 मई संयुक्त परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूर्वांचल में अधिकांश आबादी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। लेकिन यहां के सबसे अधिक लोग रोजी-रोटी के लिए मुंबई जाते हैं। लेकिन फिर भी यहां संयुक्त परिवार की परंपरा कायम है। भदोही जनपद में ऐसे परिवारों की संख्या बहुतायत है। 25 से 30 लोग घर पर खेती बारी और दूसरे रोजी रोजगार में रह कर भी अपना जीवन यापन करते हैं। मुंबई या अन्य शहरों में रहने वाले लोग मांगलिक कार्यक्रमों और सुख-दुःख में घर आते हैं। संयुक्त परिवार में जिन बुजुर्गों ने आधे तन पर कपड़ा पहन और मोटे अनाज खाकर बच्चों को देश-विदेश-पढ़ने के लिए भेजा, उन्हें अच्छा जीवन दिया। बदले परिवेश में आधुनिक जीवन शैली जीने वाले उन्हीं परिवारों में बुजुर्गों की हालत क्या है। एकल परिवार की वजह वह अकेले जीवन यापन करने को बाध्य हैं। भदोही जनपद के सुरियावां ब्लॉक के हरीपुर गांव निवासी पेशे से अधिवक्ता संजय दुबे के पिता राधेश्याम दुबे (94) उनकी मां प्रभावती (90) हैं। दोनों बुजुर्ग परिवार की शान हैं। घर के दरवाजे पर बैठे रहते हैं। पिता राधेश्याम की मूछों पर पूरा परिवार गर्व करता है। इतनी उम्र में भी वह स्वस्थ और मस्त हैं। सुबह स्नान के बाद बगैर चश्मा के हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त परिवार से 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना जागृत होती है। लोग पैसे से सुख शांति चाहते हैं लेकिन संभव नहीं है। पुरानी पीढ़ी में लोग अभाव में भी सुख का आनंद लिया। महुआ मटर और मोटे अनाज खाकर मानसिक अवसाद और रोगों से दूर रहें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज खुद मोटे अनाज की वकालत करते हैं। उनके विचार में संयुक्त परिवार सबसे बड़ा धन है। संयुक्त परिवार से समाज राष्ट्र और देश को अच्छा संस्कार मिलता है। लोगों में समूह की भावना जागृत होती है। राधेश्याम दुबे के पास चार लड़के हैं। सबसे बड़ी दशरथ दुबे दूसरे सुजीत दुबे और तीसरे पर आशीष दुबे। संजय भाइयों में सबसे छोटे हैं। सामाजिक दायित्व की जिम्मेदारी इन्हीं पर है। माता-पिता और भाइयों, महिलाओं और बच्चों को मिलाकर 30 परिवार का कुनबा है। 10 लोग मुंबई में रहते हैं। 20 लोग घर पर है। घर के पुरुष एक साथ मिलकर खेती करते हैं। परिवार की खपत के लिए सब्जी घर पर ही इफराद पैदा की जाती है। सभी युवा एम-एलएलबी हैं। संजय दुबे और भईयों आपस में अच्छा तालमेल है। संजय दुबे के अनुसार संयुक्त परिवार आधुनिक जीवन की सबसे भरोसेमंद छत है। यहां आपसी तालमेल करके अपना जीवन सुख में बिता सकते हैं। किसी बड़े आर्थिक मोर्चे पर थोड़े-थोड़े सहयोग से बड़ा काम हो जाता है। सुख-दुःख में एक साथ लोग खड़े होते हैं। किसी को किसी प्रकार की चिंता नहीं करनी पड़ती है। जीवन में अकेलापन महसूस नहीं होता है। अवसाद जैसी कोई समस्या नहीं पनपने पाती है। बच्चों और युवाओं को भरपूर संस्कार मिलता है। खेती बारी के काम एक साथ मिलकर लोग निपटा लेते हैं। मजदूरों पर जाने वाला पैसा बचता है। इसी बहाने लोगों का व्यायाम होता है। युवा पीढ़ी-खेती बारी के काम भी सीखती है। हालांकि बदलते परिवेश में संयुक्त परिवार एक चुनौती है। लेकिन फिर भी बेहतर और अच्छा है। संजय दुबे ने बताया कि कोविड-19 में सबसे अधिक जरूरत संयुक्त परिवार की महसूस हुईं। एकल परिवार की वजह से लोगों में अवसाद बढ़ रहा है। लोक तनाव के शिकार हो रहे हैं। सुख -दुःख खुद झेलना पड़ रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## इक

# विनम्रता और विनय माननीय व्यक्तित्व को श्रेष्ठ बनाते हैं

**संजीव ठाकुर**

**मनुष्य** जीवन में सफलता पाने का सदैव प्रयास करता रहता है और यह अत्यंत आवश्यक भी है क्योंकि सफलता और सार्थकता जीवन के पर्याय जो हैं। मनुष्य मूलता लोभी तथा लालची होकर स्वार्थ से ओतप्रोत भी होता है और इसी कारण स्वार्थ के वश में यदि वह कुछ प्राप्त कर लेता है तो उसमें अहंकार की भावना भी आ जाती है। विनम्रता मनुष्य को समाजिक प्रक्रिया में उसके द्वारा ग्रहण किया गया एक विशेष गुण होता है। मनुष्य जैसे जैसे समाज और संभ्रांत लोगों के संपर्क में आता है उसमें नए गुणों का संचार होता है और अहंकार तथा लालच की भावना का विलोप होता जाता है, समाज में उसकी संरचना को मजबूत करने के लिए सहिष्णुता, सौहाद्र,करुणा और सहयोग की भावना के साथ अन्य सद्गुणों को समाहित कर वह जीवन प्रक्रिया प्रारंभ करता है। मनुष्य की इन्हीं खूबियों के समेकित स्वरूप को विनम्रता तथा सद्गुण के रूप में देखा जाता है। समाज में विनम्र व्यक्ति सदैव अपने व्यवहार के कारण लोकप्रिय, सर्वस्वीकार्य होता है उसकी बातें लोग ध्यान से सुनते भी हैं और उसको यथा योग सम्मान भी दिया जाता है। विनम्रता समाज में स्थापित लोगों द्वारा ग्रहण किया गया एक गुण होता है और यही कारण है कि कुछ व्यक्ति अपनी अज्ञानता के कारण, कुछ ना सीखने की प्रवृत्तिवश विनम्रता ग्रहण नहीं कर पाते हैं और कुएं के कूप मंडूक मेंढक की तरह व्यवहार करते हैं, समाज में स्थापित व्यक्ति अपनी विनम्रता का बखान नहीं करते, विनम्रता उनके व्यक्तित्व से झलकती है ।ज्ञानी ध्यानी लोग सार्वजनिक प्रशंसा को भी साधारण सी बात समझ कर उसे स्वीकार नहीं करते हैं और अपने ज्ञान और कर्तव्य से अपने व्यक्तित्व को और आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। दार्शनिक सुकरात का ही उदाहरण लें तो वे हमेशा कहते थे कि मुझे कुछ भी ज्ञान नहीं है यह उनका महान होने का एक साधारण लक्षण था। ऐसा कहा जाता है की ज्ञानी और समृद्ध व्यक्ति अपने ज्ञान तथा समृद्धि का दंभ न भर कर उसका समुचित उपयोग समाज और देश के विकास के लिए करते हैं और मनुष्य के जीवन की आधी जंग विनम्रता और ज्ञान की सदाशयता से विजीत की जा सकती है। ज्ञान और नम्रता उपलब्धि सार्वजनिक हित के बिना निरर्थक है। फलों से लगा हुआ पेड़ जिस तरह झुक जाता है उसी तरह महान ज्ञानी व्यक्ति अपनी विनम्रता से और समाज उपयोगी हो जाता है।

## चिपकाऊ लेखक

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक** सीधे-सादे लेखक को एक नारियल पकड़ाते हुए फोटो खिंचवाना और फिर उसे सोशल मीडिया पर डाल देना बताता है कि बंदे के अंदर अब सहिष्णुता की क्षमता उफान पर है, उसे यह समझ नहीं आता कि वह उसका क्या करे। नारियल सिर पर फोड़े या घर वालों को फोड़ने को दे समझ नहीं आता। घर वाले इस उम्मीद से झोला देखने की कोशिश करते हैं कि उसमें से उनके काम की कोई चीज निकल आए। पता चला कि साहब बदले में और दो-चार पुस्तकें उठा लाएँ। एक बार के लिए आदमी कोरोना वायरस से ठीक हो सकता है किंतु पुस्तकों की लेन-देन से कभी नहीं। अब इस बीमारी को पालने के लिए एक अदद पुरस्कार तो बनता ही है। यह पुरस्कार सिर्फ इसलिए नहीं कि उसने यह बीमारी पाल ली है, और इसलिए भी नहीं कि बड़े साहस के साथ उस बीमारी को झोला में साथ ले आया है, बल्कि पुस्तक लेन-देन बीमारी में खुद को झोंक दिया बल्कि इसलिए भी कि उसने एक अदद पुस्तक से पता नहीं कितने लोगों का दिमाग खराब किया है। यह करिश्माई हुनर सिर्फ चिपकाऊ लेखकों के पास है। इसीलिए साल के 365 दिन कहीं न कहीं पुरस्कार बाँटने का पर्व चलता रहता है। इसीलिए कुकुरमुत्तों की तरह लेखक पनप रहे हैं। पुरस्कार एक तरह से सम्मान है। चिपकाऊ लेखकों के जीवन में सम्मान का विशिष्ट महत्त्व होता है। इस नश्वर संसार में एक सम्मान ही तो है जिसके कारण मरने के बाद भी अपने नाम के जीवित रहने के सुख से आनन्दित रहा जा सकता है। एक सम्मान की खातिर ही हम खेतों की मेड़ को लेकर या तुच्छ नाली के बहाव को लेकर भिड़ जाते हैं। इसीलिए चिपकाऊ लेखकों का सम्पूर्ण जीवन पुरस्कार रूपी सम्मान के इर्द-गिर्द ही घूमता है। पुरस्कारों के औचित्य के मूल में यही सम्मान है। वैसे तो हर क्षेत्र में पुरस्कारों की खास माँग रहती है, पर साहित्य सृजन और जनसेवा की फील्ड में इसका जबरदस्त स्कोप है। ओढ़ाने वाली शाल, माला और राशि इसके आवश्यक तत्त्व हैं। इनके बिना पुरस्कार की क्रियाविधि सम्पूर्ण नहीं मानी जाती है, इसलिए कई बार जब पुरस्कार प्रदाता के पास देने के नाम पर सिर्फ अपने कर-कमल ही होते हैं, पुरस्कार प्राप्तकर्ता को यह व्यवस्था स्वयं के प्रयासों से जुटानी पड़ती है।

# विधायक पवार ने मुद्दे पुरजोर तरीके से उठाएं

## विधायक सुरेंद्र पवार ने रोहतक रोड़ आरओबी, ड्रेन नंबर-6, सफाई व्यवस्था, सड़कों की हालत सुधाराना, राजकीय स्कूलों में टॉयलेट की खस्ता हालत को लेकर अधिकारियों को समाधान करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र** पवार ने कहा कि आज सोनीपत विधानसभा के राजकीय स्कूलों में बने टॉयलेट्स की हालत खस्ता हो चुकी है। आयेदिन हजारों विद्यार्थी परेशानी का सामना कर रहे हैं। लेकिन शिक्षा विभाग कुंभकरणी नींद सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सभी स्कूलों के वॉशरूम की हालत को सुधारा जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार लघु सचिवालय,सोनीपत स्थित तृतीय तल पर सांसद रमेश कोशिक की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वयक एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में



शिरकत करने के उपरांत बोल रहे थे।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने बैठक के दौरान कहा कि रोहतक रोड रेलवे ओवर ब्रिज करीब 1 माह से बंद पड़ा है। लेकिन कार्य को तीव्रता के साथ नहीं किया जा रहा। सुबह-दोपहर-शाम को रेलवे फ्लाईओवर पर जाम लगा रहता है, जल्द से जल्द रेलवे फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य करवाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने ड्रेन नंबर-6 के कार्य को रफ्तार के साथ पूरा करवाने के

**8 बैठक में रखी गई समस्याओं व मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवा कर शहरवासियों को सुविधा मुहैया करवा सके**

निर्देश दिए और अधिकारियों से कार्य के पूर्ण होने का प्रतिशत भी जाना। विधायक सुरेंद्र पंवार ने जल्द से जल्द ड्रेन नम्बर-6 को कवर करने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के समय ड्रेन के ईद-गिई बसी कालोनियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने सफाई व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि सोनीपत शहर के बस स्टैंड, ओल्ड डीसी रोड पर बने डंपिंग पॉइंट को यहां से बदलकर दूसरा स्थान निर्धारित किया जाए। उन्होंने कहा कि सोनीपत की सड़कों की बदतर हालत को सुधारने के लिए नगर निगम द्वारा धरातल स्तर पर कार्य किया जाए ताकि शहरभर की तमाम सड़कों की हालत सुधर सके। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर की समस्याओं के समाधान करना है। इसलिए अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी से समझें ताकि बैठक में रखी गई समस्याओं व मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवा कर शहरवासियों को सुविधा मुहैया करवा सके।

# 'निगम की कई सड़कें पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती हैं'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय रेलवे रोड में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि आज भी नगर निगम क्षेत्र की कई मुख्य सड़कें पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती हैं जिनका निर्माण और मरम्मत पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ही किया जाना है। नगर निगम के अधिकार क्षेत्र से बाहर होने के चलते विभाग उन पर किसी भी तरह की मरम्मत और निर्माण कार्य नहीं कर सकता है। सोनीपत- गोहाना- जींद रोड जो पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती है, लेकिन उसका मुख्य हिस्सा सोनीपत बहालगढ़ चौक से शुरू होकर बड़वासनी नहर तक जाता है जो नगर निगम सोनीपत की सीमा में पड़ता है। इस सड़क की हालत बेहद खस्ता है और इसका मुख्य हिस्सा मामा भांजा चौक से होकर गोहाना रोड की तरफ जाता है जो कि शहर का अति व्यस्ततम मार्ग है , लेकिन नगर निगम इस सड़क पर किसी भी तरह का कार्य करने में असमर्थ है। इसी तरह शहर की सात अन्य सड़कें, मिशन चौक से लेकर कालूपुर चुंगी तक, रेलवे स्टेशन से लेकर गीताभवन आर ओ बी तक,कबीरपुर गांव की अप्रोच रोड, बस स्टैंड से सेक्टर 14 की अप्रोच रोड, बस स्टैंड से ड्रेन नंबर 6 तक का रोड और बस स्टैंड से मुरथल अड्डे तक का रोड भी पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में आता है और वहां निर्माण एवं मरम्मत कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ही किया जाना है। उनकी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से बात हुई है जिसमें उन्हें आश्वस्त किया गया है कि सभी सड़कों का टेंडर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगा दिया गया है और जल्द ही इन सभी सड़कों पर निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके अतिरिक्त शहर के आईटीआई चौक से लेकर बंदेपुर के सरकारी स्कूल तक का अधूरा पड़ा सड़क निर्माण का कार्य जो एचएसआरडीसी विभाग द्वारा किया जाना था उसके लिए भी नगर निगम सोनीपत दोबारा एस्टीमेट बनाया गया है लेकिन जब तक एचएसआरडीसी विभाग द्वारा उपरोक्त सड़क को बनाने के लिए जरूरी धनराशि नहीं दी जाती है तब तक सड़क का निर्माण कार्य नगर निगम करने में असमर्थ है।
इसी तरह शहर के बस स्टैंड से लेकर मुरथल अड्डे तक नगर निगम द्वारा सीवर लाइन डाली गई है उसके पश्चात वहां पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क बनाई जानी है जिसके लिए नगर निगम द्वारा विभाग को 55 लाख ? भी दिए जा चुके हैं लेकिन वहां पर सड़क निर्माण का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ही किया जाना है।
मेयर निखिल मदान ने कहा कि सेक्टर 14 की सड़कें जो नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आती हैं उन सड़कों को बनाने का कार्य निगम द्वारा शुरू करवाया गया था। 2 करोड़ 22 लाख की लागत से सभी सड़कों को बिटुमिन से बनाने का टेंडर एक एजेंसी को दिया गया था और निर्माण कार्य भी शुरू किया गया था।लेकिन कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ना पाए जाने पर उक्त एजेंसी को किसी भी तरह का भुगतान नहीं किया गया और साथ ही उसका काम भी रोक दिया गया है। अब इस कार्य को दोबारा दूसरी एजेंसी से करवाया जाएगा। वही सेक्टर 15 के लिए एक करोड़ 81 लाख रुपए की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही सेक्टर 15 की सभी सड़कों को नगर निगम द्वारा बनवाया जाएगा। वार्ड नंबर 1 में पुरखास अड्डे से लेकर जटवाड़ा होते हुए बरसाती पानी की निकासी के लिए लाइन डाली जा रही है जिसके पश्चात उस सड़क को नगर निगम द्वारा 91 लाख की लागत से सीसी से बनाया जाएगा इसकी भी टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

## न्यूज फ्लैश

### पुराने औद्योगिक क्षेत्र से अतिक्रमण को जल्द हटाएं सम्बंधित अधिकारी: डीसी

**पानीपत:** शहर के पुराने औद्योगिक क्षेत्र (मॉडल टाउन) में अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से अब सख्ती बरती जाएगी। इस बाबत डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में एचएसआईआईडीसी के एस्टेट मैनेजर और जिला सहायक प्रबंधक के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि पुराने औद्योगिक क्षेत्र में कई जगहों पर सार्वजनिक भूमि और सडकों पर अतिक्रमण है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाएं। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला पुलिस प्रशासन की तरफ से सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध करवाया जाएगा। विगत है कि कुछ दिन पहले जिला की औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों ने औद्योगिक क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण को लेकर डीसी को अवगत करवाया था। जिसको लेकर डीसी ने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के दिशानिर्देश दिए।

### सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का किसानों को मिल रहा है लाभ: महाबीर दहिया

**पानीपत: भाजपा** किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महावीर सिंह दहिया ने सोमवार को अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अशोक चौहान व जसमेर कादियान को मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष और तरुण पसरीचा को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं महावीर दहिया ने असंध रोड स्थित दत्ता कालोनी में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा किसान हितैषी पार्टी है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में अनेकों योजनाएं शुरू की है और उनका लाभ किसानों को मिल रहा है। सभा को भाजपा जिला मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगाराम स्वामी व मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप देशवाल ने भी संबोधित किया। सभा का मंच संचालन मोर्चा के महामंत्री आजाद खलीला ने किया। इस अवसर पर राजेश नैन, अनिल देशवाल, बंटी व रमेश सैन आदि मौजूद रहे।

### पानीपत की अनाज मंडी में आढ़ती एसोसिएशन ने लगाया भंडारा

**पानीपत: पानीपत** अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने सोमवार को मंडी में भंडारे का आयोजन किया। जिसमें आढ़तियों, किसानों व मजदूरों न प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले आढ़ती एसोसिएशन ने मंडी में हवन भी करवाया। वहीं मंडी एसोसिएशन के प्रधान दिनेश भोक्कर ने कहा कि गेहूं का सीजन इस बार ठीक रहा है और सीजन समाप्त होने पर एसोसिएशन द्वारा भंडारा लगाया गया। इस मौके पर आढ़ती ईश्वर कादियान,मनोज सिंगला ,विकास गर्ग, निर्मल कादियान, संजय देशवाल ,बिंद्र कादियान ,मनोज मलिक व दुलीचंद गोयल आदि मौजूद रहे।

### कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर शालिका कुराना के नेतृत्व में लड्डू बांटकर मनाई खुशी

**पानीपत: कर्नाटक** में कांग्रेस की जीत पर इसराना हलके से कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री शालिका कुराना के नेतृत्व में गांव कुराना में आयोजित कार्यक्रम में जीत का जश्न मनाया गया और कार्यकताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। वहीं शालिका कुराना ने कहा कि यह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता का परिणाम है कि पार्टी की कर्नाटक में जीत हुई है। कर्नाटक की जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी का मैजिक फेल कर दिया और यह दिखा दिया कि आने वाला समय कांग्रेस का है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक तो अभी सिर्फ झांकी है और 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में देश व हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। वहीं शालिका कुराना ने कर्नाटक की जीत पर राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।

# भजन मंडली ने ग्रामीणों को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**सरकार के निर्देशानुसार** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा जिला के ग्रामीण अंचल में पंहुचकर आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भजन पार्टी ने गांव किशोरा में जाकर लोक गीतों के माध्यम से सरकारी की कल्याणकारी नीतियों का प्रचार-प्रसार किया।
उल्लेखनीय है कि सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के महानिदेशक डॉ.



अमित अग्रवाल के निर्देशानुसार व उपायुक्त ललित सिवाच के मार्गदर्शन में विभागीय क्षेत्रीय अमले के लोक कलाकारों द्वारा गांव-गांव जाकर आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विभाग की भजन मंडली में लीडर भजन पार्टी कपूर सिह, पार्टी सदस्य कृष्ण भावड़, मनोज कुमार आदि ने लोक शैली में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार अंत्योदय परिवारों के लिए निरोगी हरियाणा योजना के तहत स्वास्थ्य चैकअप शिविर आयोजित कर उनकी चिकित्सीय सहित शूगर, बीपी आदि की भी निःशुल्क जांच कर रही है। इसके अलावा आयुष्मन योजना के तहत चिरायु कार्ड बनाकर पांच लाख रूपए तक की स्वास्थ्य सेवाएं सरकारी द्वारा दी जा रही हैं।
उन्होंने आमजन को बेटी बचाओं-बेटी पढाओ, जल बचाओ, नशे से दूर रहने, कृषि प्रबंधन, बागवानी व पशु पालन आदि की लोक गीतों के माध्यम से जानकारी दी।

# गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,**
**रबी** फसल खरीद अभियान 2023 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 231463.22 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 231450 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 23142 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 78751 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 101430 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 27584 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2125 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस रविवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 8232 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 4500 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 13865 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 27200 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 10424 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 24453 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 64041 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 1539 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 28770 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

# सनौली रोड के चौडीकरण का कार्य जल्द होगा शुरू: डीसी

## डीसी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशानिर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**डीसी** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में बिजली एवं लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सनौली रोड की संजय चौक से लेकर बबैल चौक (पुलिस नाके) तक की चौडाई दोनों ओर से बढ़ाने और जीर्णोद्धार कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।
उन्होंने लोक निर्माण विभाग के डीजीएम अजीत सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि वे सनौली रोड पर जल्द से जल्द सीमित समय में ही कार पेंटिंग व ब्लॉक का कार्य शुरू करें। उन्होंने बिजली निगम के कार्यकारी अभियतां को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली विभाग भी सनौली रोड पर निर्माण कार्य में रुकावट डालने वाले बिजली के खम्भों को जल्द से जल्द पीछे हटाने का काम करें। उन्होंने कहा कि सनौली रोड उत्तर प्रदेश से जुड़ा होने के कारण शहर की अति व्यस्त सडक है। शहरी क्षेत्र में सडक की चौडाई कम होने के कारण भी जाम की स्थिति बन जाती है। उन्होंने कहा कि इिस कारण सनौली रोड पर दुकानदारों को भी समस्या का सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि इस सडक की चौडाई बढ? से जहां दुकानदारों को राहत मिलेगी वहीं जीटी रोड पर भी जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

# जला से आए विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनीं

**पानीपत: करनाल** लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने सोमवार को अपने निवास पर जिला से आए विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी और सम्बंधित विभागों को समस्याओं को हल करने के निर्देश दिए। सांसद संजय भाटिया ने आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकतर समस्याओं को मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्बंधित विभागों के अधिकारी आमजन की बिजली, पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं की शिकायतों को तत्परता के साथ हल करें।

# मंत्री देवेंद्र बबली ने ग्राम पंचायतों से अपनी इनकम बढ़ाने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक गांव को शहरों की तर्ज पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी के साथ काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों से अपनी इनकम बढ़ाने का आह्वान भी किया। वे फरूखनगर खंड के गांव गुगाना में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर एक गांव में पार्क, व्यायामशाला, ई लाइब्रेरी, आउटडोर जिम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक गांव का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। पंचायत मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आज प्रदेश के सभी जिलों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ यह सुनिश्चित कर रही है कि गांव के विकास के लिए जो पैसा सरकार द्वारा भेजा जा रहा है वह पूरा का पूरा गांव के विकास पर खर्च हो। उन्होंने कहा कि बतौर सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य व जिला परिषद के सदस्य होने के नाते आप सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि सरकार का जो पैसा विकास कार्यों के लिए भेजा जा रहा है वह पूरा का पूरा उसी काम में लिया जाए। उन्होंने कहा चुने हुए प्रतिनिधि एक निगरानी कमेटी बनाकर इस पूरी प्रक्रिया पर अपनी नजर रखें। उन्होंने कहा ग्रामीणों क्षेत्रो में जो भी मूलभूत आवश्यकताएं हैं उनको तय समय में उपलब्ध कराने के विजन का साथ हरियाणा सरकार एक सेवा भाव के साथ आगे बढ़ रही है। पंचायत मंत्री ने जनसभा में फरूखनगर गौशाला से आए पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने इस वर्ष के बजट में गौशालाओं को मिलने वाले फण्ड में अभूतपूर्व बढ़ोतरी करते हुए इसे 50 करोड़ से बढ़ाकर 450 करोड़ रुपये किया है। उन्होंने कहा कि यह पैसा गौशालाओं के विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

# लिटल एंजल्स स्कूल: मुकुल बना हेड ब्वॉय व रितिका बनी हेड गर्ल



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/रमेश कुमार**
**लिटल एंजल्स** स्कूल के सत्र 2023- 24 में नये विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। विद्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया व इस अवसर पर प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस भव्य समारोह में प्रधानाचार्या आशा गोयल ने मुख्य छात्र मुकुल और मुख्य छात्रा रितिका को पदभार सौंपा। विद्यालय के लावण्या, आस्था, सामर्थ्य, सिद्धांत, स्पर्धा व सुरभि हाऊस के सभी नए कप्तान व सहायक कप्तान चुने गए। लावण्या हाऊस की कप्तान श्रेया मलिक व सहायक कप्तान स्वास्तिका, आस्था हाऊस के कप्तान देव व सहायक कप्तान ध्वनि कुकरेजा, सामर्थ्य हाऊस की कप्तान प्रियांशी गोयल व सहायक कप्तान प्रत्युषा दास, सिद्धांत हाऊस की कप्तान मुस्कान व सहायक कप्तान योशिमी वशिष्ठ, स्पर्धा हाऊस के कप्तान आदित्य मिश्रा व सहायक कप्तान ओजस्वी, सुरभि हाऊस के कप्तान यतिन सलूजा व सहायक कप्तान यादवी को कार्यभार सौंपा गया और हर्षित कुहर को स्पोर्टस कैप्टन का कार्यभार सौंपा गया। पूर्व हेड बॉय शिवेक और पूर्व हेड गर्ल साक्षी अरोड़ा ने हेड ब्वॉय, हेड गर्ल व विद्यार्थी परिषद के सभी चयनित छात्रों को शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोपण से हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्कूल साँग गाया। तत्पश्चात मुख्य छात्र व मुख्य छात्रा ने सभी छात्रों को सम्बोधित कर अपने पद की गरिमा को बनाए रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे मिलकर विद्यालय में अनुशासन बनाए रखेंगे व पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यो का निर्वाह करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग व सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने पद ग्रहण करने वाले सभी छात्रों को बधाई व शुभकामनाएँ दी। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें समय के सदुपयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति के द्वारा व एकाग्रचित होकर ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। हमें जीवन में साहस व कर्मठता जैसे गुणों को अपनाना चाहिए व सभी छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

# किसानो को 7000/- प्रति एकड का अनुदान

## सरकार अनुदान सीधे उनके खाते में देगी, जिसके लिए अब पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो चुका है

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जल संरक्षण सहित** भूमिगत जल सतर को सुधारने की दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा अहम कदम उठाते हुये धान की फसल नहीं लगाने वाले किसानो को सात हजार रूपेय प्रति एकेड दिया जा रहा है। मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत दिये जाने वाले अनुदान का लाभ लेने के लिए संबन्धित किसान को पोर्टल फसलडॉटहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन पर पंजीकरण करवाना होगा। कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक वजीर

**8 सरकार अनुदान सीधे उनके खाते में देगी। जिसके लिए अब पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो चुका है**

सिंह ने किसानो से आवहान किया कि जिन किसानों के पास खेती के लिए पानी पर्याप्त नही है, उन किसानो को धान की फसल से हटकर मक्की, कपास, खरीफ दाले (अरहर, मूंग, मोठ, उडद, ग्वार, सोयाबीन) तिलहन फसले (तिल, मूंगफली, अरंडी आदि) या बागवानी की फसल की खेती करनी चाहिए। व चारा आदि कि फसले लगानी चाहिए, ताकि वो ज्यादा से ज्यादा मुनाफा ले सकें। सरकार अनुदान सीधे उनके खाते में देगी। जिसके लिए अब पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो चुका है व पहले आओ पहले पाओ कि नीति पर आधरित है जिन किसानों ने पिछले साल खरीफ (2022-23) सीजन में धान लगाया था ओर इस वर्ष खरीफ सीजन में अगर वे अपने खेत को खाली रखते है या अन्य फसले लगाते है तो भी उसको अनुदान दिया जाएगा। तो भी उनको उक्त स्कीम का लाभ दिया जाएगा। जिसके लिए किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के लिए सरकार ने विभागीय कमेटी बनाई है, जो की किसान के खेत पर जाकर फसल का निरीक्षण करेगी। डा0 वजीर सिहँ, ने बताया कि इस वर्ष 2023-24 (खरीफ) में जिला-पानीपत के लिए इस स्कीम के अर्न्तगत मक्की-280 एकड, कपास-55 एकड, खरीफदलहन- 380 एकड, चारा-1850 एकड, व खरीफ तिलहन- 25 एकड, वानीकी कृषि- 60 एकड, सब्जीया तथा बाग- 1550 एकड के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

# खुली बोली में उपभोक्ताओं ने लगाई 9999 व 1000 नम्बर की बोली

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**एसडीएम वीरेन्द्र** कुमार ढुल ने जानकारी देते हुए बताया कि पानीपत उपमंडल में वाहनों के पंजीकरण की नई सीरीज बीते एक मई को एचआर06बीडी शुरू की गई थी। नई सीरीज के 9999 नम्बर को लेकर 6 लोगों ने और 1000 नम्बर को लेकर 4 लोगों ने आवेदन किए थे। जिनकी सोमवार प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक खुली बोली कराई गई।
एसडीएम वीरेन्द्र कुमार ढुल ने बताया नई सीरीज एचआर06बीडी9999 की फीस 50 हजार रुपए थी जिसकी बोली की राशि 1 लाख 52 हजार रुपए तक पहुंच कर जिला पानीपत के बडौली गांव निवासी करतार सिंह को अलॉट हुई।
एसडीएम वीरेन्द्र कुमार ढुल ने बताया कि एचआर06बीडी1000 नम्बर की सरकारी फीस 50 हजार रुपए थी जिसकी बोली 2 लाख 21 हजार में छूटी। इसी प्रकार एचआर06बीडी1000 नम्बर की सरकारी फीस 50 हजार रुपए थी जिसकी बोली 90 हजार रुपए में स्थानीय सैक्टर-12 निवासी विश्वास उर्फ विक्की डाबर को अलॉट हुई।

# सचिव आशीष मोरे को भेजा कारण बताओ नोटिस

## मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप है कि आशीष मोरे सरकार का फोन नहीं उठा रहे हैं, उनका फोन बंद है

### खींचतान जारी

= सरकार पारदर्शिता, दक्षता और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। सभी आवश्यक कदम उठाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार ने सोमवार को सचिव (सेवा) आशीष मोरे को कारण बताओ नोटिस भेजकर उनसे अवैध तरीके से पद पर बने रहने का प्रयास करने के लिए जवाब-तलब किया। सरकार ने कुछ दिन पहले ही उन्हें इस पद से रिलीव करने का आदेश जारी किया था। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप है कि आशीष मोरे सरकार का फोन नहीं उठा रहे हैं, उनका फोन बंद है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार और उपराज्यपाल देश की सर्वोच्च अदालत के निदेर्शों का पालन करने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। दिल्ली सरकार पारदर्शिता, दक्षता और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। उधर नोटिस में कहा गया है कि आशीष मोरे बिना बताए छुट्टी पर चले गए हैं। सौरभ ने अपने नोटिस में कहा कि मेरे पास किसी भी छुट्टी के लिए आवेदन नहीं किया। न ही उन्होंने मेरे कार्यालय को सूचित किया कि वे किसी प्रकार की छुट्टी ले रहे हैं। 13 मई को सभी सचिवों को बुलाया गया था, वे उस बैठक में भी नहीं आए।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि दिल्ली सरकार सर्विसेज विभाग के तहत अधिकारियों की पोस्टिंग और ट्रांसफर से संबंधित फैसले लेने के लिए स्वतंत्र है। उसके फैसले में उपराज्यपाल दखल नहीं दे सकते।






### सरकार में कार्यरत नौकरशाहों की स्थिति इधर कुआं और उधर खाई जैसी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार में कार्यरत नौकरशाहों की स्थिति भी इधर कुआं और उधर खाई जैसी होती जा रही है। एक तरफ राजनिवास है और दूसरी तरफ दिल्ली सरकार है। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जिस तरह के हालात बन रहे हैं, उसमें न राजनिवास और न ही दिल्ली सरकार को नाराज कर पाना उनके लिए संभव है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि अब नौकरशाहों के तबादले और नियुक्तियां दिल्ली सरकार के हाथ में हैं और अधिकारी को किसी राज्य से दिल्ली में भेजना और दिल्ली से बाहर तबादला करना एलजी साहब के हाथ में है। किसी मामले में कार्रवाई का अधिकार भी एलजी के माध्यम से केंद्र सरकार के पास है। नौकरशाही इस इंतजार में है कि फिर से सुप्रीम कोर्ट गई आम आदमी पार्टी सरकार को अब अदालत से क्या राहत या दिशानिर्देश मिलते हैं। इसके बाद यह देखना होगा कि बदलते हालात से नौकरशाही किस तरह सामंजस्य बिठा पाती है।
**परिक्रमा वाले नेता हैं निराश:** दिल्ली भाजपा के नए संगठन महामंत्री पवन राणा पद संभालने के बाद संगठन को मजबूत करने की कोशिश में जुट गए हैं। जिलों में प्रवास करने के साथ अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उनके काम करने के तरीके से परिक्रमा करने वाले नेता परेशान व निराश हैं। उनकी परेशानी का कारण भी स्पष्ट है। इन दिनों दिल्ली भाजपा में नई टीम बनाने की प्रक्रिया चल रही है। मंडल से लेकर प्रदेश तक विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी तय की जानी है। कई नेता संगठन महामंत्री से मिलकर अपनी दावेदारी मजबूत करना चाहते हैं, लेकिन इसमें वह सफल नहीं हो पा रहे। एक तो वह पहले के संगठन महामंत्री की तरह प्रदेश कार्यालय में बने आवास में नहीं रह रहे हैं। इससे उनसे मिलना आसान नहीं है। बताते हैं कि बिना किसी काम के बार-बार मिलने आने वाले नेताओं से उन्होंने नाराजगी भी जताई है।

### जीत कर्नाटक में, खुशी दिल्ली में

**कांग्रेस** की जीत भले ही कर्नाटक में हुई है, लेकिन उसकी खुशी दिल्ली में भी महसूस की जा रही है। एकाएक छोटे-बड़े सभी पार्टी नेताओं में जोश सा देखने को मिल रहा है। ऐसा लग रहा है मानो बुझते दीये में तेल पड़ गया हो। स्वाभाविक भी है...कुछ समय से कांग्रेस की स्थिति डूबते हुए जहाज जैसी हो गई थी। कहीं पार्टी नेता दूसरी पार्टियों में जा रहे थे तो कहीं बगावत पर उतर आए थे। दिल्ली में तो ज्यादातर नेता घर ही बैठ गए थे। लेकिन अब फिर से उनमें उम्मीद जगी है। कर्नाटक में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद उन्हें हरियाणा भी बहुत दूर नजर नहीं आ रहा। इस साल जिन पांच राज्यों में चुनाव हैं, उसे लेकर भी उत्साह का संचार होने लगा है। इसमें कोई शक नहीं कि डूबते को तिनके का सहारा भी काफी होता है। अगर कांग्रेसी प्रयासों में ईमानदारी बरतेंगे तो न दिल्ली दूर है और न कामयाबी। सब्र का फल वाकई मीठा होता है!

# समर्थन के लिए धरने पर बैठे पहलवानों ने जारी किया फोन नंबर

### समर्थन की मांग

= हम लोग ओलंपिक संघ एसोसिएशन के जितने भी खिलाड़ी हैं, उनको भी पत्र लिखेंगे और कहेंगे कि हमारा समर्थन करें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के धरना प्रदर्शन का सोमवार को 23वां दिन है। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण और पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा नेता चौधरी वीरेंद्र सिंह ने जंतर-मंतर पहुंचकर पहलवानों से मुलाकात की। वहीं पहलवानों ने प्रेस वार्ता कर लोगों से समर्थन मांगने के लिए एक नंबर जारी किया है। पहलवानों ने बताया कि सोमवार से एक नए अभियान की शुरूआत दिल्ली के कनाट प्लेस से करने वाले हैं। शाम 6 बजे दिल्ली के कनॉट प्लेस पहुंचेंगे और समर्थन मांगेंगे। विनेश फोगाट ने कहा कि कनॉट प्लेस में सभी के सामने अपनी बात रखी जाएगी। 21 मई को पहलवान बड़ा फैसला ले सकते हैं। वहीं, पहलवान साक्षी मलिक ने एक नंबर 9053903100 जारी किया। उन्होंने कहा कि लोग इस पर मिस कॉल देकर हमारा समर्थन करें। उन्होंने प्रदर्शन में रुकावट लाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीती रात भी हमारे प्रदर्शन को खराब करने का प्रयास किया गया। हम चिट्ठी लिखकर इंटरनेशनल ओलम्पियंस से समर्थन की मांग करेंगे और अपने प्रदर्शन को जंतर-मंतर से बाहर भी लेकर जाएंगे। हमारी अकेली की लड़ाई नहीं है। देश की बेटियों की लड़ाई है, महिला की और खेल को बचाने की लड़ाई है। इस प्रदर्शन की शुरूआत हम दिल्ली के कनॉट प्लेस से करने जा रहे हैं और हमें पूरे देशवासियों का समर्थन चाहिए। इसके लिए हम राष्ट्रपति, गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के नाम जिला मुख्यालय में चिट्ठी देंगे। पहलवान विनेश फोगाट ने आगे कहा कि हम आज शाम को दिल्ली के कनॉट प्लेस जाएंगे। साथ ही दिल्ली की अलग अलग जगहों पर भी जाकर लोगों का समर्थन मांगेंगे। हम लोग ओलंपिक संघ एसोसिएशन के जितने भी खिलाड़ी हैं, उनको भी पत्र लिखेंगे और कहेंगे कि हमारा समर्थन करें। हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी जब तक बृजभूषण शरण सिंह गिरफ्तार नहीं होते।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत




### जांच जारी

= प्रीति के परिवार वाले और रिश्तेदार थाने पर पहुंचकर आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण जिले के ति**गड़ी थाना इलाके में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। जबकि ससुराल वालों ने पुलिस को बताया है कि प्रीति ने खुदकुशी की है। प्रीति के परिवार वाले और रिश्तेदार थाने पर पहुंचकर आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। थाने के बाहर काफी संख्या में मौजूद महिलाएं और पुरुष फांसी दो-फांसी दो के नारे लगा रहे हैं। घरवालों का आरोप है कि पैसे के लिए प्रीति को मार डाला, जबकि शादी के बाद से कई लाख रुपए दिए जा चुके हैं। प्रीति की बहन प्रियंका का कहना है कि लगभग पांच दिन पहले उसकी प्रीति से बात हुई थी। उसने कहा कि बहन मैं बहुत परेशान हूं, बाद में बात करती हूं। मृतका प्रीति की भाभी ने बताया कि सुबह फोन आया कि प्रीति ने फांसी लगा ली है। हम लोग यहां पहुंचे तो देखा कि उसके गले में बेल्ट के निशान थे। लगभग 6 साल पहले प्रीति की शादी हुई थी। शुरू में कुछ समय ठीक चला बाद में ससुराल के लोग उसे काफी परेशान करने लगे। प्रीति की चार साल की एक बेटी भी है। आरोप है कि प्रीति का पति जितेंद्र गुप्ता फांसी लगाने की धमकी देकर पैसे मांगता था। हमने एक्शन लिया तो उन्होंने माफी मांग ली। प्रीति चाहती थी कि घर की इज्जत बाहर ना जाए, इसलिए पुलिस में शिकायत नहीं की थी. लेकिन घर की इज्जत बचाने चक्कर में वह खुद दुनिया में नहीं रही। वहीं इस मामले में डीसीपी चंदन चौधरी ने कहा कि सुबह पीसीआर कॉल मिली थी कि एक महिला ने फांसी लगा ली है। पुलिस मौके पर पहुंची, मृतका की पहचान लक्ष्मी उर्फ प्रीति के रूप में हुई, जिसकी लाश बेड पर पड़ी हुई थी। उसकी मां मिथिलेश गुप्ता भी वहां पर मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी 2017 को जितेंद्र गुप्ता से प्रीति की शादी हुई थी। डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए एम्स अस्पताल भेज दिया गया है। इस मामले में एसडीएम साकेत को बुलाया गया, उन्होंने मृतक की मां का स्टेटमेंट लिया है।

# मर्सिडीज की खिड़की पर बैठ स्टंट करना पड़ा भारी, तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** वजीराबाद रोड पर लाल रंग की मर्सिडीज गाड़ी से खतरनाक स्टंट करते तीन युवकों को शालीमार गार्डन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों पार्षद के जुलूस में शामिल होने के लिए आए थे। पुलिस ने गाड़ी बरामद भी सीज कर दी है। वहीं इस मामले पर एसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा का कहना है कि दिल्ली वजीराबाद रोड पर लाल रंग की गाड़ी की खिड़की पर बैठकर तीन युवकों का खतरनाक स्टंट वायरल हुआ था। आगे कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद तेज रफ्तार में गाड़ी को दौड़ाकर चालक और अन्य लोगों ने अन्य वाहन चालकों की जान को खतरे में डालने का काम किया।

# सत्येंद्र की सेल में 2 कैदी रखे, सुपरिन्टेंडेंट को नोटिस

## जैन ने अकेलेपन का हवाला दिया था, अफसर ने तिहाड़ प्रशासन को बताए बिना शिफ्टिंग की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मांग पर उनके सेल में दो कैदी भेजने पर तिहाड़ जेल प्रशासन ने जेल सुपरिन्टेंडेंट को कारण बताओ नोटिस भेजा है। दरअसल जैन ने जेल नंबर 7 के सुपरिन्टेंडेंट से रिक्वेस्ट की थी कि वे अकेलेपन की वजह से डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। इसलिए उनके साथ दो अन्य कैदियों को रखा जाए, ताकि वे उनसे बात कर सकें। सुपरिन्टेंडेंट ने उनकी मांग पूरी करते हुए दो लोगों को उनके सेल में ट्रांसफर कर दिया। हालांकि, नोटिस आते ही उन्होंने दोनों कैदियों को वापस उनके पुराने सेल में भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक, सुपरिन्टेंडेंट ने जेल प्रशासन को बताए बिना ही दोनों कैदियों को उनके सेल में ट्रांसफर किया था, जो कि नियमों के खिलाफ है। सुपरिन्टेंडेंट के इस कदम से सुरक्षा पर सवाल भी खड़े हो गए हैं। जैन ने जेल नंबर 7 के सुपरिन्टेंडेंट को बताया कि वे डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि उनके साथ दो कैदियों को रखा जाए।
**जैन ने सुपरिन्टेंडेंट को भेजी थी एप्लिकेशन:** अधिकारियों के मुताबिक, जैन ने अपनी एप्लिकेशन में लिखा था कि वे अकेलेपन की वजह से डिप्रेशन में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक साइकिएट्रिस्ट ने उन्हें अपना सामाजिक दायरा बढ़ाना को बढ़ाने का है, इसलिए उन्हें दो कैदियों के साथ रखा जाना चाहिए। उन्होंने वार्ड नंबर 5 से दो कैदियों के नाम भी दिए, जिनके साथ वे सेल में रहना चाहेंगे। उनकी मांग तुरंत मान ली गई और दोनों कैदियों को उनके सेल में ट्रांसफर कर दिया गया। जेल प्रशासन के मुताबिक, सुपरिन्टेंडेंट ने यह फैसला प्रशासन को बताए बिना लिया था। नियमों के मुताबिक, जेल प्रशासन को बताए बिना और उसकी अनुमति के बिना किसी भी कैदी को एक सेल से निकालकर दूसरे सेल में नहीं भेजा जा सकता है।
**जेल में बॉडी मसाज लेते और बाहर का खाना खाते दिखे थे जैन:** सत्येंद्र जैन पिछले साल जून से तिहाड़ में कैद हैं। नवंबर में सत्येंद्र जैन को जेल में स्पेशल ट्रीटमेंट दिए जाने को लेकर एक जेल अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया था। एऊने एक कोर्ट में जेल का सीसीटीवी फुटेज जमा किया था, जिसमें जैन अपने सेल में बॉडी मसाज लेते और बाहर का खाना खाते दिखाई दे रहे थे। इस दौरान उनके सेल में दूसरे कैदी बैठे नजर आए थे, जिसकी अनुमति जेल प्रशासन ने नहीं दी थी। उन पर ये आरोप भी लगा था कि उन्होंने मामले के अन्य आरोपियों से मुलाकात करके जांच को प्रभावित किया है। इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने 24 अगस्त, 2017 को सीबीआई की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर को आधार बनाकर जैन के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की थी।




### मांग पर बखेड़ा

= जैन ने जेल नंबर 7 के सुपरिन्टेंडेंट से रिक्वेस्ट की थी कि वे अकेलेपन की वजह से डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं।

# भरे बाजार लोगों का करते थे शिकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पूर्वी जिला के प्रीत विहार थाना पुलिस ने झपटमारी करने वाली बंटी-बबली की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दीपक और इसकी गर्लफ्रेंड सपना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद की है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि पुलिस को चकमा देने के लिए दोनों एक साथ मिलकर वारदात को अंजाम देते थे। दोनों की गिरफ्तारी से पुलिस ने प्रीत विहार में ही झपटमारी की 10 वारदातें सुलझाने का दावा किया है। इससे पूर्व दीपक नोएडा और दिल्ली में झपटमारी की छह वारदातों में शामिल रहा है। 12 मई को नरेला निवासी नैंसी नामक युवती अपनी सहेली छाया के साथ प्रीत विहार इलाके में मौजूद थी। विकास मार्ग पेट्रोल पंप के पास स्कूटी सवार बंटी-बबली की जोड़ी ने नैंसी से मोबाइल छीनने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल जमीन पर गिर गया। इस बीच दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन ट्रैफिक की वजह से दोनों को घेर लिया गया। दीपक और सपना मौके पर स्कूटी छोड़कर वहां से फरार हो गए। नैंसी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। स्कूटी में मिले कागजात के आधार पर पुलिस ने दोनों का पता लगा लिया। इसके बाद दोनों को अलग-अलग जगह से दबोच लिया गया। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अमरुथा गुगूलोथ ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दीपक पेशे से ऑटो चालक है।

# सिर्फ एक फोन कॉल से पुलिस ने अपराधी को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जुर्म** करने वाले के मन में अक्सर यह ख्याल आता है कि वह अपराध करने के बाद पुलिस की गिरफ्त से बच जाएगा, लेकिन ऐसा होता नहीं है। फर्श बाजार थाना पुलिस ने सिर्फ एक फोन कॉल से एक हत्यारे को गुजरात क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर सूरत से वारदात के एक सप्ताह बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान एनएसए कॉलोनी निवासी करण के रूप में हुई है।
**सूरत से मुंबई भागने की फिराक में था आरोपित:** आरोपित सूरत से हमेशा के लिए मुंबई भागने की फिराक में था। जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि सात मई की रात को पुलिस को एनएसए कॉलोनी में झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो राहुल नाम का शख्स घायल हालत में मिला, पता चला करण नाम के युवक ने झगड़े में उसपर चाकू से वार किए थे। उसे डॉ. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई रवि की शिकायत पर पुलिस ने हत्या की धारा में प्राथमिकी पंजीकृत की। थानाध्यक्ष अमूल त्यागी के नेतृत्व में इंस्पेक्टर विशेष खोखर व अन्य की टीम बनाई। एक फुटेज में वारदात कैद मिली। टीम ने आरोपित के घर पर छापेमारी की तो वह फरार मिला। 42 लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन आरोपित का कुछ पता नहीं चला।
**न बैंक में खाता न ही रखता था मोबाइल:** काफी प्रयास के बाद भी पुलिस आरोपित को तलाश नहीं पाई। एक दिन अचानक से आरोपित ने अपने पिता को एक अज्ञात नंबर से फोन करके कहा कि वह उन्हें छोड़कर हमेशा के लिए मुंबई जा रहा है। पुलिस ने उस नंबर का पता किया तो वह सूरत के एक मजदूर का निकला। दिल्ली पुलिस की एक टीम सूरत गई और वहां की क्राइम ब्रांच से मदद मांगी। पुलिस उस व्यक्ति तक पहुंच गई जिस नंबर से फोन किया गया था।



# विदेश से भारत में आ रही बाल अश्लील सामग्री, सोशल मीडिया पर 300 फीसदी तक बढ़े मामले

## भारतीय जांच एजेंसियों की अभी तक जांच में भारत में बनी बाल यौन उत्पीड़न अपराध सामग्री का अब तक एक भी मामला सामने नहीं आया है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सोशल** मीडिया के बढ़ते दायरे के साथ ही विदेशी धरती से भारत में बाल यौन उत्पीड़न (चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज) सामग्री बड़े पैमाने पर परोसी जा रही है। सोशल मीडिया पर बाल यौन उत्पीडन सामग्री के प्रसार के मामले 250 से 300 फीसदी बढ़े हैं। इसमें देखने में ये आया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही बाल यौन उत्पीड़न सामग्री विदेशी है। भारतीय जांच एजेंसियों की अभी तक जांच में भारत में बनी बाल यौन उत्पीड़न अपराध सामग्री का अब तक एक भी मामला सामने नहीं आया है। दिल्ली में इस वर्ष 2023 में अभी तक बाल यौन उत्पीड़न सामग्री प्रसारित होने के 450207 मामले रिपोर्ट हुए हैं। ऐसे में दिल्ली पुलिस जहां कई तरीके अपना कर बच्चों को जागरूक रख रही है वहीं सोशल मीडिया पर पैनी नजर रख रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमेरिका की एक एनजीओ नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लोइड चिल्ड्रन (एनसी-एमईसी) है। ये भारत में आए चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज के मामलों को एनसीईआरबी को भेजती है। एनसीईआरबी इसे राज्य के हिसाब से मामलों को भेजती है। यानि जिस राज्य के मामले हैं, उन्हें उस राज्य को भेजती है। इसी तरह एनसीईआरबी दिल्ली के केसों को दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट को भेजती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में सभी मामले सोशल मीडिया पर बाल यौन उत्पीडन के फोटो व वीडियो के प्रसार के हैं। देश व समाज के लिए अच्छी बात ये है कि भारत में बाल यौन उत्पीड़न अपराध सामग्री मामले में कोई संलिप्त नहीं पाया गया है और न ही यहां पर बाल यौन उत्पीड़न प्रसारण जैसा अपराध हुआ है। कुछ वर्ष पहले भारत में बाल यौन उत्पीड़न अपराध का मामला सामने आया है। उसमें एक विदेशी भारत आकर बाल यौन उत्पीड़न की फोटो व वीडियो बनाता था। इस मामले में सीबीआई ने मामला दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की थी।
**आईटी एक्ट में दर्ज होता है मुकदमा:** दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भारत में बाल यौन उत्पीड़न सामग्री को किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुनना, रखना और प्रसारित अपराध है। इन तीनों श्रेणी में पोक्सो व आईटी एक्ट के तहत मामले दर्ज होते हैं। दिल्ली पुलिस केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी व राज्यों की पुलिस के साथ बड़े पैमाने पर अभियान चलाती रहती है। हाल में ही देश भर में ऑपरेशन मासूम चलाया गया था। इस ऑपरेशन के दौरान 100 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई थीं।
**अभी तक रिपोर्ट हुए प्रसार के 450207 मामले :** दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर बाल यौन उत्पीड़न सामग्री के वर्ष 2023 में अभी तक 450207 रिपोर्ट हो चुके हैं। इनमें से 3039 मामलों में दिल्ली पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। इनमें से 447168 मामलों का अभी अध्ययन किया जा रहा है। इसमें से कुछ सामग्री ऐसी है कि भारत में पिता, भाई व बहन द्वारा छोटी बच्चों की प्यार से खींची गई फोटो को भी अमेरिकी एनजीओ ने बाल यौन उत्पीड़न की श्रेणी में डाल दिया। सोशल मीडिया पर बाल यौन उत्पीड़न सामग्री के वर्ष 2022 में 204056, वर्ष 2021 में 163633 और वर्ष 2020 में 17390 मामले रिपोर्ट हुए थे।
**पुलिस सामग्री को प्रसारित होने से ऐसे रोकती है:** स्पेशल सेल में बाल यौन उत्पीड़न सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए एएस सिस्टम लगा रखा है। इससे पुलिस को अलर्ट मिलता रहता है। इससे अलावा आठ सदस्यीय टीम हैं जो सोशल मीडिया पर 24 घंटे नजर रखती है। अब सोशल मीडिया पर इस तरह की सामग्री प्रसारित होती है दिल्ली पुलिस सबसे पहले भारत में उसे प्रतिबंधित करा देती है। इसके बाद पुलिस एफआईआर दर्जकर कानूनी कार्रवाई करती है।
**सुनना, रखना व प्रसारित करना अपराध:** दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भारत में बाल यौन उत्पीड़न सामग्री को किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुनना, रखना और प्रसारित अपराध है। इन तीनों श्रेणी में पॉक्सो व आईटी एक्ट के तहत मामले दर्ज होते हैं।




### रिपोर्ट में खुलासा

= दिल्ली में इस वर्ष 2023 में अभी तक बाल यौन उत्पीड़न सामग्री प्रसारित होने के 450207 मामले रिपोर्ट हुए हैं

# रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई के साथ विशेष एप की भी सुविधा

### विश्वस्तरीय

= यात्री इस एप के माध्यम से कई सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। रेलवे से संबंधित जानकारी तो उन्हें मिलेगी ही

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रेलवे** स्टेशनों पर अब मुफ्त वाई-फाई के साथ विशेष एप की भी सुविधा मिलेगी। यात्री इस एप के माध्यम से कई सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। रेलवे से संबंधित जानकारी तो उन्हें मिलेगी ही, साथ वह इस एप के माध्यम से इंफोटेनमेंट की सुविधा भी ले सकेंगे। रेल मंत्रालय के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम रेलटेल निजी कंपनियों के साथ मिलकर इस सुविधा को लॉन्च करने जा रहा है, जिससे यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल जाएंगी। देशभर के रेलवे स्टेशनों पर रेलटेल आधे घंटे तक मुफ्त वाई-फाई की सुविधा प्रदान कर रहा है। इससे दूरदराज के स्टेशनों पर न केवल यात्री, बल्कि आम लोग भी सुविधा का लाभ ले रहे हैं। इस कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए रेलटेल विशेष एप की सुविधा भी देने जा रहा है। इससे रेलटेल को मुफ्त सेवा की एवज में निजी कंपनियों से कमाई भी होगी, क्योंकि उन्हें इस एप पर प्रचार करने की सुविधा भी दी जाएगी। दूसरी तरफ यात्रियों को मुफ्त वाई-फाई के साथ एप के विशेष फीचर का लाभ भी मिलेगा। रेलटेल के अधिकारियों के अनुसार, भारतीय रेलवे नेटवर्क में मुफ्त कैप्टिव वाई-फाई पोर्टल का मुद्रीकरण किया जा रहा है। सोमवार को इस एप को लॉन्च कर दिया जाएगा, जिसका फायदा देशभर के लोग ले सकेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### दो बौद्ध भंते सहित तीन हुए जहरखुरानी का शिकार

**मथुरा।** सुरीर कोतवाली कोतवाली क्षेत्र में दो बौद्ध भंते सहित तीन जहरखुरानी का शिकार हुए है। तीनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पहले इन्हें नौहझील सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया, यहां हालत नाजुक होने पर जिला चिकित्सालय मथुरा के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों से बात की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना सुरीर क्षेत्र में तेहरा के निकट पंचशील बुद्ध विहार नाम से बौद्ध धर्म के अनुयायियों का आश्रम है। यहां दो बौद्ध भंते के अलावा एक सेवक रहता हैं। दोनों बौद्ध भंते ज्ञान प्रिय और संघ प्रिय यहां करीब दस साल से ज्यादा समय से रह रहे हैं। बौद्ध भंते ज्ञान प्रिय और संघ प्रिय ने यहां रात को रुके व्यक्ति के द्वारा लाये गए दूध की चाय पी और बेहोश हो गए। सोमवार की सुबह जब कुछ गांव के युवक टहलने के लिए पंचशील बुद्ध बिहार में पहुंचे तो वहां मौजूद दोनों भंते और सेवक बेहोश पड़े थे। मामले की जानकारी मिलते ही भीम सेना के नेता और पूर्व विधायक श्याम सुंदर शर्मा जिला अस्पताल पहुंच गए। भीम सेना के नेताओं ने डॉक्टरों से तीनों के हालचाल लिए। वहीं पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच में जुट गई है।

### गढ़ी झंझारा रोड के साथ लगती कालोनी के लोग दूषित पानी के जमाव के कारण परेशान है

**गन्नौर। गढ़ी** झंझारा रोड के साथ लगती कालोनी की गलियों में दूषित पानी जमा होने की समस्या का समाधान में होने के कारण कारण लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। वार्ड में सीवर समस्या व जल निकासी की समस्या यथावत है जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। कालोनी की गलियों में दूषित पानी की निकासी सड़क के साथ लगते नाले में होती है। इस नाले में खेड़ी के रोड की कालोनियों से आ रहा दूषित पानी भी गिरता है। नाले से पानी को जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा मोटरों के माध्यम से अगवानपुर रोड स्थित ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जाता है। कई बार नाले में गंदगी फस जाती है तो तकनीकी खामियों की वजह से मोटर बंद पड़ने के कारण की निकासी रूक जाती है और नाला ओवरफ्लो हा जाता है। इसके अलावा कालोनी में नालियों की सफाई भी नगरपालिका द्वारा नहीं करवाई जा रही है। इस कारण भी नालियां ओवरफ्लो हो जाती हैं और गलियों में दूषित पानी जमा होने लगता है। जिसके बाद लोगों को गलियों में निकलना भी दुश्वार हो जाता है। कई बार दूषित पानी गढ़ी झंझारा रोड पर भी भर जाता है, जिससे सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने दूषित पानी की निकासी की सुद्दढ व्यवस्था करने की मांग करी है।

### नए तहसीलदार मनोज कुमार ने संभाला चार्ज

**गन्नौर।** तहसीलदार रविंद्र हुड्डा के स्थानांतरण के बाद सोमवार को तहसीलदार मनोज कुमार ने अपना पद संभाल लिया है। स्थानांतरित हो चुके तहसीलदार रविंद्र हुड्डा ने अपने स्थान पर आए नए तहसीलदार मनोज कुमार को चार्ज सौंपा और उन्हें बुके भी भेंट किया। इसके अलावा एडवोकेट सुंदर सिंह रापरिया व अन्य वकीलों ने भी तहसीलदार मनोज कुमार का बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद तहसीलदार मनोज कुमार ने कहा कि तहसील में गन्नौर क्षेत्र के लोगों के कामकाज पूरी लगन मेहनत आई ईमानदारी के साथ किए जाएंगे। उन्होंने गिरदावर, पटवारियों व तहसील कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे तहसील में पहुंचने वाले लोगों के कार्य प्राथमिकता के आधार पर करें। यदि फिर भी किसी व्यक्ति को कोई परेशानी आती है तो उनसे सीधा संपर्क कर सकता है।

### कर्नाटक के बाद हरियाणा में भी बनेगी कांग्रेस की सरकार: पांचाल

**गन्नौर: कर्नाटक** में कांग्रेस पार्टी के जीतने पर खुशी जाहिर करते हुए हरियाणा महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कमलेश पांचाल ने कहा कि यह जीत कर्नाटक की जनता, कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की जीत है। कर्नाटक की जनता ने बीजेपी राज में व्याप्त भ्रष्टाचार, महंगाई के खिलाफ वोट दिया है। पांचाल ने कहा कि इन चुनाव परिणामों ने निश्चित कर दिया कि हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी।

हरियाणा में भी कर्नाटक की तरह महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का बोलबाला है। हरियाणा में भी अब लोग बदलाव का मन बना चुके हैं, क्योंकि पिछले 9 साल में बीजेपी-जेजेपी सरकार ने हर वर्ग को निराश करने का काम किया है।

# मेयर पद पर भाजपा की जीत से कार्यकर्ता उत्साहित

## ब्रज क्षेत्र सह मीडिया प्रभारी वीरभान सिंह बोले कार्यकर्ताओं की मेहनत हुई सफल

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

**नगर निगम मेयर** पद के चुनाव में भाजपा को मिली बंपर जीत से कार्यकताओं में उत्साह है। महापौर चुने गए विनोद अग्रवाल ने भी इस जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया है। उन्होंने जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई है। महापौर नगर निगम मथुरा वृंदावन सीट पर एक लाख से ऊपर मतों से विजई होने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। ब्रज क्षेत्र सह मीडिया प्रभारी इंजीनियर वीरभान सिंह चौधरी ने बताया कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर



कार्य करता है। शीर्ष नेतृत्व की बात को मंडल स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता घर घर तक पहुंचा है। यही भाजपा की असल ताकत है। हमारे प्रधानमंत्री भी कार्यकर्ता का सर्वोपरि मानते रहे हैं। जनसंपर्क की दिनचर्या दिन प्रतिदिन रहती है उसी का प्रमाण है भाजपा भारी मतों से विजई होती है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता शेष नेतृत्व के अनुसार प्रतिदिन कार्य करता है। इतना ही नहीं महत्वपूर्ण यह है कि जब भी कार्यकर्ता जमीन पर उतरता है भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को जीत दिला कर ही दम लेता है। मथुरा में सभी महत्वपूर्ण पद इस समय भाजपा की झोली में हैं। कार्यकर्ता प्रत्येक घर घर जनसंपर्क करता है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करता है। लाभार्थियों से संपर्क करता है। सेक्टर संयोजक रवि कुंतल एवं संदीप चैधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा मिशन है जिसमें प्रतिदिन कार्यकताओं से जनता जनार्दन का मेल होता है। सुबह शाम कार्यकर्ता घर घर जाकर मिलते हैं बूथ से लेकर सेक्टर तक हमारी 25 से 30 लोगों की कमेटी है जो दिन रात काम करते हैं।

# महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती पर उठी राजकीय अवकाश की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**भारतीय किसान** यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने किसानों के मसीहा महात्मा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 12 वीं पुण्यतिथि मनाई। गांव सिहोरा में बाबा टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हवन यज्ञ हुआ और पूर्व सैनिकों का माल्यार्पण कर दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। देवेंद्र कुमार रघुवंशी, पवन चतुर्वेदी ने पूर्व सैनिकों का सम्मान किया। सूबेदार रमन सिंह, सूबेदार मुन्नालाल, सूबेदार रामवीर सिंह, सूबेदार चंद्रपाल, सूबेदार श्रीचंद, हवलदार शिव गणेश, दिनेश फौजी, हवलदार अरुण कुमार, सूबेदार रमेश, इंस्पेक्टर बच्चों सिंह, सूबेदार देवेंद्र सिंह, हवलदार सुरेश, हवलदार भूरी सिंह, सूबेदार भगवान सिंह, सूबेदार मोहन सिंह आदि को सम्मानित किया गया। पवन चतुर्वेदी ने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत किसानों और मजदूरों के सच्चे हितेषी थे। जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। वह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं। किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती व पुण्यतिथि पर केंद्रीय राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।

मथुरा महानगर के किसी भी प्रमुख चौराहे पर किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा स्थापित की जाए। इस मौके पर निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष राकेश चैधरी पंडित मोनू गौतम मलखान सिंह लखन करतार सिंह राजवीर सिंह नेताजी रामवीर सिंह नाहर सिंह गोविंद लक्ष्मी आदि मौजूद थे।

# संस्कृत भाषा को जन जन की भाषा बनाने के लिए मथुरा में होंगे विभिन्न कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**संस्कृत** भारती ब्रज प्रान्त मथुरा महानगर की बैठक संस्कृत भारती ब्रज प्रान्त कार्यालय केशव भवन पर सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संस्कृत भारती ब्रज प्रान्त संगठन मंत्री नरेन्द्र भागिरथी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मथुरा वृन्दावन नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर विनोद अग्रवाल का सम्मान किया गया। बैठक का मुख्य विषय 22 मई से 29 मई तक आयोजित प्रबोधन वर्ग को सफल बनाने एवं संस्कृत भारती के वार्षिक समर्पण निधि में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ कर संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार में सहभागिता सुनिश्चित करना। बैठक में प्रमुख रूप से संस्कृत भारती ब्रज प्रान्त न्यास अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, सचिव गंगाधर अरोड़ा, संस्कृत भारती ब्रज प्रान्त मंत्री धर्मेन्द्र अग्रवाल, सहमंत्री गौरव गौतम, कार्यालय प्रमुख हरस्वरूप यादव , महानगर अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, महानगर मंत्री मुरलीधर चतुर्वेदी, महानगर कोषाध्यक्ष योगेश उपाध्याय आवा, महानगर सहमंत्री भगत सिंह आर्य, महानगर प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी शास्त्री पूर्व पार्षद , महानगर सम्पर्क प्रमुख संदीप चौधरी, महानगर पत्राचार प्रमुख अरुण आचार्य, महानगर शिक्षण प्रमुख हरिश्चंद्र, महिला शिक्षण प्रमुख आरती राजपूत,सह प्रमुख कोमल वर्मा, अनुष्ठान प्रमुख पं मोहिताचार्य, डा जगदीश शर्मा, पंकजकृष्ण, अतर सिंह चौधरी संस्कृत भारती मथुरा महानगर के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बेसहारा गोवंश की समस्या के समाधान में विफल रही शहर की सरकार

**पानीपत: बेसहारा** गोवंश से हो रहे हादसों कोलेकर निगम प्रशासन को जगाने के लिए 27 अप्रैल को निगम मैं बछड़ा विवाह करवाया कर निगम प्रशासन को इस समस्या का समाधान के लिए अल्टीमेटम दिया गया था लेकिन दिए गए निर्धारित समय के बावजूद भी जिला प्रशासन द्वारा कोई भी सकारात्मक कार्य इस दिशा में नहीं किया गया।

10 अप्रैल को सांड की चपेट में आने से 19 वर्षीय जगप्रीत गंभीर अवस्था में दुर्घटनाग्रस्त हुआ और आज भी वह कोमा में है इससे पहले भी कई हादसे इन बेसहारा गोवंश के चलते शहर में हुए हैं लेकिन शहर की सरकार जब कोई हादसा होता है तब रोना पीटना करती है और उसके बाद मेयर और अधिकारियों के आंसू सूख जाते हैं।

# भाजपा में दिग्गजों के लिए मुश्किल खड़ी कर गया निकाय चुनाव

## 13 में से चार नगर पंचायतों पर ही जीत कर सकी भाजपा, गोकुल में रिपीट हुए संजय दीक्षित नहीं तो और बुरी होती हालत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**नगर निकाय** चुनाव दिग्गजों के लिए मुश्किल खडी कर गए हैं। मथुरा जनपद की 13 नगर पंचायतों में से मात्र चार में ही भाजपा जीत दर्ज कर सकी है और नौ में हार का सामना करना पडा है। गोकुल नगर पंचायत में संजय दीक्षित रिपीट हुए हैं। उन्होंने लगातार दूसरी बार गोकुल नगर पंचायत पद पर जीत हासिल कर रिकॉर्ड बनाया है। संजय दीक्षित जीत हासिल नहीं कर पाते तो आंकड़े और खराब होते। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चुनाव परिणाम आने के बाद हार के कारणों की समीक्षा जरूर होगी और जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। पहली बार विधायक बने ठाकुर मेघश्याम की यह पहली अग्नि परीक्षा थी जिसमें वह खरे नहीं उतरे गोवर्धन क्षेत्र में भाजपा के विधायक ठाकुर मेघश्याम का जादू नहीं चल सका है। गोवर्धन नगर पंचायत में निर्दलीय प्रभादेवी को जीत मिली है। हालांकि राधा कुंड में भाजपा से रामफल मुंशी और सौंख नगर पंचायत में भाजपा से योगेश नंबरदार जीते हैं। भाजपा विधायक पूरन प्रकाश के बलदेव विधानसभा क्षेत्र की बलदेव नगर पंचायत में भाजपा को करारी हार मिली है। राया में भाजपा प्रत्याशी चुनौती ही पेश नहीं कर सके। विधायक राजेश चैधरी भी मांट विधान सभा से चुनाव जीत कर पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं वह भी अपने क्षेत्र की बजना नगर पंचायत की सीट नहीं जिता सके। भाजपा के खाते में एक नगर निगम, एक नगर पालिका और चार नगर पंचायत गई हैं। पार्टी का पूरा फोकस नगर निगम सीट पर था। खुद मुख्यमंत्री ने भी मथुरा के सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज के मैदान पर भाजपा के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे थे। इसके बाद भी नगर पंचायतों में भाजपा का जादू नहीं चल सका। राष्ट्रीय लोकदल, एक आम आदमी पार्टी और एक बसपा ने भी एक एक नगर पंचायत जीती हैं। आधा दर्जन

# एसडीएम ने सरकारी विभागों का किया औचक निरीक्षण

## एसडीएम ने गैरहाजिर अधिकारी व कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के भी दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**सोमवार को** लघु सचिवालय में स्थित सभी कार्यालय काएसडीएम डा. अनुपमा मलिक ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लगभग सभी विभागों में अधिकारी और कर्मचारी नदारद मिले। अधिकारियों व कर्मचारियों के गैरहाजिर मिलने पर एसडीएम ने जहां सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया तो वही 1 दिन का वेतन काटने के भी आदेश जारी किए। एसडीएम डा. अनुपमा मलिक ने अपने औचक निरीक्षण की शुरूआत सबसे पहले अपने कार्यालय से



की जहां सुपरिटेंडेंट नदारद मिले। इसके बाद एसडीएम तहसील पहुंची तो वहां तहसील में भी नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम ने इसके बाद शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय का भी निरीक्षण किया तो वहां भी खाली कुर्सियां अधिकारी और कर्मचारियों का इंतजार करती मिली। अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही पर एसडीएम सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही सभी गैर हाजिर अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का भी आदेश दिया। -

**लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : डा. अनुपमा**

**एसडीएम** डा. अनुपमा मलिक ने बताया कि किसी भी कर्मचारी की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कई कर्मचारियों ने समय पर कार्यालय न पहुंचने की आदत बना रखी है। ऐसे कर्मचारियों को सुधारने के लिए आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिससे जनता को सरकारी कार्यालय में आने पर किसी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

### आमदनी बढ़ाने के लिए बागवानी को अपनाएं किसान डॉक्टर सुनील



**गन्नौर: बागवानी** क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को उद्यान विभाग द्वारा घसौली गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में बागवानी विकास अधिकारी डॉ सुनील कुमार ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार बागवानी क्षेत्र का विस्तार करने के उद्देश्य से कल्याणकारी अनुदान योजनाओं जैसे बाग लगाने सब्जियों की खेती करने, फूलों की खेती, लकड़ी के बास पर सब्जी की खेती, टनल मधुमक्खी पालन ,मशरूम उत्पादन औषधियों के पौधे अथवा सुगंधित पौधे आदि पर अनुदान योजनाएं दी जा रही है । इसके साथ-साथ भावांतर भरपाई योजना, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना ,मेरा पानी मेरी विरासत ,प्राकृतिक खेती व विभिन्न योजनाओं पर किसानों को अनुदान देने का प्रावधान है । डॉक्टर सुनील ने बताया कि किसान इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए बागवानी विभाग के कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं । इस अवसर पर विभाग के कर्मचारियों द्वारा किसानों को भी बात की विभिन्न 15 योजनाओं संबंधित जानकारी वितरित की । इस मौके पर किसानों ने बागवानी विभाग से संबंधित अन्य जानकारियां भी अधिकारियों से प्राप्त की ।

### फर्जी जमानत प्रपत्र तैयार कराने में गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। फर्जी** जमानत प्रपत्र तैयार कर न्यायालय को धोखा देने के उद्देश्य से कूटरचना करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीन दिसम्बर 2021 को जुगल किशोर पाण्डेय पुत्र किशनलाल पांडेय निवासी पाण्डेय गली महावन थाना महावन ने वरिष्ठ सहायक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्याय कक्ष 07 मथुरा ने बाबत अभियुक्त गण द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 61, 2021 धारा 21, 22 एनडीपीएस एक्ट थाना जमुनापार मथुरा में अभियुक्त विनोद पुत्र रघुवर के फर्जी जमानत प्रपत्र तैयार कर न्यायालय को धोखा देने के उद्देश्य से कूटरचना करते हुए जमानत प्रपत्र को असल के रूप में प्रयोग करने के सम्बन्ध में विनोद पुत्र रघुवर, अज्ञात के विरूद्ध प्राप्त हुआ। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर धारा 420, 467, 468 व 471 आईपीसी में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# अब अधिकारियों को ज्ञापन देने से परहेज करेगी भाकियू

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**भाकियू अराजनैतिक** अब अधिकारियों को ज्ञापन देने से परहेज करेगी। संगठन का आरोप है कि अधिकारी ज्ञापनों पर संज्ञान नहीं लेते हैं, ऐसे में इस प्रक्रिया को कोई लाभ नहीं है। अब सीधे अधिकारियों से संवाद स्थापित किया जाएगा और अपनी मांगे रखी जाएंगी। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने धूमधाम से संगठन का स्थापना दिवस मनाया। किसान मसीहा स्व. बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत को पुण्यतिथि के अवसर पर नमन किया। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने बताया कि बाबा महेन्द्र से टिकैत किसानों के



सच्चे मसीहा थे हम उन्ही के पदचिन्हों पर चलते हुए किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। आज ही के दिन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की स्थापना की गई थी। उसी दिन से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का एक एक सिपाही सच्चे मन से किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहा है।

स्थापना दिवस के मौके पर निर्णय लिया गया है कि अब अधिकारियों को कोई ज्ञापन नहीं दिया जाएगा, किसानों के हर मुद्दे पर अधिकारियों से सीधा संवाद किया जाएगा।

अधिकारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सभी की सहमति से निर्णय लिया गया है कि 22 मई को मंडल के चारों जनपदों से एक एक सैकडा कार्यकर्ता लखनऊ जाकर प्रदर्शन करेंगे। जिला अध्यक्ष मथुरा सोनवीर चैधरी उदयवीर सरपंच, लाल सिंह तोमर, अर्जुन सिंह प्रधान, कुलदीप चैधरी, राधेश्याम कुंतल, तहसील अध्यक्ष गोवर्धन राजेश शर्मा, हरपाल चैधरी, देवी सिंह, विनोद सोलंकी, दुर्ग सिंह उर्फ पप्पू रणवीर सिंह, साहब सूबेदार, योगेश, रामकुमार, सुरेश हवलदार, कुलदीप चैधरी, विनोद सोलंकी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया

## स्कूल के प्रधानाचार्य इंदर नाथ सिन्हा ने की पौधारोपण अभियान की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**रौनक पब्लिक स्कूल** बीएसटी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण रक्षा जीवन सुरक्षा अभियान के तहत पौधारोपण किया । पौधारोपण अभियान की शुरूआत स्कूल के प्रधानाचार्य इंदर नाथ सिन्हा ने की। प्रधानाचार्य इंद्रनाथ ने सभी स्वयंसेवकों को यह संदेश दिया कि हम सभी का यह कर्तव्य है कि पृथ्वी पर पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। एक स्वयंसेवक एक पौधा थीम के



अंतर्गत स्वयंसेवकों को अपने द्वारा लगाए गए पौधे की सुरक्षा का दायित्व बोध होगा और इस प्रकार पौधों के सुरक्षित रहने से पर्यावरण हरा.भरा होगा। वहीं स्वयंसेवकों की इस पहल से दूसरे विद्यार्थियों और लोगों को भी इस प्रकार कदम उठाने की प्रेरणा मिलेगी जिससे यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत सिंह ने बताया कि रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा समय समय पर परिसर में इस तरह के वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसी का परिणाम है कि स्कूल में सुंदरता व हरियाली देखते बनती है। सीटीयू हरजीत कौर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक व्यक्ति विशेष के प्रयासों से संभव नहीं हो सकता है। इसके लिए सभी लोगों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति जब इसे अपना दायित्व समझेगा तभी इसकी वास्तव में पर्यावरण संरक्षण की संकल्पना साकार हो सकेगी। स्कूल के अन्य शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सभी स्वयंसेवकों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षक सम्मान समारोह 32 स्कूलों के 130 शिक्षकों को सम्मानित किया

### 8 कॉलेज के डायरेक्टर डॉ राजेश गर्ग ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि यह शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी पहल है

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**दिल्ली इंस्टिट्यूट** ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें शहर व ग्रामीण क्षेत्र के 32 स्कूलों के 130 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ राजेश गर्ग ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि यह शिक्षा के क्षेत्र में अनूठी पहल है तथा सभी



शिक्षकों का चयन प्रिंसिपल तथा साथी शिक्षकों के सर्वे द्वारा किया गया । वर्ल्ड क्लास कोच संजय बंसल ने बताया कि विद्यार्थियों को नई टेक्नोलॉजी स्किल्स बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बनी फैक्ट्रियों में दी जाएगी । जिससे सभी विद्यार्थी पढ़ते हुए कॉर्पोरेट इनोवेशन सेंटर के तहत कमाई भी कर सकेंगे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राधेश्याम शर्मा एक्स वाइस चांसलर जीजेयू हिसार एवं सीडीएलयू सिरसा ने सभी शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति तथा बच्चों के प्रति उनके रवैए को माता-पिता के सामान रखने को कहा , सभी शिक्षकों ने ऐसा करने का वादा भी किया।

# सोनू भारद्वाज ने बॉडी बिल्डर मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता में जीता खिताब






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर दिल्ली निवासी सोनू भारद्वाज ने मिस्टर इंडिया-2023 के बॉडी बिल्डर प्रतियोगिता में 75 किलोग्राम वजन केटेगिरी में विजयी रहे और उन्होंने ओवर आल गोल्ड चैंपियन ऑफ चेम्पियन का खिताब जीता। यह प्रतियोगिता 11 मई को दिल्ली के मयूर विहार में हुई। जिसमें 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विजयी सोनू भारद्वाज के सम्मान समारोह में सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने पहुँच शुभकामनाएँ दी। नवीन त्यागी ने इस अवसर पर कहा कि सोनू भारद्वाज हमारे क्षेत्र की शान हैं, जिन्होंने यह बड़ी प्रतियोगिता मिस्टर इंडिया 2023 में प्रथम स्थान पाया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी अनेक प्रतियोगिता में इन्होंने पदक जीत कर खेल प्रतियोगिता में परचम फहराया है। उन्होंने कहा कि सोनू भारद्वाज खुद तो खेलते ही हैं साथ ही अपने कौशल व अनुभव के द्वारा बॉडी बिल्डिंग में रुचि रखने वाले व इसी खेल में अपना कैरियर बनाने वाले अन्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के साथ उनकी ट्रेनिग दे, उन्हें तैयार भी कर रहे हैं, जो खेल के प्रति उनका लगाव व समर्पण को दिखाता है।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जीवनी से युवा लें प्रेरणाः सुमित चौहान

### पृथ्वीराज चौहान के पराक्रम से ही भारत विश्वगुरू थाः चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**क्षत्रिय समाज** के नेता एवं नव युवक उज्वल मंच के अध्यक्ष सुमित चौहान ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान के पराक्रम से ही भारत विश्वगुरू था।
अब हमें युवा पीढी को संस्कृति व संस्कार को जीवित रखकर कार्य करना है।
सर्म्पूण विश्व भारत की तरफ देख रहा है। मातृभूमि व स्वाभिमान की रक्षा के लिए हम हमेशा पृथ्वीराज चौहान को याद



रखेगें। पृथ्वीराज चौहान हमेशा हमारे प्रेरणा स्रोत रहेंगे। सम्राट पृथ्वीराज चौहान वंश के हिंदू क्षत्रिय राजा थे। उत्तर भारत में 12 वीं सदी के उत्तरार्ध में उन्होंने अजमेर और दिल्ली पर राज किया था।
सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्म साल 1166 में अजमेर के राजा सोमेश्वप चौहान के घर हुआ था। बचपन में ही कुशल योद्धा रहे सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने युद्ध के कई गुण सीख थे। बाल्य काल में ही उनके अंदर योद्धा बनने के सभी गुण आ गए थे।

## जागरूक समाज से ही होगा देश का विकासः हरमेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के युवा समाजसेवी हरमेश यादव ने कहा कि जागरूक समाज से ही देश का विकास होगा, इसलिए सभी का जागरूक होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि एक रोटी कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाओं, क्योंकि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी शिक्षित बने और विकास की ओर अग्रसर हो जाये।
उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेड़कर ने भी कहा था कि शिक्षित बनों, संघर्ष करो, जागरूक रहो तभी आप लोगों का विकास हो पायेगा। इसलिए हमें उपरोक्त



बातों पर ध्यान देते हुए आगे बढ़ना है और समाज को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एकता में बल होता है, इसलिए हम सभी को संगठित होकर रहना है, तभी हम और अधिक विकास कर सकते है।



राजपूत क्षत्रिय एकता मंच बख्तावरपुर दिल्ली के पदाधिकारी महाराणा प्रताप जयंती पर एडवोकेट अमन कुमार को सम्मानित करते हुए।

# शालीमार बाग और पीतमपुरा में ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी ने चलाया जागरूकता अभियान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ज्ञान आधार** वेलफेयर सोसायटी के द्वारा शालीमार बाग और पीतमपुरा के पास सीए ब्लॉक के स्लम इलाको में मदर्स डे और पोषण माह मनाया। बच्चों में कुपोषण के समाधान पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। बच्चों व माताओं को नए वस्त्र वितरित किए गए। सभी को पोषाहार सामग्री परोसी गई। स्कूल प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम को लेकर बच्चों द्वारा रैली भी निकाली गई। संस्था के सदस्य इसको लेकर डोर टू डोर कैंपेन शुरू कर रहे है और लोगों को स्कूल प्रवेश प्रक्रिया और पोषण और अध्ययन के महत्व के बारे में बता रहे है। कार्यक्रम में लगभग 70 माताओं और बच्चों ने भाग लिया। प्रमुख महिला सामाजिक कार्यकताओं में मीनू डुडेजा, करुणा आहूजा, वीनू विज, रिद्धि, संजलि, उषा और आशा झा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



वार्ड–18 जहांगीरपुरी के जे ब्लॉक स्थित एमसीडी ऑफिस पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के अथक प्रयास से दिल्ली नगर निगम की योजना के तहत जरूरतमंद गरीब रेहड़ी–पटरी वालों के रोजगार एवं सहायता हेतु लोन फार्म भरे गए। इस मौके पर रमेश शर्मा, अनुज सिंह, प्रदीप गोयल, मन्नू प्रधान, नौशाद व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सभी को पौधारोपण अवश्य ही करना चाहिएः अनिल यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेवा** से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।
उक्त बातें मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी अनिल यादव ने कही। समाजसेवी अनिल यादव ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए।
उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक



उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की रक्षा करते है।
उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे लगाना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि पौधारोपण करें।



जहांगीरपुरी वार्ड का निरीक्षण करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

## हिन्दुओं को पलायन करवाने का रचा जा रहा है षड़यंत्रः जय भगवान गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूनाईटेड** हिन्दू फ्रंट ने आम लोगों की समस्याएं जानने और सुनने के लिए शहरी पंचायतों के आयोजन की मुहिम शुरू कर रखी है। जिसके तहत श्री राधा कृष्ण मंदिर, बी ब्लॉक, बृजपुरी, मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में शहरी पंचायत का आयोजन किया गया।
जिसमें यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता, भारतीय जनता पार्टी जय भगवान गोयल ने 2:30 घंटे बैठकर क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों ने बताया कि आए दिन हमारी बहन-




बेटियों को बहलाकर, फुसलाकर लड़के यहां से भगाकर ले जा रहे हैं। गलियों में कई-कई मंजिले अवैध निर्माण करके बाहरी लोगों को थोक के भाव यहां बसाया जा रहा है, काम धंधा व स्कूल कॉलेज में जाने वाली लड़कियों को आए दिन इन लोगों की बदतमिजी का सामना करना पड़ रहा है।

## रियल टाइम सोर्स अपोरशंमेंट स्टडी पर की गई गहन चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए दिल्ली सचिवालय में रियल टाइम सोर्स अपोरशंमेंट स्टडी पर चर्चा के लिए राउंड टेबल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस राउंड टेबल कांफ्रेंस के दौरान डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग, टेरी, डीआरआईआईवी, सीएसई, एमसीडी के साथ हरियाणा और उत्तर प्रदेश प्रदूषण कण्ट्रोल बोर्ड के अधिकारी भी शामिल रहे।

## मजलिस पार्कः निखिल एजुकेशन पॉइंट के छात्रों ने किया टॉप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हर** वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मजलिस पार्क स्थित निखिल एजुकेशन पॉइंट के बच्चों ने 100 में से 100 अंक लाकर क्षेत्र में ना केवल निखिल एडुकेशन पॉइंट का मान बढ़ाया बल्कि मजलिस पार्क क्षेत्र का भी नाम रोशन किया।
NEP की छात्रा रिचा कपूर ने इकोनॉमिक्स में 100 में से 100, व्यवसायिक अध्ययन मे 100 में से 99, एकाउंट्स में 100 में से 97, इंग्लिश में 100 में से 96 व मैथ्स में 100 में से 90 अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।



ज्ञात हो कि हर वर्ष गणित में ,विज्ञान में, सामाजिक ज्ञान जैसे विषयों में निखिल एजुकेशन पॉइंट के बच्चे 100/100 प्राप्त करते रहे हैं। इस वर्ष रिचा कपूर के अलावा 10 वीं कक्षा में आर्यन जिंदल ने मैथ्स मे 97/100, प्रीति परिख ने मैथ्स में 96/100, नमन ठुकराल ने 96/100, आशिमा जैन ने मैथ्स व साइंस में 95/100, भूमि गोयल ने मैथ्स में 95, उन्नति गुप्ता ने मैथ्स में 96 व साइंस में 92 , इयांश ने मैथ्स में 93 , दिव्या भारद्वाज ने साइंस में 95, कनिष्का अग्रवाल व अक्षिता ने साइंस में 93 , सुहानी जैन ने साइंस में 92 व कई छात्रों ने 80+ अंक प्राप्त कर संस्था को गौर्वांवित किया।

## 'रक्तदान करने से नहीं आती है शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्तदान** महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उक्त बातें विशाल कपाही ने कही। श्री कपाही ने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

# मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ एमसीएफ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव) प्रदेश के** परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज सोमवार को बल्लभगढ़ नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मौके पर मौजूद लोगों की समस्याओं को भी सुना और तुरंत समाधान करने के आदेश दिए परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को प्रॉपर्टी आईडी सहित पानी की समस्याएं, टैक्स जमा इत्यादि कार्य कराने संबंधी कार्यों को समय पर निपटाने के दिशा निर्देश भी दिए। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत चले हुए विकास कार्यों की बारे में भी समीक्षा की। समीक्षा बैठक में एक्सईएन पद्म भूषण,



एसडीओ अमित कुमार एवं जेटीओ सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने नगर निगम के जेटीओ को दिशा निर्देश दिए हैं कि किसी भी व्यक्ति को प्रॉपर्टी आईडी बनवाने किसी भी प्रकार के टैक्स जमा कराने में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों का आदेश दिए हैं कि मोहना रोड, तिगांव रोड, मलेरना रोड, मिल्क प्लांट रोड सहित सभी मुख्य मार्गों के साथ बनी बड़ी नालियों की जेसीबी के माध्यम से सफाई कराई जाए ताकि आने वाले बरसात के समय में शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या नहीं आए। उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वे सभी वार्ड के अंदर पूरे हो चुके कार्य और जहां कहीं कार्य अधूरे पड़े हैं उन सभी की रिपोर्ट तैयार करें ताकि भविष्य में होने वाले विकास कार्यों के बारे में एस्टीमेट बनवा कर कार्यों को कराया जा सके। उन्होंने पीने के पानी की व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने की बात कहते हुए कहा कि अधिकारी यह जांच करें कि समय पर लोगों को मीठा पानी मिल रहा है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि सभी ट्यूबलो को चेक करें और जो ट्यूबवेल किसी भी प्रकार की कमी के कारण बंद है। उन्हें तुरंत प्रभाव से चालू कराएं। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों से विचार-विमर्श किया कि सीही सेक्टर-8 से सेक्टर-3 होकर निकलने वाले गंदे नाले के सौंदर्यीकरण को लेकर के भी रूपरेखा तैयार करें। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा में किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल्द ही बल्लभगढ़ के पंजाबी वाडे में सड़कों के कार्य एवं जर्जर हो चुके सामुदायिक भवन की नई इमारत के कार्य की आधारशिला रखेंगे। वहीं परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश की सरकार आमजन को लाभ पहुंचाने के लिए जमकर विकास कार्य करा रही है। इस मौके पर भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य बृजलाल शर्मा, सीएम विंडो से सदस्य पारस जैन, मार्किट के प्रधान प्रेम खट्टर भी मौजूद रहे।

# अकादमिक उत्कृष्टता से तैयार होंगे भविष्य के नागरिकः प्रो. कुठियाला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**हरियाणा** उच्च शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बृजकिशोर कुठियाला ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थान का सृजन अहम दायित्व है।
अकादमिक उत्कृष्टता से ही भविष्य के लिए आदर्श नागरिक तैयार किए जा सकते हैं। यह दायित्व उच्च श्रेणी के शिक्षण संस्थान ही निभा सकते हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय समाज की इन्हीं कल्पनाओं को साकार कर रहा है। वह विश्वविद्यालय में 'उत्कृष्ट संस्थान निर्माण में अकादमिक प्रशासन तथा उत्तरदायित्व का महत्व' विषय पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। श्री विश्वकर्मा कौशल विद्यालय में पहुंचने पर



कुलपति डॉ. राज नेहरू, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश अग्रवाल, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल और आईआईएलएम यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. सुजाता शाही ने प्रो. कुठियाला का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर प्रो. बृजकिशोर कुठियाला ने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता और प्रबंधन किसी भी उच्च शैक्षणिक संस्थान के लिए महत्वपूर्ण हैं। शिक्षण संस्थान को बनाना रचनात्मक सृजन है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू को इस अद्भुत सृजन के लिए उन्होंने बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### संघ लोक सेवा आयोग और हरियाणा लोक सेवा आयोग की 2023 की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर रहे प्रशासन व पुलिस मुस्तैद

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव) हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिला फरीदाबाद में आयोजित होने वाली संघ लोक सेवा आयोग और हरियाणा लोक सेवा आयोग की 2023 की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर प्रशासन व पुलिस मुस्तैद रहे। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि जिला में संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी और हरियाणा लोक सेवा आयोग/ एचपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षाओं को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करें। उन्होंने परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए आयोजन के लिए प्रदेश में यूपीएससी परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए फरीदाबाद और गुरुग्राम के तथा एचपीएससी के लिए फरीदाबाद सहित अन्य छः जिलों के डीसी और संबंधित अधिकारियों को परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए टिप्स देकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम सिंह ने फरीदाबाद जिला के परीक्षा केन्द्रों में तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला में एचपीएससी के 89 और यूपीएससी के 59 बनाए परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। डीसी विक्रम ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है। जिसमें सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी और हरियाणा लोक सेवा/ एचपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने एसडीएम कम परीक्षाओं के नोडल अधिकारियों को परीक्षा के के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि लिखित परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर लें। निर्धारित समय से पहले परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल, बिजली, जैमर, शौचालयों आदि तमाम सभी व्यवस्था पूरी कर लें। वहीं परीक्षाओं की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्र वार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां सुनिश्चित करें। लिखित परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अन्य अधिकारियों द्वारा सभी ऑफिसर एवं मजिस्ट्रेट को जरूरी दिशा निर्देश दे दें। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की हिदायतों के अनुसार परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी रहे। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ओपी नरवाल ने वीडियो कान्फ्रेंस में बताया कि परीक्षा केन्द्रों और अन्य अधिकारियों के लिए पुलिस फोर्स की ड्यूटिया लगा दी जाएंगी। परीक्षा केन्द्रों पर महिला पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाई जाएंगी। विडियो कान्फ्रेंस में डीसी विक्रम सिंह, एडीसी अपराजिता, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम अमित मान, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी, जिला खजाना अधिकारी संजय सिंह छोक्कर, तहसीलदार नेहा सारण सहित अन्य ऑफिसर उपस्थित रहे।

### धार्मिक कार्यों में निस्वार्थ भाव से सहयोग करना चाहिएः देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**धार्मिक** कार्य करने वाले के लिए भगवान भी सहयोग करते है, क्योंकि जो निस्वार्थ भाव से काम करता है, उससे भगवान भी सहयोग करता है। यह बात गन्नौर से बेगा रोड पर स्थित निर्माणधीन श्री श्री 108 विराग दास महाराज बाबा कुटिया में देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर एवं मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन देवेंद्र कादियान ने अपने सम्मान के दौरान कही। देवेंद्र कादियान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में शामिल होने से महात्माओं व गुरुओं का अटूट आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसे धार्मिक कार्यों में हर व्यक्ति को आगे बढ़कर तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। जिससे उसे मन की शांति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि देवा सोशल वेलफेयर ने गत दिनों पहले क्षेत्र में 10 मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू की है। जिनका जरूरतमंद लोगों को काफी फायदा मिल रहा है। समय रहते मरीज को अस्पताल में इलाज मिल जाता है। वहीं, बाबा कुटिया के सेवादार रोशनदास ने कहा कि धार्मिक कार्यों में सहयोग देने वाले सज्जन पुरुष होते है। इस अवसर पर रामगोपाल बेगा, श्यामलाल, मदन, जोगीराम, इकबाल, धर्मबीर, आकाश आदि मौजूद रहे।

## महिला मोर्चा अध्यक्ष वनाथी श्री निवासन का पंचकूला में स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**पंचकूला।** भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन आज पंचकूला पहुंची। उनका महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लतिका शर्मा, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता एवं अन्य महिलाओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वनाथी श्रीनिवासन ने महिला मोर्चा की एक पदाधिकारी बहन रश्मि के आवास पर जाकर शोक प्रकट किया।

# उद्योगों पर सख्ती नहीं बल्कि प्रदूषण पर नियंत्रण हमारा उद्देश्य: एमएम कुट्टी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**औद्योगिक** इकाइयों पर सख्ती करना हमारा मुख्य उद्देश्य नहीं बल्कि इस संपूर्ण क्षेत्र में वायु गुणवत्ता का सुधार हमारा लक्ष्य है। आयोग द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु जो भी सख्त कदम उठाएं जा रहे हैं, वे सर्जन के हित में हैं। आयोग किसी भी उद्योग के खिलाफ नहीं है। परन्तु सभी औद्योगिक इकाइयों को आयोग दारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन हेतु जो भी दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, उनका पालन अवश्य करना होगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के चेयरमैन डॉ. एमएम कुट्टी ने आज सोमवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित




एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायु प्रदूषण, वृक्षारोपण तथा वायु गुणवत्ता प्रबंधन पर आयोजित वर्कशॉप में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक संघों द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. एमएम कुट्टी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव ने उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट के बढ़ते दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए लोगों को जागरूक करने की दृष्टि से इस वर्कशॉप का थीम "बीट द प्लास्टिक" रखा गया है। प्रभावशाली कचरा प्रबंधन ही बढ़ते प्रदूषण की समस्या का समाधान है। तथा इस कार्य में आमजन का योगदान सबसे महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त उद्योगिक संघों से जुडें लोगों ने द्वारा सरकार के स्तर पर जो मांग की गयी हैं, उनको सरकार को भेज कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। वर्कशॉप में ओपन हाउस चर्चा के सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्र से जुडें गणमान्य लोगों ने उपस्थित लोगों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए। वर्कशॉप में भारत सरकार में संयुक्त सचिव अरविंद नौटियाल फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, पलवल इंडस्ट्रियल असोसिएशन के वरिष्ट उपाध्यक्ष सुनील मंगला, सेंटर फॉर साइंस से पार्थ कुमार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के ईंट भट्टा संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में प्रवक्ता के रूप में लोगों के साथ अपने विचार साझा किये। बीट द प्लास्टिक थीम पर चित्रकला तथा एसए राइटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन कार्यक्रम की थीम बीट द प्लास्टिक पर चित्रकला तथा एसए राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। जिसमें विभिन्न स्कूलों के करीब 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। तथा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ने विधायक राजेश नागर से लिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। भाजपा** खेड़ी मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश शर्मा ने आज विधायक राजेश नागर को फूलों का गुलदस्ता देकर आशीर्वाद लिया। वहीं नागर ने भी शर्मा को मुंह मीठा करवा कर जीवन में आगे बढने.की प्रेरणा दी। नागर ने कहा कि भाजपा अंत्योदय के मंत्र पर विश्वास रखती है और छोर पर खड़े व्यक्ति तक भी विकास को ले जाने में लगी है। इस कार्य में हमारे कार्यकर्ता प्रमुख स्तंभ है। भाजपा नेतृत्व अपने कार्यकर्ता से मिली रिपोर्ट के आधार पर कार्य



करता है। हमारा मानना है कि कार्यकर्ता ही समाज के साथ पहली कड़ी है जिसके पास जनतंत्र का मंत्र है। विधायक राजेश नागर ने राकेश शर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और कहा कि यही एक दल है जिसमें एक आम कार्यकर्ता पार्टी का अध्यक्ष और मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बन सकता है।

# कैनविन आरोग्य धाम उद्घाटन के साक्षी बने गुरुग्रामवासियों का आभार

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम**
**कैनविन आरोग्य** धाम के उद्घाटन समारोह में हजारों की संख्या में पहुंचे, घरों में बैठकर कार्यक्रम को लाइव देख रहे लोगों का कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल ने आभार जताया है।
उन्होंने कहा कि कैनविन फाउंडेशन हम सबकी सांझी संस्था है। सभी के प्रयासों से कैनविन आगे बढ़ रहा है। जितना कैनविन आगे बढ़ेगा, उतनी ही गुरुग्राम के लोगों को सुविधाएं मिलती रहेंगी। उन्होंने कहा कि जनता की सेहत को सुधारने के साथ सही रखने का भी हमारा प्रयास है। बीमारी के बाद उपचार तो होता ही है, ऐसे प्रयास हों कि हम बीमारियों से ही दूर रहें। इसके लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आह्वान किया। विशेषकर महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर उन्होंने चिंता भी जताई और स्वस्थ रहने के सुझाव दिए। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी ने भी अपने प्रेरणा स्त्रोत वचनों से गुरुग्रामवासियों को आध्यात्मिक के साथ सामाजिक ज्ञान का पाठ पढ़ाया। इसी मंच से पूर्व सांसद, भाजपा संसदीय बोर्ड सदस्य एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव ने कैनविन की कार्यप्रणाली को सत्यापित किया। कैनविन की टीम का हौंसला बढ़ाकर गए सभी अतिथियों का उन्होंने ह्दय की गहराईयों से आभार जताया।
डा. डीपी गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिट इंडिया मुहिम को आगे बढ़ाते हुए हमें खुद को फिट रखने के लिए भी काम करना चाहिए। रोज सुबह उठकर योगा, वॉक करनी चाहिए।

# मानव रचना में तीन दिवसीय साहित्यिक उत्सव लिट दीया 2023 का समापन

## अंग्रेजी विभाग व मीडिया अध्ययन और मानविकी संकाय (एफएमईएच) की ओर से हुआ कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज स्थित मंडाला ऑडिटोरियम में अंग्रेजी विभाग व मीडिया अध्ययन और मानविकी संकाय (एफएमईएच) की ओर से तीन दिवसीय वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक उत्सव लिट दीया 2023 सम्पन्न हुआ। इस वार्षिक कार्यक्रम के जरिए छात्रों को साहित्य की शैक्षिक, मनोरंजक और कौशल कलाओं से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन एफएमईएच निदेशक व अंग्रेजी विभाग की एचओडी डॉ. शिवानी वशिष्ठ और एफएमईएच डीन डॉ. मैथिली गंजू की देखरेख में हुआ।
कार्यक्रम की शुरूआत सभी सम्मानित अतिथियों ने दीप जलाकर की। इसके बाद में बीए (ऑनर्स) अंग्रेजी की छात्रा मनप्रीत कौर ने गणेश वंदना पेश की। डॉ. शिवानी वशिष्ठ ने सभी अतिथियों और छात्रों का फेस्टिवल में स्वागत किया। वहीं डॉ. मैथिली गंजू ने साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2022 जीतने वाले मिहिर वत्स को सम्मानित किया। इस दौरान ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, लिंग्याज, एमिटी यूनिवर्सिटी, केएम पब्लिक स्कूल,



मानव रचना स्कूल सहित कई संस्थानों ने भाग लिया। मौके पर छात्रों के लिए स्पेलेथॉन, कविता पाठ, पेंटिंग, ट्रेजर हंट, लिट दीया आइकॉन और फैशन शो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्रों ने खूब प्रतिभा दिखाई।कार्यक्रम की शुरूआत में बुक टॉक का आयोजन हुआ, जिसमें मिहिर वत्स की अवॉर्ड विनिंग पुस्तक टेल्स ऑफ हजारीबाग - एन इंटिमेट एक्सप्लोरेशन ऑफ छोटानागपुर पठार पर सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमाल्या मुखोपाध्याय ने विस्तारपूर्वक चर्चा की । वहीं मिहिर वत्स ने श्रोताओं के सवालों के जवाब दिए।
इसके बाद गेस्ट लेक्चर हुआ जिसमें हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रोफेसर रोशनलाल शर्मा ने साहित्य और समकालीन समय में रचनात्मकता विषय पर व्याख्यान दिया।
कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन मोड में क्रिएटिव राइटिंग कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें ओलंपिक कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन, यूएसए में अंग्रेजी के प्रोफेसर अर्लीन प्लेविन ने सभी को लेखन की बारीकियां सिखाई। कार्यक्रम के अंत में सिनेमा के माध्यम से साहित्य का पुनरावलोकन" विषय पर पैनल डिस्क्शन आयोजित हुआ जिसमें बतौर पैनलिस्ट गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय दिल्ली से प्रो. विवेक सचदेवा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से डॉ. नंदिनी साहू, देशबंधु कॉलेज डीयू से प्रो. कृष्णन उन्नी पी व पूर्व यूजीसी एमेरिटस फेलो जेएनयू प्रो. हरीश नारंग ने विचार रखे।

# रिवाजपुर में सिर्फ 15 महीने के लिए ही डंपिंग यार्ड को बनाया रहा हैः नगर निगम आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**
**नगर निगम** आयुक्त जितेंद्र दहिया ने बताया कि शहर से प्रतिदिन निकलने वाले करीब 800 मीट्रिक कूड़े के अस्थाई तौर पर निस्तारण के लिए चार अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रिवाजपुर गांव में बनाए जाने वाले अस्थाई डंपिंग यार्ड के लिए गांव के मौजिज लोगों की कमेटी के साथ 13 मई को मीटिंग आयोजित की गई थी। मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, डीसीपी क्राईम मुकेश मल्होत्रा, संयुक्त आयुक्त शिखा आंतिल व नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा गाँव रिवाजपुर से नाहर सिंह चौहान, माला चौहान, हरि दत्त, गाँव नाचोली से पारस भारद्वाज, गांव टिकावली से हरी किशोर, गांव महावतपुर से कंवर सिंह सरपंच, गांव बादशाहपुर से वैभव, गांव देहा से रामकुमार यादव, गांव पलवली से राम कुमार, गांव शेरपुर से जनक, गांव ददसिया से कुलदीप त्यागी, गांव बादशाहपुर से रोहतास नागर, गांव को भूपानी से कुसुम, गांव पलवली से परमार्थि, गांव महावतपुर से रवि चौहान, गांव टिकावली से कृष्ण पाल, गांव शेरपुर से राहुल डागर, गांव महावतपुर से हेमंत, सहित अन्य लोग मौजूद थे। उन्होंने बताया कि इस मीटिंग से पहले 11 व 12 मई को एसीपी स्तर के अधिकारियों की पुलिस व निगम के अधिकारियों की संयुक्त सात टीमें बनाकर आस-पास के गांवों में लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया था। इसके बाद ग्रामीणों की सहमति पर 13 मई को नगर निगम कार्यालय में मीटिंग का



आयोजन किया गया।उन्होंने बताया कि 13 मई की मीटिंग में सभी ग्रामीणों से अनुरोध किया गया कि यह डंपिंग साईट सिर्फ 15 महीने के लिए अस्थाई तौर पर शिफ्ट की जा रही है। जब तक बंधवाड़ी में वेस्ट एनर्जी प्लांट नहीं लग जाता जोकि माननीय एनजीटी के आदेश की पालना में एक साल के अंदर लग जाएगा और गीला कूड़े का निस्तारण सात दिन में ही कर दिया जाएगा। वेस्ट और सूखा कूड़ा छटनी के बाद बंधवाड़ी वेस्ट एनर्जी प्लांट के लिए भेज दिया जाएगा। बंधवाड़ी का कूड़ा किसी भी रूप में रिवाजपुर नहीं आएगा।उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को यह स्पष्ट किया गया था कि यहां सिर्फ एक जोन अर्थात 200 मीट्रिक टन ही कूड़ा आएगा। मीटिंग के दौरान गांव के निवासी व सेव फरीदाबाद फाउंडेशन के सदस्य पारस भारद्वाज ने कहा कि कूड़ा डलने से वायु व जल प्रदूषण होगा। इस पर निगमायुक्त ने बताया कि यहां प्लांट सिर्फ 15 महीने के लिए लगेगा। इस कूड़े का सही ढंग से डिस्पोजल किया जाएगा। इसके लिए पक्का प्लेटफार्म बनेगा और यहां से निकलने वाले गंदे पानी को वाटर टैंकर के जरिए एसटीपी तक ले जाया जाएगा। इस पानी को ट्रीट (शोधन) करने की व्यवस्था भी होगी। इसके साथ ही आस-पास पौधारोपण किया जाएगा और डंपिंग साईट की डबल दीवार की जाएगी। इस पर ग्रामीणों ने सहमति भी जताई थी। गांव के निवासी व कमेटी के सदस्य रोहताश ने यहां स्कूल या पार्क बनाने की मांग रखी। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि यह जमीन गांव की भलाई के लिए है और 15 माह बाद यहां जो ग्रामीण चाहेंगे वही किया जाएगा। इसके साथ ही 10 करोड़ रुपये की राशि भी उन्होंने विकास कार्यों के लिए नगर निगम की तरफ से मंजूर करने का आश्वासन दिया।इसके अलावा ग्रामीणों ने वहां मच्छरों की समस्या पैदा होने की बात कही। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम फौगिंग मशीनें खरीद रही है। इन सभी गांव में अलग से फॉगिंग मशीनें दी जाएंगी। इसके लिए ग्रामीणों व नगर निगम की एक कमेटी बनाई जाएगी।इसके बाद ग्रामीणों ने बताया कि डंपिंग यार्ड तक जाने वाली सडक गांव के बीच से गुजरती है। इस पर निगमायुक्त ने दूसरे रास्ते के विकल्प के बारे में जानकारी मांगी। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि गांव के साईड से दूसरा रास्ता है अगर उस पर एक किलोमीटर की सड़क बनाई जाए तो कूड़े के डंपरों को गांव के बीच से नहीं आना पड़ेगा। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि इसी रास्ते को बनाकर डंपिंग यार्ड के डंपरों के लिए प्रयोग किया जाएगा। गांव के बीच से कोई भी ट्रक नहीं गुजरेगा। इसके साथ ही आस-पास के तीन किलोमीटर में पडने वाले प्रत्येक गांव में दो करोड़ रुपये के विकास कार्य भी करवाने के लिए निगमायुक्त ने सहमति दी। इस मीटिंग में ग्रामीणों ने कहा कि वह अगले पांच दिन में कम से कम आठ एकड़ की दूसरी साईट देखकर बताएंगे। यह जमीन प्राइवेट हो या सरकारी वह बगैर विरोध के वहां डंपिंग यार्ड का काम होने देंगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 16 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### उप्र: राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 21 मई को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस बार 21 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसकी जानकारी रविवार को देते हुए अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेम प्रकाश ने बताया कि 21 मई की सुबह 10 बजे से जनपद न्यायालय, लखनऊ कलेक्ट्रेट एवं जनपद की समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त पारिवारिक न्यायालय एवं मोती महल स्थित मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, लखनऊ में भी लोक अदालत का आयोजन होगा। वादकारीगण जिनके वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन हो, राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वाद निस्तारित कराकर लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि बैंक वसूली वाद, किरायदारी वाद, मोबाइल फोन व केबल नेटवर्क संबंधी प्रकरण, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से सम्बन्धित प्रकरण, ऐसे प्रकरण जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के लिए आपसी सुलह समझौते से निपटाना चाहें, दीवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद, दाम्पत्य सम्बन्धी वाद, प्रीलिटिगेशन स्तर पर, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, चेक बाउंस के मामले, जनोपयोगी सेवाओं तथा वाणिज्य कर से सम्बन्धित प्रकरण आदि मामलों का निस्तारण किया जायेगा।

### मुस्लिम लड़कियों संग घूम रहे युवक को पीटा

**मेरठ।** कोतवाली थाना क्षेत्र की भगत सिंह मार्केट में हिजाब पहनी लड़कियों के साथ घूम रहे युवक को पीटने वालों की पहचान हो गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। हापुड़ अड्डे के पास स्थित भगत सिंह मार्किट का 13 मई का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हिजाब पहनी दो लड़कियों के साथ एक युवक घूम रहा है। अचानक लड़कियां उस हिन्दू लड़के का नाम लेती है तो मार्किट के मुस्लिम लड़के हंगामा कर देते हैं। वीडियो में दिख रहा है कि लड़कियां बार-बार कह रही है कि हम एक ही कंपनी में काम करते हैं और दोस्त हैं। आप गलत समझ रहे हैं, लेकिन मुस्लिम युवकों ने लड़कियों का हिजाब खींचकर कहा कि तुम हिन्दुओं से दोस्ती करोगी। युवक की पिटाई की जाती है। किसी तरह से लड़का और लड़कियां वहां से भाग निकलते हैं। आरोपितों ने उनका काफी दूर तक पीछा भी किया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच बैठा दी है। भाजपा नेता सचिन सिरोही ने भी पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग उठाई। कोतवाली प्रभारी संजय वर्मा के अनुसार, वीडियो के आधार पर 15 लोगों की पहचान हो चुकी है। एक आरोपित तनवीर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित बने वायु सेना के उप प्रमुख

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सोमवार को वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। एयर मार्शल एक योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होने के साथ-साथ एक एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट भी हैं। उन्हें मिग-21, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विभिन्न प्रकार के विमानों को उड़ाने का अनुभव भी है। पिछले 23 सालों से आशुतोष दीक्षित वायुसेना का हिस्सा रहे हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में दीक्षित ने 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3200 घंटे की उड़ान भरी है। उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर और रक्षक में भाग लिया है।

# 'बिहार से जलेगी हिंदू राष्ट्र की ज्वाला'

## बिहार में बागेश्वर बाबा बाः पटना में कहा- भारत में रहना होगा तो सीता-राम ही कहना होगा

**कथा का श्रवण**

**आज विदेश के लोग भी सीता-राम कहते हैं। एक दिन ऐसा आएगा भारत में रहना होगा तो सीता-राम कहना ही होगा**





**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बाबा** बागेश्वर के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने सोमवार को पटना के तरेत पाली मठ में दरबार लगाया। उन्होंने लोगों के नाम की पर्चियां भी निकाली। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हिंदू राष्ट्र की ज्वाला बिहार से जलेगी। आज विदेश के लोग भी सीता-राम कहते हैं। एक दिन ऐसा आएगा भारत में रहना होगा तो सीता-राम कहना ही होगा। बाबा बागेश्वर ने कहा कि बिहार के लोग पिछड़े हुए नहीं हैं, वो भक्ति से भरे हैं। बिहार को समझना है तो यहां कुछ दिन गुजारना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे बाला जी ने हमें ये शक्ति दी है ताकि हम भगवान, संत को नहीं मानने वाले, उन्हें पाखंडी बताने वालों को करारा जवाब दे सकें। एक दिन पहले बाबा ने दरबार कैंसिल करने की बात कही थी। रविवार को ज्यादा भीड़ के चलते उन्होंने इस कार्यक्रम को कैंसिल करने का फैसला लिया था, लेकिन आज अचानक से धीरेंद्र शास्त्री लोगों की समस्याएं सुनने पहुंच गए। इसी दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि बिहार में का बा। बिहार में बागेश्वर बाबा बा। रविवार को 100 से ज्यादा भक्त गर्मी की वजह से बीमार पड़ गए थे। इसके बाद धीरेंद्र शास्त्री ने कथा 15 मिनट पहले खत्म कर दी थी। उन्होंने कहा था कि कल दिव्य दरबार है। कोई अनहोनी न हो जाए, इसकी मुझे शंका है। भीड़ और गर्मी ज्यादा है। इसे देखते हुए दिव्य दरबार को विराम देना पड़ेगा। अगली बार जब आएंगे तो दिव्य दरबार लगाएंगे। उन्होंने कहा कि जो जहां हैं वहीं रहे। घर पर ही टीवी, यूट्यूब के माध्यम से कथा का श्रवण करें। कथा सबके कल्याण के लिए है।

**कल अपील की थी-जो जहां है, वहीं से कथा सुनेः** रविवार को 4 लाख की भीड़ को देखते हुए सोमवार के दिव्य दरबार को कैंसिल करने की घोषणा की गई थी। रविवार को कथा के दौरान करीब 100 लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी। जिसके बाद पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने खुद भक्तों से कथा में आने से मना किया था। लोगों से टीवी पर कथा सुनने का निवेदन किया था। इसके बावजूद भारी भीड़ तरेत पाली मठ में जुट चुकी है। आयोजक समिति का कहना है कि फिलहाल 6 लाख से ज्यादा भक्त मौजूद हैं।

### बिहार जब तक राममय नहीं हो जाता तक आते रहेंगे

**वहीं** बिहार वासियों के उत्साह को देखकर बाबा ने उन्हें "बिहार के पागलों " का नाम दिया है। हनुमंत कथा के दौरान उन्होंने कई बार खुले मंच से बिहार के पागलों कहकर लोगों को संबोधित किया और उनकी जयकारा लगाने की भी बात कही। धीरेंद्र शास्त्री ने यहां तक कह डाला कि उन्होंने कई जगहों पर प्रवचन किया, लेकिन बिहार के लोगों में जिस तरह की भक्ति देखी,वैसी शायद कहीं नहीं देखी और ना कभी देखने को मिलेगी। भक्तों की उमड़ी भीड़ को देखते हुए बाबा ने कहा कि वह बिहार फिर आना चाहेंगे और जब तक राममय नहीं बन जाता, तब तक वे बिहार आते रहेंगे।

### 3 लाख स्क्वायर फीट का जर्मन पंडाल भी पड़ा छोटा

**पटना** जिला प्रशासन ने भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं की थी, जितनी भीड़ बाबा के दर्शन और हनुमंत कथा सुनने के लिए उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के दूसरे दिन गर्मी और धूल-कण का परवाह किए बिना लोग बाबा के दर्शन और हनुमंत कथा वाचन को सुनने के लिए कथा स्थल पर पहुंचे। भीड़ इतनी उमड़ी कि 3 लाख स्क्वायर फीट का जर्मन पंडाल भी छोटा पड़ गया। लोगों की भीड़ को देखते हुए बाबा ने खुले मंच से कई बार लोगों से यह आग्रह किया कि आप यहां कार्यक्रम स्थल पर नहीं आए। उन्होंने कहा कथा का मतलब आनंद आना होता है।

## उत्तर प्रदेश में 80 दिन में 10 बड़े एनकाउंटर



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**यूपी** के बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के 80 दिन बीत चुके हैं। इस दौरान यूपी पुलिस और एसटीएफ ने 10 वांटेड अपराधियों को एनकाउंटर में मार गिराया है। जो अभी भी फरार हैं उन्हें डर है कि कहीं अगला नंबर उन्हीं का न हो। 14 मई की दोपहर यूपी पुलिस ने एनकाउंटर में दो बदमाशों को मुठभेड़ में मार गिराया। एसपी के मुताबिक, इन दोनों बदमाशों ने 4 दिन पहले यानी 10 मई को ड्यूटी में तैनात सिपाही भेदजीत सिंह की हत्या कर दी थी। जालौन में हुए डबल एनकाउंटर की कहानी बताते हैं। 9/10 मई की रात उरई की हाईवे चौकी पर सिपाही भेदजीत ड्यूटी पर थे। तभी उन्हें सूचना मिलती है कि 2 बदमाश फैक्ट्री एरिया में लोहा चोरी कर रहे हैं। इस इनपुट के आधार पर भेदजीत अलर्ट हो गए, वह चौकी के पास ही थे तभी उन्हें बदमाश दिखाई दिए। सिपाही भेदजीत ने उनका पीछा किया। इससे गुस्साए बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में वह बच गए, लेकिन बदमाशों ने उन्हें पकड़कर भारी हथियार से उन पर हमला कर दिया। इसमें भेदजीत की मौत हो गई। जब उनकी बॉडी मिली तब उनके शरीर पर 25 चोटों के निशान थे। पर्स और मोबाइल गायब थे। चौकी पर तैनात सिपाही की हत्या की खबर ने जालौन पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा दिया। जालौन रढ ई राजा ने भेदजीत की हत्या करने वाले बदमाशों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया।

**14 मई को एनकाउंटर से पहले फिर एक इनपुट मिला:** डबल एनकाउंटर पर जालौन के रढ ई राजा ने बताया, "हमें सूचना मिली थी कि दोनों बदमाश उरई के पास फैक्ट्री एरिया में आने वाले हैं। इस आधार पर हमारी टीमें मौके पर पहुंचीं। सबसे पहले हमने इलाके की घेराबंदी की। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात कर दी।" "12 बजे के बाद बदमाश वहां पहुंचे तो हमने उन्हें रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं माने। इस बीच, उरई शिव कुमार राठौर और 2 सिपाहियों ने उनका पीछा किया तो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें रल्ढ के हाथ पर गोली लग गई। जबकि 2 सिपाही बुलेट प्रूफ जैकेट की वजह से बच गए।"



केन्द्रीय गृह मंत्री शाह सोमवार को संसद भवन परिसर में विधायी प्रारूपण पर आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

## हिस्ट्रीशीटर की हत्या का आरोप पत्नी ने ड्राइवर पर लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/मुरादाबाद।**
कुन्दरकी थानाक्षेत्र के गांव बहापुर में संभल के थाना असमोली के हिस्ट्रीशीटर नाजिम (42) की हत्या के मामले में उसकी पत्नी रिहाना की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को गजरौला निवासी राजीव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। क्षेत्राधिकारी बिलारी अंकित कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव बहापुर में गन्ने के खेत में संभल जिले के असमोली निवासी हिस्ट्रीशीटर नाजिम की लाश मिली थी। रेहाना की ओर से मिली तहरीर के मुताबिक, उसके पति नाजिम ट्रक चलाते थे। उसके साथ अमरोहा के जाटव मोहल्ला निवासी राजीव भी ट्रक चलाता था। शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे राजीव उनके पति को घर से बुलाकर अपने साथ ले गया था, जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। रविवार सुबह नाजिम का शव मुरादाबाद के गांव बहापुर में सड़क किनारे गन्ने के खेत में पड़ा मिला था।

**तहरीर**

**शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे राजीव उनके पति को घर से बुलाकर अपने साथ ले गया था**

## निकाय चुनाव में जीत पर व्यापारियों ने मनाया जश्न

**प्रयागराज।** प्रयागराज में नगर निकाय चुनाव को लेकर महापौर गणेश केसरवानी एवं पार्षद के लिए वार्ड 87 से भाजपा के उम्मीदवार युवा पार्षद साहिल अरोरा की जीत पर व्यापारियों ने जश्न मनाया। इस जीत पर प्रयाग व्यापार मंडल व शगुन ग्रुप ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। अकरम ने बताया कि रविवार को चौक बन्द होने के कारण सोमवार को जश्न मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रयाग व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय अरोरा, महामंत्री सोहेल अहमद खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राणा चावला, अरुण केसरवानी और सुशील खरबंदा, अकरम शगुन ने मिलकर मिठाई बांटी।

## थोक महंगाई दर घटकर -0.92 फीसदी पर आई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**खुदरा** के बाद थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में भी गिरावट आई है। अप्रैल में थोक महंगाई दर घटकर 34 माह के निचले स्तर -0.92 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले मार्च में यह 1.34 फीसदी थी, जबकि पिछले साल अप्रैल महीने में यह 15.38 फीसदी फीसदी रही थी। ये लगातार 11वां महीना है, जब थोक महंगाई दर में गिरावट आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में घटकर 34 महीने के निचले स्तर -0.92 फीसदी पर आ गई है। डब्ल्यूपीआई पर आधारित महंगाई दर में लगातार 11वें महीने गिरावट दर्ज हुई है, जो घटकर शून्य से नीचे चली गई है। थोक महंगाई दर मार्च में 1.34 फीसदी थी, जबकि फरवरी में 3.85 फीसदी रही थी। इससे पहले जून, 2020 में थोक महंगाई दर शून्य से 1.81 फीसदी नीचे रही थी। मंत्रालय के मुताबिक खाने-पीने के सामान और ईंधन और बिजली के दामों में गिरावट आने से थोक महंगाई घटी है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों की महंगाई भी अप्रैल में घटकर 3.54 फीसदी रह गई है, जो मार्च में 5.48 फीसदी रही थी। इसी तरह ईंधन और बिजली क्षेत्र की महंगाई अप्रैल में घटकर 0.93 फीसदी रह गई है, जो मार्च में 8.96 फीसदी रही थी। अप्रैल महीने में विनिर्मित उत्पादों की महंगाई घटकर शून्य से 2.42 फीसदी नीचे रही है, जबकि मार्च में यह 0.77 फीसदी थी। अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर 18 महीने के निचले स्तर 4.70 फीसदी पर रही थी।

**सफाई** दरअसल 51 भारतीय कंपनियों को जारी ग्लोबल डिपॉजिट रसीदों (जीडीआर) के बारे में थी

# '2016 से अडानी ग्रुप के खिलाफ जांच की बात निराधार'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अडानी-हिंडनबर्ग** मामले पर सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर कहा कि ये आरोप निराधार है कि सेबी 2016 से अडानी ग्रुप के खिलाफ जांच कर रहा है। याचिकाकर्ता जिस जांच का हवाला दे रहे हैं, वो दरअसल 51 भारतीय कंपनियों को जारी ग्लोबल डिपॉजिट रसीदों (जीडीआर) के बारे में थी। इनमें कोई भी अडानी ग्रुप की कंपनी शामिल नहीं है।

सेबी का कहना है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जिन 12 संदेहास्पद लेन-देन का जिक्र हुआ है, वो काफी जटिल हैं और वो दुनिया के कई देशों से जुड़े हैं। उन लेन-देन से जुड़े आंकड़ों की जांच करने में काफी समय लगेगा। ऐसे में जांच के लिए 6 महीने का समय मांगने के पीछे का उद्देश्य निवेशकों और सिक्योरिटी मार्केट के साथ न्याय करना है। सुनवाई के दौरान 12 मई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए सेबी को अनिश्चितकाल का समय नहीं दिया जा सकता। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि वो सेबी को और छह महीने का समय नहीं दे सकती है। सुनवाई के दौरान सेबी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि मामले में किसी भी परिणाम पर पहुँचने तक के लिए कम से कम छह महीने का समय चाहिए। उन्होंने बताया कि सेबी को 12 संदेहास्पद लेनदेन मिले हैं जिनकी जांच में काफी समय लगेगा। याचिकाकर्ता में से एक के वकील प्रशांत भूषण ने सेबी को समय दिए जाने पर कहा था कि कुछ ट्रांजेक्शन हैं जिनकी सेबी 2016 से जांच कर रही है।

